डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹83100 10 ग्राम
₹96000 01 किलो
सेंसेक्स 74,227.08 +1,089.18
डॉलर 86.264 +0.410

ईश्वर में हमारा विश्वास | सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

चैत्र शुक्ल पक्ष 12, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 09 अप्रैल 2025, वर्ष-31, अंक-172, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 7 साल बाद ताहिरा कश्यप को...

## जल संकट पर हरकत में आया नगर निगम: करोड़ों खर्च करने की तैयारी, लेकिन तालाबों से अतिक्रमण नहीं हटा

### नगर निगम की नई योजना पर सवाल, पहले भी हुए प्रयास नाकाम—अवैध कब्जों पर नहीं हो रही कोई कार्रवाई

**राणा अरुण सिंह**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में तेजी से गिरते भूजल स्तर से निपटने के लिए नगर निगम ने बड़ी पहल की है। 15वें वित्त आयोग की निधि से करीब 7 करोड़ रुपये की लागत से छह तालाबों के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू किया गया है। अधिकारियों का दावा है कि यह परियोजना न सिर्फ सौंदर्यीकरण तक सीमित रहेगी, बल्कि इसका उद्देश्य भूजल स्तर को बढ़ाना और पर्यावरण को संरक्षित करना है।

**कई प्रयास पहले भी हुए, मगर नतीजे रहे निराशाजनक :** यह पहला मौका नहीं है जब निगम ने तालाबों के विकास के नाम पर योजनाएं शुरू की हों। बीते वर्षों में भी तालाबों को सुधारने और उन्हें उपयोगी बनाने की बातें हुईं, लेकिन ज्यादातर योजनाएं कागजों तक ही सीमित रहीं। अधूरे सौंदर्यीकरण, लचर रखरखाव और ज़िम्मेदारी तय न होने के कारण पहले की योजनाएं असफल साबित हुईं।



**तालाबों पर अतिक्रमण, निगम की चुप्पी पर सवाल :** शहर के कई सरकारी तालाब अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुके हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निगम के कुछ कर्मियों की मिलीभगत से अतिक्रमणकारियों पर कभी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। नतीजतन, कई तालाब पूरी तरह से खत्म हो गए या निजी उपयोग में ले लिए गए। यह हालात तब हैं जब पानी की समस्या विकराल रूप ले चुकी है।

**अगर निगम गंभीर है, तो जमीन पर दिखे संकल्प :** विशेषज्ञों का मानना है कि यदि नगर निगम वाकई पर्यावरण और जल संकट को लेकर गंभीर है, तो उसे सिर्फ छह तालाबों के सौंदर्यीकरण से बात नहीं बनेगी। उसे चाहिए कि वह शहर के सभी पुराने तालाबों की मैपिंग कराए, अतिक्रमण हटाए और जल स्रोतों की रक्षा के लिए सख्त कदम उठाए। जब तक जल संरचनाओं की रक्षा नहीं होगी, तब तक करोड़ों की योजनाएं भी प्रभावहीन रहेंगी।

**जनभागीदारी और पारदर्शिता से ही होगा बदलाव :** जल संकट से निपटने की दिशा में नगर निगम की यह पहल स्वागत योग्य है, लेकिन यह तब ही असरदार होगी जब पारदर्शिता, जनभागीदारी और निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित हो। वरना यह योजना भी महज एक 'शोपीस' बनकर रह जाएगी, जैसा कि पहले भी देखा गया है।

## एक नजर

### बिजली कटौती के आदेश के खिलाफ दाखिल याचिका निष्पादित

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट में त्योहार के दौरान बिजली कटौती नहीं करने के झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दाखिल सरकार की अपील पर मंगलवार को सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने बिजली कटौती मामले में हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सरकार की अपील निष्पादित कर दी। सुनवाई के दौरान वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि कोर्ट के आदेशों का पालन किया गया है। इस बार रामनवमी में न्यूनतम समय के लिए बिजली काटी गई है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार ही अस्पतालों में बिजली आपूर्ति की गई। तीन अप्रैल को हाईकोर्ट ने बिजली कटौती पर स्वतः संज्ञान लेते हुए रामनवमी पर बिजली कटौती नहीं करने का निर्देश दिया था। इसके खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपील याचिका दाखिल की थी। सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि रामनवमी और इस जैसे अन्य त्योहार पर सरकार सुरक्षा कारणों से बिजली की कटौती करती है। रामनवमी के दौरान लोग ऊंचे झंडे लेकर चलते हैं। पूर्व में एक बड़ी घटना हुई थी, जिसमें 29 लोगों की मौत करंट लगने से हो गई थी। इसके बाद से दो दशक से सुरक्षा कारणों से बिजली काटी जाती है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

**हेमंत कैबिनेट के फैसले में 14 प्रस्ताव मंजूर**

## राज्य के उद्योगों को राहत डीजल पर घटाया वैट



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने राज्य में कोल कंपनियों और उद्योगों को राहत देने के लिए डीजल में वैट घटा दी है। पहले वल्क में डीजल लेने पर वैटर 22 फीसदी था, जिसे घटाकर 15 फीसदी कर दिया गया है। मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। वाणिज्य कर विभाग ने बल्क कंज्यूमर्स को झारखंड से ही डीजल खरीदने को प्रोत्साहित करने के लिए वैट के प्रावधानों में संशोधन किया है।

**क्यों किया गया संशोधन :** वर्तमान में उत्तर प्रदेश, बंगाल और ओडिशा में वैट की दर कम होने से झारखंड स्थित कोयला कंपनियों और उद्योगों के इस्तेमाल के लिए डीजल की खरीदारी पड़ोसी राज्यों से की जा रही है। प्रस्तावित संशोधन से आम लोग प्रभावित नहीं होंगे। संशोधन से राज्य सरकार के राजस्व में वृद्धि होने के साथ यहां के उद्यमियों और कोल कंपनियों के ट्रांसपोर्ट खर्च में कमी आएगी। और उद्योगों जैसे डीजल के बल्क कंज्यूमर्स को फायदा पहुंचानेवाला है। झारखंड से ही डीजल की खरीदारी करने पर बल्क कंज्यूमर्स का ट्रांसपोर्ट खर्च कम होगा, वहीं राज्य को मिलनेवाले राजस्व में भी वृद्धि होगी। विभाग का आकलन है कि बल्क कंज्यूमर्स के झारखंड से ही डीजल की खरीदारी करने पर राज्य सरकार को मिलने वाले राजस्व में 100 करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो सकता है।


**स्पेन और स्वीडेन यात्रा को मिली स्वीकृति :** झारखंड में निवेश को बढ़ावा देने की स्वीडन और स्पेन यात्रा को स्वीकृति दी गई। सीएम हेमंत सोरेन 19 अप्रैल से 26 अप्रैल तक स्वीडन और स्पेन का दौरा करेंगे। यह दौरा झारखंड में रोजगार के अवसर पैदा करने और पूंजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। सीएम के साथ आठ अन्य सदस्यों की टीम होगी, जिसमें नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, उद्योग सचिव अरवा राजकमल और उद्योग निदेशक सुशांत गौरव शामिल हैं। उच्चस्तरीय टीम झारखंड में पूंजी निवेश को आकर्षित करने के लिए, स्वीडन और स्पेन की सरकारों, उद्योग जगत की हस्तियों और संस्थाओं के साथ बातचीत करेगी।

**1373 माध्यमिक आचार्य के पद सृजन की स्वीकृति :** सरकारी माध्यमिक विद्यालय शिक्षक (टीजीटी) संवर्ग और सरकारी प्लस टू विद्यालय शिक्षक (पीजीटी) संवर्ग के क्रमशः रिक्त 9,470 एवं 797 पद में से क्रमशः 8,650 एवं 250 पद, कुल 8,900 पदों का प्रत्यर्पण एवं 510 सरकारी प्लस टू विद्यालयों में माध्यमिक आचार्य संवर्ग आचार्य पदों के पद सृजन की स्वीकृति दी गई।

**पुनरक्षित पुर्नवास नीति को मिला अवधि विस्तार :** कैबिनेट की बैठक में पुनरक्षित पुर्नवास नीति को 2027 तक अवधि विस्तार दिया गया। जल संसाधन विभाग क्षेत्रीय अंतर्गत कार्यालयों के लिपिक/लिपिक-सह-टंकक/टंकक संवर्ग में नियुक्ति हेतु झारखंड राज्य जल संसाधन विभाग क्षेत्रीय लिपिकीय **शेष पेज 11 पर**

## देसी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ दो नाबालिग गिरफ्तार, एक फरार

● **बाल सुधार गृह भेजे गए आरोपी**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** गढ़वा जिले के वीरबंधा डैम क्षेत्र में रामनवमी के दिन पुलिस ने देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस के साथ दो नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों से पूछताछ के बाद थाना में मामला दर्ज बाल सुधार गृह भेज दिया। स्थानीय थाना प्रभारी और पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि तीन नाबालिगों की संदिग्ध गतिविधियों के बारे में सूचना प्राप्त हुई थी। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। मौके से एक देसी कट्टा, दो जिंदा 315 बोर के कारतूस बरामद किए गए। गिरफ्तार किए गए दो नाबालिगों को पूछताछ के लिए थाना लाया गया, जबकि तीसरा आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। बताया जाता है कि रामनवमी के मौके पर एक बैंड पार्टी का सामान ट्रैक्टर से विंडंडा ले जाया जा रहा था। उस दौरान मोटरसाइकिल पर सवार तीन नाबालिगों ने बैंड पार्टी के ट्रैक्टर को रोका और पिस्टल को कनपटी पर सटाकर धमकी दी। इस घटना को लेकर पुलिस को तुरंत सूचना मिली। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से तीसरा आरोपी भागने में सफल रहा। इस घटना के बाद वीरबंधा डैम और आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल है। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के बाद भी लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। इस मामले के बाद इलाके में लूटपाट की आशंका जताई जा रही है, और स्थानीय निवासियों को रात्रि के समय उस क्षेत्र में जाने से परहेज करने की सलाह दी जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने स्थिति पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए इलाके में अतिरिक्त पेट्रोलिंग बढ़ा दी है। पुलिस फरार नाबालिग की तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों का बाल सुधार गृह में काउंसलिंग और सुधार की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**आज कल**




## हरमू नदी व बड़ा तालाब की सफाई पर हाइकोर्ट ने मांगा जवाब

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य के जलस्रोतों, नदियों व बड़ा तालाब के अतिक्रमण तथा साफ-सफाई को लेकर स्वतः संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव व जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार, जुडको व रांची नगर निगम का पक्ष सुना। जुडको का पक्ष सुनने के बाद खंडपीठ ने हरमू नदी व बड़ा तालाब की सफाई के बिंदु पर राज्य सरकार व रांची नगर निगम को जवाब दायर करने का निर्देश दिया। खंडपीठ ने जानना चाहा कि हरमू नदी व बड़ा तालाब की सफाई की क्या योजना है। मामले की अगली सुनवाई के लिए खंडपीठ ने 16 अप्रैल की तिथि निर्धारित की।




**जुडको की ओर से क्या कहा गया :** इससे पूर्व जुडको की ओर से बताया गया कि हरमू नदी व बड़ा तालाब के सौंदर्यीकरण का काम हो गया है। वर्ष 2023 में हरमू नदी के सौंदर्यीकरण के बाद उसे राज्य सरकार को हैंडओवर कर दिया गया है। उसके बाद रखरखाव, साफ-सफाई आदि कार्य सरकार को ही करना है। इसके लिए सरकार को जुडको की ओर से पत्र भेजा गया **शेष पेज 11 पर**

## ईडी पहुंची बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार, आलमगीर से की पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम मंगलवार को होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार पहुंची। ईडी की टीम टेंडर कमीशन घोटाला और जमीन घोटाला मामले की जांच को लेकर जेल पहुंची। जानकारी के मुताबिक ग्रामीण विकास विभाग में कमीशन को लेकर पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और उनके पीएस संजीव लाल से ईडी ने पूछताछ की, वहीं रांची जमीन घोटाले में कांके में जमीन हड़पने से जुड़े ईसीआईआर 5/24 के गवाह प्रवीण जायसवाल से ईडी जेल में पूछताछ की। कांके अंचल के पूर्व सीओ दिवाकर प्रसाद द्विवेदी को प्रवीण के बयान के आधार पर ही चार्जशीटेड किया गया था। ईडी ने प्रवीण को 28 मार्च को समन देकर एजेंसी में पूछताछ के लिए बुलाया भी था, लेकिन इससे पूर्व ही कांके पुलिस ने 19 मार्च को दर्ज जमीन फजीवाड़े के केस में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। ईडी ने प्रवीण जायसवाल का बयान दर्ज कराने के लिए ईडी की विशेष अदालत से जेल में पूछताछ की अनुमति मांगी थी।




**कांके थाने द्वारा लिए गए स्वीकारोक्ति बयान में ईडी पर सवाल :** कांके थाने में गिरफ्तारी के बाद थाने में दिए गए स्वीकारोक्ति बयान में ईडी की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। प्रवीण के बयान में बताया गया है कि ईडी के समक्ष उनके द्वारा दिए गए बयान में उसे जबरन लेन-देन का साक्षी होने का दबाव डाला गया। थाने में दिए स्वीकारोक्ति बयान में बताया गया कि उसके साथ मारपीट **शेष पेज 11 पर**

**इंडिया**

## शहरों तक पहुंच रहे हैं गजराज या हम पहुंचा रहे हैं?



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

हाथी को सबसे बुद्धिमान और बलशाली पशु ही नहीं धार्मिक रूप से पूजनीय माना जाता है पर रांची से लेकर राज्य के ग्रामीण या जंगलों से लगे गांवों में घरों को तोड़ने से लेकर जानमाल की क्षति के समाचार वर्षों से आ रहे हैं और उनको भगाने के छोटे-मोटे उपायों के अलावा मुआवजा देकर इसे टाला जा रहा है इस के मूल कारणों की अनदेखी और ठोस उपायों की घोर कमी है । 2024 में संसद में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार 2019 और 2024 के बीच झारखंड में मानव-हाथी संघर्ष में 474 लोग मारे गए जो भारत भर में दूसरी सबसे बड़ी संख्या है। ओडिशा के बाद झारखंड दूसरे स्थान पर है, जिसने इन पांच वर्षों के दौरान 624 मौतें दर्ज हुई हैं। इस संघर्ष में हाथी मनुष्य दोनों को नुकसान पहुंचा है। झारखंड में हाथियों की बड़ी संख्या पलामू और सिंहभूम में है। पर्यावरण मंत्रालय, भारतीय वन्यजीव संस्थान जो हर पांच साल में हाथियों की गणना करता है की 2017 की रिपोर्ट के अनुसार झारखंड में 679 हाथी थे। मंत्रालय के 2022 की गणना के आंकड़े अभी उपलब्ध नहीं हैं। वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया की 2017 की रिपोर्ट के अनुसार, पलामू के बेतला नेशनल पार्क, पलामू टाइगर रिजर्व और आसपास के इलाकों के लगभग 1,200 वर्ग किलोमीटर में ये संख्या फैली हुई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि हाल के वर्षों में, हाथी हजारीबाग, रांची, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज के नए इलाकों में जाने लगे हैं और इसके लिए वे खंडित वन क्षेत्रों, कृषि भूमि और मानव बस्तियों से होकर गुजरते हैं। पलामू और सिंहभूम क्षेत्रों से हाथी बिहार और पश्चिम बंगाल की ओर भी जाने लगे हैं जिससे मानव-हाथी संघर्ष, खासकर फसलों को नुकसान पहुंचाने की घटनाएं बढ़ गई हैं। इस तरह के संघर्षों को कम करना वन विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। हाथियों की सुरक्षा के लिए हाथी क्षेत्र वाले राज्यों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार ने 1991 में प्रोजेक्ट एलीफेंट शुरू किया था जिसमें हाथियों के आवासों और गलियारों की सुरक्षा, मानव-पशु संघर्ष के मुद्दों का समाधान और बंदी रखे गए हाथियों का कल्याण शामिल है। प्रोजेक्ट एलीफेंट के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी केंद्रीय पर्यावरण मंत्री की अध्यक्षता वाली संचालन समिति पर है। समिति में सरकार के प्रतिनिधियों के साथ-साथ गैर-सरकारी वन्यजीव विशेषज्ञ और वैज्ञानिक भी शामिल हैं। अन्य समितियों में कैप्टिव एलिफेंट हेल्थकेयर एंड वेलफेयर कमेटी और सेंट्रल प्रोजेक्ट एलीफेंट मॉनिटरिंग कमेटी हैं। एक अपुष्ट रिपोर्ट से पता चला है कि झारखंड में 2022-23 में हाथियों की संख्या घटकर 217 रह गई है जो 2017 की संख्या से 68% कम है। कुछ दिनों पूर्व कुछ हाथी रांची के निकट रातू और झारखंड विधानसभा जैसे वीआईपी क्षेत्र के आसपास तक पहुंच गए थे और जंगलों का क्षेत्रफल लगातार घटने या उनके खाने लायक पेड़ पौधे नहीं मिलने से भूख प्यास तथा आवास के लिए हाथी प्रायः हर दिन कहीं न कहीं तोड़फोड़ मचा रहे हैं । पीटीआर पलामू के डिप्टी डायरेक्टर प्रजेशकांत जेना कहते हैं कि झारखंड के हाथी दूसरे इलाकों के हाथियों के मुकाबले कम हिंसक होते हैं। यहां के हाथी संपन्न हैं, क्योंकि झारखंड का ज्यादातर इलाका जंगल है झारखंड में सिंहभूम हाथी कॉरिडोर और रिजर्व एरिया झारखंड छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल से जुड़ा हुआ है और साथ ही केरल से असम तक के बीच की यह एक अहम कड़ी है। हाथियों के कई कॉरिडोर पर लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है जिस कारण संघर्ष देखने को मिलते हैं। यह हाथी प्रत्येक वर्ष लाखों रुपए की फसलों तथा चल-अचल संपत्तियों के साथ-साथ सैकड़ों जानें छीन लेते हैं। पर सवाल तो यह है कि हाथी जैसा शांति प्रिय और बुद्धिमान प्राणी इतना हिंसात्मक हो गया है तथा कुछ वर्षों से ही क्यों इस समस्या ने जन्म लिया है। हाथियों के हिंसात्मक होने के कारण का समाधान कर लेने पर ही उनके हिंसा से निदान पाया जा सकता है। सरकार द्वारा अपने वन अधिनियम में कुछ परिवर्तन कर वन्यजीवों को पालतू बनाया जाने की छूट देनी चाहिए। इससे हाथी को प्रशिक्षित किया जा सकेगा तथा कर्नाटक से हाथियों के लाने तथा खर्च उठाना नहीं पड़ेगा। इसी प्रकार टाइगर प्रोजेक्ट के तहत हाथी प्रोजेक्ट चलाया जा सकता है। वर्तमान में जितने हाथी हैं उन्हें सही तरह आवास दिलाना आवश्यक है इसलिए वनों को वास्तविक रूप से विकसित करना चाहिए जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। गांवों में ना घुस पाए इसके लिए हाथियों को रेडियो कॉलर लगाकर उनकी गतिविधियों की निगरानी की जानी चाहिए जैसा छत्तीसगढ़ में हो रहा है।



## चरही घाटी में बड़ा हादसा, दो ड्राइवरों की मौत, कई यात्री घायल

**चरही (हजारीबाग)।** हजारीबाग जिले के चरही थाना क्षेत्र की चरही घाटी में मंगलवार को सड़क दुर्घटना हो गई। सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। लगभग आधा दर्जन से ज्यादा घायल भी बताए जाते हैं। हादसा चरही घाटी में मंगलवार को हुआ। बताया जाता है कि चरही घाटी के यूपी मोड़ के पास हजारीबाग की ओर से आ रहे कंटेनर और बस की आमने सामने टक्कर हो गई। मृतकों में बस चालक, कंटेनर चालक और एक महिला शामिल हैं। महिला खूंटी की रहने वाली बताई जा रही है। हादसे में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए नजदीकी हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। इनमें चार की हालत नाजुक बताई जा रही है। इन चारों को रिम्स रेफर किया गया है। हादसे के बाद सड़क पर भीषण जाम लग गया। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जाम हटाने और यातायात को बहाल करने के लिए जिला से अतिरिक्त बल मंगाया गया।

# तापमान में उतार चढ़ाव से लोग कर रहे असहज स्थिति का सामना



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** तापमान में वृद्धि और कमी की वजह से लोग असहज स्थिति का सामना कर रहे हैं। सुबह से ही तेज धूप और गर्म पछुआ हवा में घरों से निकलना मुश्किलों भरा बता रहे हैं। लोगों ने मौसम को जनजीवन प्रभावित करने वाला बताया है। इसमें मौसम में उतार-चढ़ाव भरी स्थिति में मौसमी बीमारियों से बढ रही परेशानी को देखते हुए लोगों ने बच्चों के स्कूल का समय मॉर्निंग में करने की जरूरत बताया है। बताया जा रहा है कि मौसम में उतार चढ़ाव की वजह से खासकर, पुरानी खांसी के दोबारा उभर जाने से लोग हैं। मौसम में उतार चढ़ाव का असर बच्चों और बुजुर्गों पर ज्यादा प्रभाव डाल रहा है। इसी सीजन में अधिकतम 42 और न्यूतम 21 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। इसके बाद से तापमान 35-40 के बीच बना हुआ बताया जाता है। पशुपालकों का कहना है कि पिछले दिनों की बारिश से मैदानी और जंगली इलाकों में घास और पेड़ पौधों में हरियाली के लौट आने से मवेशियों के लिए चारा की कमी दूर हो गई थी। मगर अब तापमान के बढने के साथ गर्म हवा से मवेशियों के चारा और पानी को लेकर विपरीत स्थिति पैदा हो जाएगी। नदी और नाले भी सूखने के कगार पर पहुंच गए हैं। जबकि मौसम को मूंग की खेती के लिए अनुकूल बताया जा रहा है। रबी फसलों की कटनी के बाद किसान इसकी तैयारी में जुट गए बताए जाते हैं।

## पीएमश्री कस्तूरबा विद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा शुरू

# स्वच्छता से ही विकसित होगा स्वस्थ समाज : वार्डेन

◂◂ छात्राओं ने लिया स्वच्छता का संकल्प

◂◂ विद्यालय परिवार ने मिलकर परिसर की सफाई की




नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पीएमश्री कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हुसैनाबाद में मंगलवार को स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम की शुरूआत उत्साहपूर्वक की गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गई, जिसमें विद्यालय परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के साथ समाज में भी स्वच्छता का संदेश प्रसारित करने का संकल्प लिया गया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के बाद छात्राओं और शिक्षकों ने मिलकर विद्यालय परिसर की सफाई की और पूरे वातावरण को स्वच्छ बनाने का प्रयास किया। इस दौरान शिक्षिकाएं भी सक्रिय रूप से जुड़ी रहीं और छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की वार्डेन किरण कुमारी सिंह ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह एक संस्कार है, जिसे हम सभी को आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीएमश्री योजना के अंतर्गत चल रहे विद्यालयों में इस प्रकार की गतिविधियां छात्राओं के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन इसी सोच का हिस्सा है, जिसमें छात्राओं को न केवल अपने परिवेश को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया जाता है, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार किया जाता है। वार्डेन ने कहा कि विद्यालय में दी जा रही शिक्षा के साथ-साथ इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं में अनुशासन, सहभागिता और सामाजिक चेतना को भी विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के संस्कार बचपन से ही डालने से बच्चों में जीवन भर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की प्रवृत्ति विकसित होती है। कार्यक्रम में वार्डेन किरण कुमारी सिंह, शिक्षिकाएं सुष्मिता रानी, कुमारी रागिनी , नीलम मेहता, आरजू खान, मीना देवी, सुमित्रा कुमारी, शारदा भारती, सुमन कुमारी समेत सभी शिक्षिकाएं और छात्राएं उपस्थित रहीं। सभी ने मिलकर संकल्प लिया कि वे न केवल विद्यालय परिसर, बल्कि अपने घर और आस-पड़ोस को भी स्वच्छ रखने के लिए लोगों को प्रेरित करेंगी। विद्यालय परिवार ने यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि यह एक राष्ट्रीय जिम्मेदारी है जिसे मिलकर निभाना होगा।

## टिकट चेकिंग अभियान चला

मोहम्मदगंज। डीडीयू मंडल अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों पर पूर्व निर्धारित टिकट चेकिंग मेगा ड्राईव चलाया गया। इसके आलोक में डीडीयू, गया, सासाराम, डेहरी ओन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, भभुआ एवं जपला आदि स्टेशन पर फोर्ट्रेस चेक प्रात: 6 से 22 बजे तक करने का निर्णय लिया गया था ' जिसमें मंडल के समस्त स्क्वायड, स्टैटिक एवं स्लीपर के टिकट जांच कर्मी, वाणिज्य निरीक्षक/ पर्यवेक्षक सहित सभी वाणिज्य अधिकारी उपस्थित थे ' इसके साथ ही मुख्य रूप से बक्सर-डीडीयू , वाराणसी- डीडीयू, सासाराम - डीडीयू, आरा- सासाराम, गढ़वा रोड- डेहरी ऑन सोन, किउल- गया, गोमो- गया एवं पटना-गया रेलखंड से आने एवं जानेवाली सभी ट्रेनों को लक्ष्य कर गहन जांच की गई। जिसमें प्रीमियम एवं मेल/एक्सप्रेस के साथ - साथ पैसेंजर ट्रेन को भी चेक किया गया। इसमें बिना टिकट/ अनुचित टिकट पर यात्रा करते हुए पकड़े गये व्यक्तियों से नियमानुसार जुर्माने की राशि वसूल की गगई ' इस दौरान सभी स्टेशनों पर किलाबंदी कर बिना टिकट/अनियमित टिकट पर यात्रा करने वालों को नियमित टिकट लेकर चलने हेतु प्रेरित किया गया। मंगलवार की शाम 6 बजे तक मिली अंतिम सूचना में 1714 बिना टिकट व अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया। जिनसे बतौर जुर्माने के रूप में लगभग 8 लाख 73 हजार रुपये की राशि वसूली गयी है।

# रामनवमी के शोभा यात्रा में शामिल चैंपियन फ्रेंड्स क्लब को मिला पहला पुरस्कार

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** रामनवमी के अवसर पर गुरुवार की रात को हुसैनाबाद रामनवमी महासमिति के तत्वावधान में जपला छठ पोखरा के समीप आयोजित रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्री रामनवमी के मौके पर हुसैनाबाद के विभिन्न अखाड़ा कमेटियों द्वारा निकाली गई झांकियां इस वर्ष आकर्षण की मुख्य केंद्र रही। मौके पर महासमिति हुसैनाबाद के द्वारा वर्षों से अखाड़ा समितियों का स्वागत अभिनंदन एवं शौर्य प्रदर्शन समारोह का आयोजन किया जाता रहा है। रामनवमी के अवसर पर विभिन्न अखाड़ों के द्वारा भव्य जुलूस तथा सुंदर झांकियां निकाली गई। उद्घाटन समारोह में बतौर उद्घाटन कर्ता ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश कश्यप, जबकि संचालन सचिन आनंद ने किया। मौके पर विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कार्यक्रम की सराहना किया। उन्होंने कहा कि आपसी सौहार्दपूर्ण तरीकों से प्रदर्शन किया है। यह हुसैनाबाद के लिए अच्छी पहल है। मौके पर झांकी व सौर्य प्रदर्शन के लिए सभी को सम्मानित किया गया। झांकी प्रदर्शन में प्रथम स्थान मधुशाला रोड चैंपियन फ्रेंड क्लब,पंचमुखी मंदिर और हनुमान जी की भूमिका निभाने वाले को द्वितीय पुरस्कार मिला। लाठी, तलवार, भाला, अनुशासन को लेकर विभिन्न प्रतिभागियों को शील्ड व मेडल भेंट कर सम्मानित किया गया। रामनवमी पूजा महासमिति के संयोजक लोकनाथ



केशरी, सचिव संतोष कश्यप, जिला संघचालक दिनेश कश्यप, अजय गुप्ता, उपेंद्र ,अरुण विश्वकर्मा, लव सिंह, रंजीत कुमार गुप्ता, रवि रंजन कुमार, महेंद्र साव, शिवपूजन चौधरी, सतेंद्र यादव, कामता प्रसाद, बशिष्ट सिंह, राजेंद्र पाल, उदय सोनी , संतोष मेहता, चैंपियन फ्रेंड्स क्लब मधुशाला रोड जपला भूमिका में विकास कुमार, पंकज कुमार, श्रीराम के रूप में सुरेंद्र कुमार, माता सीता के रूप में नीलू कुमारी, बजरंगी के रूप में दिलीप कुमार, संजय कुमार, रमेश, घनश्याम, पीयूष कुमार सोनू कुमार, प्रदीप कुमार, प्रतीक कुमार के अलावा विभिन्न अखाड़ों के सदस्य मौजूद थे।

# जगदेव चौक का हाईमास्ट लाइट महीनों से खराब

**रात में अंधेरा होने से बढ़ जाती है परेशानी**

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय स्टेशन रोड में स्थित दैनिक बाजार प्रांगण में लगाया गया हाईमास्ट लाइट कई महीनों से खराब पड़ा है। इसके बावजूद इसे ठीक कराने को लेकर किसी ने अब तक इसकी सुधि नहीं ली है। इस बीच नये खंभों पर सिंगल विद्युत केबलिंग के बाद से पंचायत की ओर से लगाई गई स्ट्रीट लाइट की सुविधा भी कम पड़ गई है। ऐसे में लोगों का कहना है बाजार क्षेत्र के बड़े दायरे और सड़कों पर रात के अंधेरे में परेशानी होती आ रही है। बाजार की असुरक्षा का खतरा बना रहता है। जबकि दैनिक बाजार क्षेत्र में ही बैंक और स्कूल भी हैं। रेलवे स्टेशन भी इसी क्षेत्र से गुजरकर जाना पड़ता है।

## डॉ. सूर्यकांत आयुष्मान आरोग्य मंदिर में दे रहे सेवा



**केतार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केतार में पदस्थापित चिकित्सक डॉ. सूर्यकांत राज ने क्षतिग्रस्त अस्पताल होने के कारण केतार स्थित आयुष्मान आरोग्य केंद्र में सेवा दे रहे हैं। इस दौरान उन्होंने मंगलवार को 20 मरीजों को जांच कर इलाज किया। उन्होंने मरीजों को दवा दी। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र क्षतिग्रस्त है। पानी, बिजली, शौचालय, स्टॉप उपलब्ध नहीं है। इसके कारण आयुष्मान आरोग्य मंदिर केतार में ही प्रतिदिन सेवा दे रहा हूं। उन्होंने कहा कि यहां नियमित बैठने के कारण मरीजों की अच्छी खासी उपस्थिति हो रही है। मौके पर सीएचओ राजेश कुमार, एमपीडब्ल्यू मनोज पाठक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# भाजपा की संगठनात्मक बैठक में संगठन के मजबूती प्रदान करने को लेकर विचार-विमर्श



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह के जपला स्थित आवासीय कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी हुसैनाबाद ग्रामीण, उर्दवार और नगर मंडल की संगठनात्मक बैठक में संगठन के मजबूत व सशक्त बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। मंगलवार को आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह ने की। जिसमें विभिन्न मंडलों से आए पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। पूर्व मंत्री सह भाजपा के वरिष्ठ नेता कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि बैठक का उद्देश्य संगठन को और अधिक मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि आगामी नगर पंचायत समेत अन्य चुनावों की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। उन्होंने कार्यकताओं व पदाधिकारियों को आह्वान किया कि जमीनी स्तर पर पार्टी की पकड़ को सशक्त बनाने में सभी को एक जुट होकर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी की असली ताकत हमारे जमीनी कार्यकर्ता हैं। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना सभी की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के सपने को हर घर तक पहुंचाना है।भाजपा के युवा नेता सूर्या सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उदाहरण देते हुए कार्यकर्ताओं को कहा कि नरेंद्र मोदी जब संगठन में थे, तो उन्होंने वर्षों तक बिना किसी पद के देशभर का दौरा किया। जनता से जुड़े, उनकी समस्याएं सुनीं, समाधान सुझाए। उन्होंने नेतृत्व नहीं मांगा,बल्कि सेवा दी, और सेवा ने ही उन्हें नेतृत्व तक पहुंचाया। इसलिए बिना पद की चिंता किए, बिना आगे बढ़ते जाना है। मंजिल जरूर मिलेगी। इस बैठक में क्षेत्रीय मुद्दों, जन समस्याओं और विकास कार्यों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह, जिला महामंत्री सोमेश सिंह, रंजीत पासवान , ओमप्रकाश राजवंशी के अलावा भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी ने एकजुट होकर संगठन को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया।

# एकादशी को निकली भगवान श्रीराम की शोभायात्रा

## श्रीराम के जयकारे से गूंजायमान रहा क्षेत्र

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** प्रखंड सह बाजार मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक रुप में चैत्र मास शुक्ल पक्ष की एकादशी मंगलवार को दूसरे पहर लहराते भगवा ध्वज के बीच जयश्री राम, लाल लंगोटी-लाल निशान... जय बजरंगी जय हनुमान... रामजी की निकली सवारी, रामजी की लीला है न्यारी... आदि उदघोष के साथ राम मंदिर चौक बजार से रामनवमी की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें शामिल रामभक्तों ने कई प्रकार की झांकियों के साथ पूरे उल्लास के साथ नगर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण किया। इससे पूर्व महावीर मंडल के संरक्षक संतोष कुमार सिंह, अध्यक्ष अभिराज गुप्ता के अलावे डॉ. अजय जयसवाल, उपमुखिया पवन कुमार, नंदलाल प्रसाद, राकेश कुमार, जयनारायण जयसवाल, मनीराज,



आशीष मोदनवाल, रंजन मोदनवाल, मंटू मेहता, अर्जुन प्रजापति, सुनील सिंह, सोनू, विजय प्रसाद, रामकुमार, भारद्वाज दास, ओमप्रकाश बाला जी, रामप्रवेश मेहता, संतन चौधरी, दीपक कुमार, अरुण कुमार, आशीष कुमार सहित सैकड़ों युवा रामभक्तों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महावीरी ध्वज का पूजन, हवन कराया। वाहनों की कतारें खेल, तमाशे में लीन सैकड़ों स्थानीय कलाकारों ने कई प्रकार की झांकियों का प्रदर्शन जुलूस मार्ग में किया। जुलूस व शोभायात्रा में शहर के अलावे समीपवर्ती बुद्धु बिगहा, बगीचा, ब्रह्मस्थान, करीमनडीह, कोईरियाडीह, शिवस्थान आदि जगहों पर भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह व अजय गुप्ता ने अखाड़ा समिति के सदस्यों की अगुवाई की। उन्होंने सिर में केसरिया पट्टी बांधें महावीरी झंडें के साथ शामिल होकर भक्तिमय वातावरण को राममय किया। ढ़ोल, तासे, सिंघा, नगाड़ा, डमरु, झंझरी, बैंजू की धुन पर कई भक्ति गीतों से देर शाम तक नगर गूंजता रहा। जुलूस चौक बाजार राममंदिर से प्रारंभ होकर बैंक रोड, जवाहर पथ, बस स्टैंड से वापस मेन रोड होते दक्षिण सदाबह नदी स्थित बड़ा शिवालय में विसर्जित किया गया। सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाने में बीडीओ विश्व प्रताप मालवा, सीओ संतोष कुमार, प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी दिव्यांश शुक्ला, एसआई अफजल अंसारी, विवेक कुमार दलबल के साथ सक्रिय थे।

## लोक कलाकार का निधन, क्षेत्र के कला-संस्कृति को लगा झटका

**हैदरनगर।** प्रखंड के बभंडी पंचायत के रतन बिगहा निवासी प्रसिद्ध लोक कलाकार बैजनाथ सिंह उर्फ बैजू बाबू (55 वर्ष) का असमायिक निधन सोमवार की मध्यरात अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में हो गया। इससे क्षेत्र के कई सांसकृतिक संस्था के कलाकारों के बीच शोक की लहर है। साथ ही लंबे समय से लोक कला व सांस्कृतिक गतिविधियों से सक्रियता से जुड़े रहने से अच्छी पहचान बनाई थी। मृतक एक अच्छे गायक व तबला वादक के रुप में जाने जाते हैं। यूनियन ड्रामेट्रिक क्लब के वयोवृद्ध निदेशक पं. कुंडल तिवारी ने कहा कि नेक विचारधारा के साथ सामाजिक व कला के क्षेत्र में धनी व्यक्ति बैजू के दुनिया से चले जाना वर्तमान परिवेश में कला जगत को अपूरणीय क्षति पहुंची है। उन्होंने पत्नी के अलावे दो अविवाहित पुत्र भीम सिंह, अंकू सिंह व दो पुत्री में एक विवाहित को अपने पीछे छोड़ गये हैं। मृतक के पार्थिव शरीर मंगलवार को वाराणासी अंतिम संस्कार के लिये ले जाया गया है। जहां बड़े पुत्र भीम सिंह मुखाग्नि देगें। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर है।

# मध्य विद्यालय सबानों को अपग्रेड कराने की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड अंतर्गत बेनिकला पंचायत के राजकीय कृत मध्य विद्यालय सबानो को अपग्रेड कर उच्च विद्यालय करने की मांग सामाजिक कार्यकर्ता मो. मुमताज ने राज्य के मुख्यमंत्री से की है। उन्होंने बताया कि यह विद्यालय सारी अर्हता पूरा करता है।मध्य विद्यालय सबानो को उच्च विद्यालय में अपग्रेड करने से बेनिकला पंचायत के छात्र-छात्राओं को काफी सुविधा उपलब्ध होगा।उन्होंने बताया कि वर्तमान में सबानो मध्य विद्यालय से हुसैनाबाद उच्च विद्यालय की दूरी करीब 10 किलोमीटर है।जिसके कारण गरीब तबके के छात्र-छात्राओं को मैट्रिक तक शिक्षा ग्रहण करने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने के उपरांत उनके वरीय आप्त सचिव




सुनील कुमार श्रीवास्तव ने स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग के सचिव को पत्र देकर आवश्यक कारवाई करने का निर्देश दिया है। सामाजिक कार्यकर्ता ने बताया कि 10 किलोमीटर तक दायरे में एक भी उच्च विद्यालय नही है।उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री व शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारी से प्राथमिकता के आधार पर विद्यालय को अपग्रेड करने की मांग की है कि विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह ने बताया कि सबानो मध्य विद्यालय एक स्वच्छ वातावरण में गांव के बीच 3 एकड़ भूमि पर अवस्थित है। विद्यालय में 17 कमरा उपलब्ध है, विद्यालय परिसर में एक बड़ा खेल मैदान भी है। इस विद्यालय में बेगमपुरा ,झरी खुर्द, बेनिकला, बजरडीह व एकडरी समेत कई अन्य टोला के छात्र-छात्राए अध्ययनरत हैं।

# शक्तिकुंज हरिद्वार ज्योति कलश रथ यात्रा का भव्य स्वागत




नवीन मेल संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर।** गायत्री तीर्थ शक्तिकुंज हरिद्वार से चलकर ज्योति कलश रथ यात्रा मंगलवार को लेस्लीगंज पहुंचा। सर्वप्रथम गोपालगंज महावीर मंदिर के प्रांगण में श्रद्धालुओं ने रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया। उसके उपरांत गायत्री मंदिर देवी मंडप और काली मंदिर लेस्लीगंज के प्रांगण में पूजा आरती में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। रथ यात्रा के साथ हरिद्वार से पधारे शिवकुमार गोरी ने कहा कि शक्तिपीठ तीर्थ हरिद्वार का 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी समारोह के रूप में मनाया जा रहा है। इस कड़ी में ज्योति कलश यात्रा पूरे देश में निकाला गया है। इस कड़ी में यात्रा लेस्लीगंज पहुंचा है। वहां श्रद्धालुओं ने बहुत ही भव्य तरीके से स्वागत किया। पूजा अर्चन कर गायत्री मंत्र को अपनाने का संकल्प लिया गया। यात्रा के स्वागत करने वालों में गायत्री परिवार के समन्वयक अजीत तिवारी, राजकुमार कुशवाहा, अशोक मेहता, अशोक महाराज, सुचिता गिरी ,बालकेश पासवान, नीरज कुमार ,लक्ष्मी नारायण,अवध किशोर राय, संदीप सोंडिक, आशा देवी ,पप्पू कुमार, विजेंद्र चंद्रवंशी, संजय कश्यप, उमाशंकर सोनी, दीपक सोनी आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

**उदासीनता** जांच व राशि के अभाव की वजह से कार्य प्रभावित

# हर घर नल जल परियोजना पूरा होने पर लगा ग्रहण



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** पेयजल समस्या के समाधान के लिए सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना हर घर नल जल शुरू तो की गई, मगर इस कार्य के जल्द पूरा होने की संभावना नहीं दिखती है। विभागीय इस योजना पर फिलहानर सरकारी ग्रहण लग गया है। विश्वस्त सूत्रों ने इसकी जो वजह बताया है, इसमें विभागीय जांच और कार्य की प्रगति के विरूद्ध इस मार्च भी राशि का भुगतान का नहीं किया जाना है। ऐसे में ग्रामीणों का कहना है कि इस मामले में सरकार दृढसंकल्पित नजर नहीं आती है। अगर ऐसा होता, तो काम अब तक पूरा हो सकता था। हर घर नल जल की सुविधा उपलब्ध कराने से गर्मी के दिनों में पेयजल समस्या नहीं झेलनी पड़ती।

## 39 गांवों के 8501 घरों को देना है विशुद्ध पानी

बताया जाता है कि इस परियोजना के तहत इस प्रखंड के 39 गांवों के 8501 घरों में शुद्ध पेयजलापूर्ति किया जाना था। मगर वर्क ऑडर मिलने के दो साल बाद भी कुल मिलाकर महज 25% ही काम हुआ है। जबकि मार्च 2025 में काम को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित था। बताया गया कि कोयल नदी में कोल्हुआ गांव के समीप इंटकवेल और सोनबरसा में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण शुरू किया गया है। मगर इंटकवेल के प्रारुप के अनुरूप नहीं बनाए जाने पर आपत्ति जताते हुए विभागीय स्तर से इसे फिर से बनाने का आदेश दिया गया है। पाइप आपूर्ति तो कर दी गई है, मगर पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू तक नहीं किया गया है। पंसा-रामबांध एमवीएस के तहत आवंटित इस परियोजना के तहत कादलकुर्मी में 1.30, सोनबरसा में 8.30, डाली में 4 और गोड़ाडीह में 2.30 लाख लीटर की क्षमता की पानी टंकियों का निर्माण तो शुरू किया गया है, मगर कादलकुर्मी में टंकी की संरचना कुछ ज्यादा ही, जबकि अन्य स्थानों में इनका बुनियादी ढांचा भर खड़ा किया जा सका है। ऐसे में यह स्थिति सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना का लाभ हर घर नल जल कब तक पहुंचेगा, बड़ा सवाल है। कोई भी विभागीय स्तर से इस पर खुलकर कुछ बता भी नहीं रहा है। इस प्रखंड में इस काम को करा रही आगरा की ही कंपनी हैदरनगर और हुसैनाबाद प्रखंडों में भी काम करा रही है। वहां भी यही स्थिति बताई जाती है।

# रामभक्तों ने निकाली बाइक रैली

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** श्री रामनवमी महोत्सव की शोभायात्रा से पूर्व मंगलवार को सुबह आठ बजे से रामभक्तों ने बाइक रैली निकाली। राममंदिर चौक बाजार प्रागंण हैदरनगर में सर्वप्रथम एकजुट होकर विधिवत पूजा अर्चना के बाद महाबीर मंडल के संरक्षक अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह व अध्यक्ष अभिराज गुप्ता ने भगवा ध्वज दिखाकार रैली को मंदिर परिसर से रवाना किया। जिसमें मंडल के सदस्यों में मुख्यतः डॉ. अजय जयसवाल, उपमुखिया पवन कुमार, नंदलाल प्रसाद, राकेश कुमार, जयनारायण जयसवाल, मनीराज, आशीष मोदनवाल, रंजन मोदनवाल, मंटू मेहता, अर्जुन प्रजापति, सुनील सिंह, सोनू, विजय प्रसाद, रामकुमार, भारद्वाज दास, ओमप्रकाश बाला जी, रामप्रवेश मेहता, संतन चौधरी, दीपक कुमार, अरुण कुमार, आशीष कुमार सहित सैकड़ों युवा रामभक्त शामिल थे। रैली बाजार भ्रमण के बाद देवीमंदिर, ब्रह्मस्थान, शुक्रबाजार, बगीचा, धनुडीह, कोईरियाडीह,



हाईस्कूल पथ, बड़ा शिवालय आदि देवस्थलों में पर माथा टेका। इसके बाद इनका काफीला बंशीपुर, इमामनगर बरेवा, सोबा, जाह पर, पतरिया, संड़ेया, बिलासपुर, सरगाड़ा, नौडीहा, बहेरा, बिन्दू बिगहा, देवी धाम, राजपूतान टोला होते वापस राम मंदिर प्रागंण हैदरनगर पहुंचा। इस क्रम में रामभक्तों ने जयश्री राम, वीर हनुमान सहित कई भक्ति नारे से पूरा इलाका राममय हो गया।

# पलामू में तपिश का प्रहार! पारा चढ़ा 41 डिग्री के करीब, दोपहर बाद मौसम ने दी कुछ राहत

**● सुबह की उमस व तेज धूप ने किया बेहाल, लेकिन दोपहर बाद हल्की ठंडी हवा से मिली राहत**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में गर्मी ने सोमवार को लोगों की दिनचर्या पर असर डाला। अधिकतम तापमान 40.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 22.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सुबह की नमी 57% रही, जिससे शुरूआत में उमस महसूस हुई, लेकिन जैसे-जैसे सूरज सिर पर चढ़ा, तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। हालांकि दोपहर के बाद मौसम में हल्का बदलाव देखा गया। आसमान में हल्के बादल छा गए और धूप की तीव्रता कुछ कम हो गई, जिससे वातावरण थोड़ा ठंडा महसूस हुआ। इस परिवर्तन से लोगों को दिन भर की गर्मी से कुछ राहत मिली। शाम तक नमी घटकर 32% पर आ गई। मौसम विभाग के अनुसार, शाम 5:30 बजे तक हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई, लेकिन ऐसा कुछ नही हुआ। विशेषज्ञों ने लू और डिहाइड्रेशन से बचने के लिए दोपहर के समय घर में रहने, पानी अधिक पीने और बच्चों-बुजुर्गों का ध्यान रखने की सलाह दी है।

**मौसम विभाग का पूवार्नुमान:** अगले कुछ दिनों में तापमान में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है। बारिश की उम्मीदें अभी भी कमजोर हैं।

# डॉ. राजेंद्र सिंह बने एनपीयू इतिहास विभाग के नए पीजी विभागाध्यक्ष

**● पूर्व विभागाध्यक्ष व प्राचार्य ने दी शुभकामनाएं, शिक्षकों और छात्रों ने जताई खुशी**

**नवीन मेल संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय (एनपीयू) के इतिहास विभाग में मंगलवार को एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. राजेंद्र सिंह को पीजी इतिहास विभाग का नया विभागाध्यक्ष बनाए जाने पर उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. अवध किशोर पांडेय ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह विभाग के लिए गर्व का क्षण है और अब डॉ. सिंह की जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जीएलए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आई. जे. खलखो ने की। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि अब तक विभागाध्यक्षों की नियुक्ति तो होती रही है, लेकिन इस प्रकार का सम्मान समारोह पहली बार आयोजित हुआ है। उन्होंने कहा कि इतिहास विभाग ने आज सचमुच इतिहास रच दिया है।

इस अवसर पर गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज के शिक्षकों ने भी डॉ. सिंह को शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में डॉ. जसवीर बग्गा, डॉ. विभा शंकर, डॉ. सुनीता कुमारी, डॉ. आर. के. झा, डॉ. विभेष चौबे, डॉ. मृत्युंजय कुमार, डॉ. खुर्शीद आलम, डॉ. राघवेंद्र कुमार सिंह, डॉ. भीम राम, डॉ. आशुतोष पांडेय आदि शामिल थे।

इतिहास विभाग की ओर से डॉ. भावना सिंह, डॉ. माधुरी प्रियदर्शिनी, प्रो. अरुणा खाखा, प्रो. आयना एम. एस., डॉ. सौरभ एवं डॉ. वीरेंद्र कुमार ने भी बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। छात्र-छात्राओं में भी इस अवसर पर उत्साह देखा गया। उपस्थित विद्यार्थियों में विक्रम, राजकुमार, अमृता, रश्मि, डिंपल आदि मौजूद थे। सभी ने डॉ. सिंह के नेतृत्व में विभाग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की कामना की।

मौके पर डॉ. राजेंद्र सिंह ने कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसे पूरी निष्ठा से निभाते हुए विभाग को नए मानदंडों की ओर ले जाने का प्रयास करेंगे।

# खनन प्रभावित इलाकों में विकास योजनाओं को मिलेगी रफ्तार : उपायुक्त

**● डीएमएफटी की बैठक में पुस्तकालय, छात्रावास, सिंचाई और जलापूर्ति समेत कई योजनाओं को मिली मंजूरी**

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) न्यास परिषद एवं प्रबंधकीय समिति की बैठक मंगलवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त शशि रंजन ने की। बैठक में हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव, विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह, उपविकास आयुक्त शब्बीर अहमद, संबंधित विभागों के प्रतिनिधिगण और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

उपायुक्त ने कहा कि डीएमएफटी मद का उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, पेयजल और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना है। उन्होंने अधिकारियों से समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने बताया कि चैनपुर, छत्तरपुर और हुसैनाबाद प्रखंडों में पुस्तकालय निर्माण कार्य प्रगति पर है। साथ ही पुस्तकालयों के समीप मॉडल छात्रावास और अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति छात्रों के लिए छात्रावास निर्माण की भी स्वीकृति दी गई है। कल्याण विभाग को निमार्णाधीन छात्रावासों की अद्यतन रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है।

**बंद खदानों का होगा बहुउपयोग, सिंचाई और मछली पालन को मिलेगा बढ़ावा**

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि बंद खदानों में संचित जल का उपयोग सिंचाई के लिए किया जाएगा। इसके लिए सोलर पंपों से खेतों में पानी पहुंचाने की योजना पर काम होगा। साथ ही इन क्षेत्रों को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित कर स्थानीय लोगों को मछली पालन से जोड़ा जाएगा। इसके लिए लाभुक समितियों का गठन और कृषि योग्य भूमि की पहचान की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।

**गर्मी को लेकर पेयजल आपूर्ति पर विशेष फोकस**

गर्मी को देखते हुए विधायकगणों ने पेयजल की स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि खराब चापाकलों की मरम्मत, सोलर जलापूर्ति योजनाओं की दुरुस्ती और टैंकरों से जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। डीएमएफटी मद से आवश्यकतानुसार टैंकरों की खरीद का भी निर्देश दिया गया। **हुसैनाबाद को मिलेगा पोस्टमार्टम हाउस, बेटियों के लिए नैपकिन योजना को स्वीकृति :** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में पोस्टमार्टम हाउस निर्माण, पार्कों के जीर्णोद्धार तथा मछुआ परिवारों को मोटरबोट देने की दिशा में कार्य योजना तैयार करने को स्वीकृति मिली। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय समेत अन्य विद्यालयों की 11वीं-12वीं की छात्राओं को निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराने की योजना को भी बैठक में हरी झंडी दी गई। बैठक की शुरूआत में उपविकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने कोष की स्थिति और पूर्व की बैठक की कार्यवाही की जानकारी दी।

# संविधान की रक्षा सिर्फ कांग्रेस कर सकती है : बिट्टू पाठक

**● नगर कांग्रेस कमेटी ने चलाया 'संविधान रक्षक अभियान', भाजपा पर साधा निशाना**

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** पलामू नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा मंगलवार को 'संविधान रक्षक अभियान' चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष हैदर खान ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन उर्फ बिट्टू पाठक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद कांग्रेस कार्यकताओं ने केंद्र सरकार और भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए संविधान की रक्षा का संकल्प लिया।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि भाजपा संविधान को ताक पर रखकर कार्य कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बाबा साहब अंबेडकर और महात्मा गांधी के विचारों का अपमान किया जा रहा है। पाठक ने कहा कि एक तरफ इंदिरा गांधी ने बैंकों और कोलियरियों का राष्ट्रीयकरण कर देश को मजबूत किया, वहीं आज की केंद्र सरकार देश की संपत्तियों को चुनिंदा पूंजीपतियों के हाथों बेच रही है।

उन्होंने कहा कि संविधान विरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का यह अभियान जनता को जागरूक करने के लिए है, ताकि लोग जान सकें कि किस प्रकार से लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं पर हमला किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि इस अभियान को जनता से अपार समर्थन मिल रहा है और कांग्रेस इसी तरह भाजपा के विरुद्ध संघर्ष करती रहेगी। कार्यक्रम में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रमुख रूप से ईश्वरी प्रसाद सिंह, तारकेश्वर पासवान, सत्येंद्र सिंह, कमल कौशल पासवान, तुलसी पासवान, कार्यालय प्रभारी जितेंद्र कमलापुरी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नेतरहाट प्रवेश परीक्षा में टिंकल यादव झारखंड में टॉपर

**▸▸ स्वामी विवेकानन्द आवासीय विद्यालय, गायत्री मंदिर रोड में पढ़ाई कर रहा छात्र बना राज्य का गौरव**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के लेस्लीगंज प्रखंड अंतर्गत ओरियाकला गांव निवासी टिंकल प्रसाद यादव ने नेतरहाट आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 2024-25 में पूरे झारखंड राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। टिंकल, ललन प्रसाद यादव के पुत्र हैं और वर्तमान में स्वामी विवेकानन्द आवासीय विद्यालय, गायत्री मंदिर रोड, मेदिनीनगर में नवोदय, नेतरहाट और सैनिक स्कूल की विशेष तैयारी कर रहे हैं। टिंकल ने नेतरहाट विद्यालय की कठिन प्रतियोगी परीक्षा में अनुकरणीय प्रदर्शन करते हुए रोल नंबर 10-NET-40372 के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शिक्षकों का मार्गदर्शन तथा परिवार का सहयोग महत्वपूर्ण रहा। स्वामी विवेकानन्द आवासीय विद्यालय द्वारा संचालित विशेष कोचिंग ने टिंकल को इस ऊँचाई तक पहुँचाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी टिंकल से प्रेरणा लेने की बात कही। विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन और व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। टिंकल की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार और विद्यालय को गौरव प्राप्त हुआ है, बल्कि पूरे पलामू जिले में खुशी की लहर है। शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों और स्थानीय ग्रामीणों ने भी टिंकल की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की है। टिंकल का सपना देश सेवा करना है, और वह आगे चलकर एक आईएएस अधिकारी बनना चाहते हैं।

## शिव शिष्य परिवार का संकल्पः लगाएंगे एक लाख पौधे

**मेदिनीनगर।** शहर के रमाडा होटल में शिव शिष्यता की आध्यात्मिक यात्रा एवं पर्यावरण संरक्षण को समर्पित 'हर घर एक पौधा' अभियान के तहत एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव शिष्य परिवार के प्रदेश संरक्षण अनिल साहू ने की। प्रेसवार्ता में पर्यावरण को लेकर गंभीर विमर्श किया गया और निर्णय लिया गया कि शिव शिष्य परिवार पूरे प्रदेश में एक लाख पौधे लगाएगा। अनिल साहू ने कहा कि वर्तमान समय में जिस तेजी से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है, उसका प्रभाव समाज, स्वास्थ्य और जलवायु पर साफ देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसे रोकने के लिए हर व्यक्ति को आगे आना होगा और कम से कम एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए शिव शिष्य परिवार ने यह संकल्प लिया है कि सिर्फ पौधे नहीं लगाएंगे, बल्कि उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी स्वयं निभाएंगे। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत हर जिले में शिव शिष्य परिवार के सदस्य पौधरोपण करेंगे और उनका संरक्षण भी करेंगे। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे इस अभियान से जुड़ें और पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सहयोग करें। मौके पर बबलू गुप्ता, अमन सिंह, धनंजय सिंह, ब्रजेश शुक्ला समेत संगठन के सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे। सभी ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि वे पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

# झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल वित्त मंत्री से मिला

**● आंदोलनकारियों को सम्मान पेंशन देने की मांग, उत्तराखंड मॉडल पर हो रहा विचार**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार देर शाम राज्य के वित्त, योजना एवं संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर से उनके अशोकनगर स्थित आवास पर मिला। प्रतिनिधिमंडल ने आंदोलनकारियों को उत्तराखंड की तर्ज पर सम्मान पेंशन और अन्य सुविधाएं देने की मांग करते हुए एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा। संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार ने मंत्री राधाकृष्ण किशोर से कहा कि झारखंड राज्य अब 25 वर्ष का युवा हो चुका है। इसके निर्माण में आंदोलनकारियों की भूमिका ऐतिहासिक रही है। उन्होंने आग्रह किया कि अब जेल जाने की बाध्यता समाप्त कर सभी आंदोलनकारियों को स्वतंत्रता सेनानियों के समान दर्जा और सुविधाएं दी जाएं, जिससे उनका सम्मान बहाल हो और वे स्वाभिमान के साथ जीवन यापन कर सकें।

मांग पत्र पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि आंदोलनकारियों के सम्मान और अधिकारों को लेकर सरकार गंभीर है। उत्तराखंड के मॉडल पर सम्मान पेंशन देने की प्रक्रिया पर विचार हो रहा है और इस दिशा में ठोस पहल की जाएगी। उन्होंने विधानसभा के एक अधिकारी से तत्काल संपर्क कर 26 मार्च को ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर दिए गए सरकारी जवाब की प्रति जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया।

किशोर ने कहा कि मुख्यमंत्री को भी इस विषय की जानकारी है और सरकार आंदोलनकारियों को लेकर संवेदनशील है। आवश्यकता पड़ी तो उत्तराखंड से संबंधित दस्तावेज भी मंगवाए जाएंगे ताकि झारखंड में भी उसी तरह की व्यवस्था लागू की जा सके। प्रतिनिधिमंडल में मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो, केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा, केंद्रीय कोषाध्यक्ष सरोजिनी कच्छप, उपाध्यक्ष इजहार राही, महानगर संयोजिका पुष्पा बरदेवा और कांग्रेस के प्रदेश सचिव जगदीश साहू सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

# बिजली-पानी के बिना जिले के कई आंगनबाड़ी केंद्र, बच्चों व कर्मियों को हो रही परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में संचालित कई आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली और पानी की सुविधा नहीं होने के कारण बच्चों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में सेविकाएं और सहायिकाएं भी मुश्किल में हैं। जिले के कुल 2625 आंगनबाड़ी केंद्रों में से केवल 1560 केंद्रों में ही बिजली की सुविधा है। वहीं, 1994 केंद्रों में ही पानी की व्यवस्था है। शेष केंद्रों में दोनों ही मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं, जिससे केंद्रों का संचालन प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने बताया कि जिन केंद्रों में बिजली की सुविधा नहीं है, वहां कनेक्शन के लिए राशि उपलब्ध कराई गई है। कई सेविकाओं ने बिजली विभाग में आवेदन भी दिया है, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी विभागीय अधिकारियों से बात करेंगी, ताकि जल्द से जल्द कनेक्शन मिल सके। पानी की सुविधा को लेकर उन्होंने कहा कि काम जारी है और सभी केंद्रों में जल्द ही पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

## बाइक दुर्घटना में दो युवक घायल

**हेरहंज।** बालूमाथ मार्ग पर मंगलवार को सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान थाना क्षेत्र के चिरू ग्राम निवासी रविंद्र गंझू के पुत्र हिमांशु कुमार व कौलेश्वर सिंह के पुत्र अंजन कुमार के रूप में हुई है। उन्हे स्थानीय लोगों की सहयोग से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टर संजय सिद्धार्थ द्वारा इलाज किया गया। बाइक दुर्घटना में घायल हिमांशु कुमार का दाहिना हाथ फैक्चर कर गया है। साथ ही शरीर में कई जगहों पर गंभीर और आंतरिक चोट लगी है। दोनों युवक अपने घर से बालूमाथ किसी जरूरी कार्य को लेकर आ रहे थे। इसी दौरान ब्रह्म मोरिया गांव के पास दूसरे वाहन की चपेट में आकर वे अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए।

# जिले में पोषण पखवाड़ा शुरू जागरूकता रैली से हुई शुरुआत

**उपायुक्त ने दिलाई सही पोषण की शपथ, आंगनबाड़ी कार्यकताओं और छात्राओं ने लिया भाग**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जिले में पोषण पखवाड़ा की शुरूआत 8 मार्च से हुई है, जो 22 मार्च तक चलेगा। इस दौरान महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। समाहरणालय परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह में उपायुक्त शशि रंजन ने आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं और पर्यवेक्षिकाओं को 'सही पोषण - देश रोशन' का संकल्प दिलाया। इसके उपरांत समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को पोषण पखवाड़ा के तहत राज्य सरकार द्वारा तय कैलेंडर के अनुरूप सभी कार्यक्रमों को व्यवस्थित रूप से संचालित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि बच्चों, महिलाओं और युवाओं के अच्छे स्वास्थ्य के लिए पोषण का स्तर बेहतर होना जरूरी है। पखवाड़े के दौरान जीवन के पहले 1000 दिनों के महत्व, लाभार्थी माड्यूल को लोकप्रिय बनाने, समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन के क्रियान्वयन और बच्चों में मोटापे की रोकथाम को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने समाज कल्याण विभाग सहित सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर पखवाड़े को सफल बनाने को कहा। बैठक में उप विकास आयुक्त समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

इससे पूर्व, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान के नेतृत्व में जागरूकता रैली का आयोजन हुआ। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया, जो परिषदन भवन से होते हुए साहित्य समाज चौक, हॉस्पिटल चौक, छहमुहान, कचहरी चौक होते हुए समाहरणालय पहुंची, जहाँ उपायुक्त द्वारा पोषण की शपथ दिलाई गई। रैली में आंगनबाड़ी कार्यकताओं के साथ-साथ योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय की एनएसएस छात्राएं भी शामिल हुईं। पूरे आयोजन का उद्देश्य समाज में पोषण के प्रति जन-जागरूकता फैलाना रहा।

# अश्लील चैट मामले में प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई तय : डीईओ

**● जांच समिति गठित, रिपोर्ट के आधार पर होगी सख्त कार्रवाई**

**नवीन मेल संवाददाता**


डीईओ

**मेदिनीनगर।** तरहसी प्रखंड अंतर्गत स्तरोनत उच्च विद्यालय, सेलारी के प्रभारी प्रधानाध्यापक अजय दुबे के खिलाफ वायरल अश्लील व्हाट्सएप चैट के मामले में शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) सौरभ प्रकाश ने बताया कि तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन कर दिया गया है। समिति की रिपोर्ट के आधार पर संबंधित शिक्षक के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता महसूस होने पर उन्हें विद्यालय से हटाया भी जा सकता है। डीईओ ने जानकारी दी कि यह जांच समिति क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में विद्यालय पहुंचेगी तथा विद्यालय के शिक्षकों, छात्राओं एवं स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत कर तथ्यों पर आधारित विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी। रिपोर्ट मिलने के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों अजय दुबे की कथित अश्लील व्हाट्सएप चैट सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी, जिसमें आपत्तिजनक भाषा और संवादों का प्रयोग किया गया था। इसके सामने आने के बाद क्षेत्र में विरोध तेज हो गया है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष समेत कई सदस्यों और ग्रामीणों ने संबंधित प्रधानाध्यापक को तत्काल पद से हटाने, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और गिरफ्तारी की मांग की है। हालांकि, अजय दुबे ने स्वयं पर लगे आरोपों को निराधार बताते हुए इसे उनके खिलाफ रची गई साजिश करार दिया है। उनका कहना है कि उनसे बीस हजार रुपये की अवैध मांग की गई थी, और जब उन्होंने इनकार किया, तो उन्हें बदनाम करने के उद्देश्य से फर्जी चैट तैयार कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई। इस संबंध में उन्होंने साइबर थाना, मेदिनीनगर में लिखित शिकायत भी दर्ज कराई है। फिलहाल शिक्षा विभाग द्वारा गठित समिति जांच में जुटी है और सभी की निगाहें अब रिपोर्ट पर टिकी हैं।

## एक नजर

### उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी व उसके निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। जनता दरबार में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन, बकाया मजदूरी भुगतान, अनुकंपा आधारित नौकरी समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त ने समस्याएं सुनी व निराकरण का संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया।

### आनंद मार्ग ने पनशाला शुरू किया

**रंका।** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम द्वारा एनएच 343 मुख्य सड़क पर पनशाला का मंगलवार को शुभारंभ किया गया। आनंद मार्ग के आचार्य अविंद्रानंद अवधूत के द्वारा राहगीर एवं ग्रामीणों को मिठाई व पानी पिलाकर पनशाला का शुभारंभ किया गया। इस संबंध में आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम के अखिलेश दास ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एनएच 343 मुख्य सड़क के बगल में पनशाला का शुरू की गई है। इस राह से जाने वाले राहगीरों को मिठाई एवं पानी मुफ्त में मिलेगी। मौके पर आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम के अखिलेश दास, शिवपूजन यादव, विश्वनाथ प्रसाद, शिव सोनी, शिव नारायण मालाकार लोग उपस्थित थे।

### अल्ट्रासाउंड जांच केंद्र का उद्घाटन

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय में मुख्य सड़क स्थित कांडी अस्पताल के सामने मंगलवार को महावीर अल्ट्रासाउंड जांच केन्द्र का शुभारंभ किया गया। थाना प्रभारी अविनाश राज, प्रखंड प्रमुख नारायण यादव, जिला पार्षद सुषमा कुमारी ,मुखिया प्रतिनिधि नीरज सिंह,विभूति नारायण दुबे उर्फ नंदलाल दुबे ने संतुक्त रूप से फीता काटकर केन्द्र का उद्घाटन किया। मौके पर सभी अतिथियों का अंगवस्त्र व बुके देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथियों ने कहा कि कांडी में अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा उपलब्ध हो जाने से प्रखंड के लोगों को सुविधा मिलेगी। अल्ट्रासाउंड जांच सेंटर खुल जाने से अब यहां के लोगों को बाहर गढ़वा,डालटनगंज, रांची, बनारस नहीं जाना पड़ेगा। मौके पर प्रोपराइटर डॉक्टर ब्रजेश कुमार पांडेय, गौरी शंकर पांडेय, डॉ मनीष सिंह, महेन्द्र पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि कौशल सिंह, रामाश्रय पांडेय, शशि पांडेय, अरविंद पांडेय, रमाकांत पांडेय, एसआई विद्या सागर प्रसाद, डॉ. अनिल प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मुखिया ने टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

**रंका।** प्रखंड के सोनदाग पंचायत की शिकर दाहा खेल ग्राउंड में प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ सोनदाग मुखिया रिंकी देवी, बीडीसी कुमारी रीना भारती, डॉ. दयाशंकर ठाकुर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन क्रिकेट खेल कमेटी द्वारा किया गया है। मुख्य अतिथि मुखिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। क्रिकेट खेल पूरे विश्व में खेला जा रहा है। सभी अच्छा खेल का प्रदर्शन कर बेहतर खिलाड़ी बन कर पंचायत, प्रखंड, अनुमंडल व जिला का नाम रौशन करें।

### सांप काटने से महिला घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के मकरी लालहकी दामर टोला में बीती रात्रि एक जहरीला सांप के काटने से उपेंद्र राम की पत्नी सरिता देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे घायला अवस्था में परिजनों द्वारा भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सक नीतेश भारती ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया। सरिता ने बताया कि रात्रि में खाना बनाने के दौरान एक करैत सांप पैर के नीचे दबने से काट लिया, जिसके बाद घर वाले ने पैर में काटे स्थान के ऊपर बांधकर इलाज के लिए लाए।

# अनियंत्रित बोलेरो पलटने से ड्राइवर सहित सात घायल



**उत्तर प्रदेश के अमिला देवी धाम से दर्शन कर सभी लौट रहे थे**

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सोन तटीय क्षेत्र चंदना में मंगलवार की दोपहर एक बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर पलट जाने से ड्राइवर सहित कुल सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना जोरदार था कि बोलेरो के पलटने की आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़े और तुरंत राहत व बचाव कार्य में जुट गए। ग्रामीणों ने बोलेरो में फंसे सभी घायलों को बाहर निकाला और इलाज के लिए भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि सभी घायल केतार गांव के निवासी हैं। उत्तर प्रदेश के अमिला देवी धाम से दर्शन कर बोलेरो से लौट रहे थे। चंदना के पास एक तीखा मोड़ है, जहां तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे पलट गई। हादसे में बोलेरो के ड्राइवर सहित सभी सवार लोग घायल हो गए। इनमें से कुछ की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को प्राथमिक इलाज के लिए भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही खरौंधी थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी अपनी पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने क्षतिग्रस्त बोलेरो को कब्जे में लेकर थाना भिजवाया और घटना स्थल का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी ने बताया कि यह हादसा तीखे मोड़ पर तेज रफ्तार के कारण हुआ। सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

### टेंपो पलटने से एक की मौत

**श्री बंशीधर नगर** बंशीधर नगर भवनाथपुर मुख्य मार्ग पर मंगलवार की शाम तुलसीदामर घाटी के समीप टेंपू पलटने से सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए 108 एंबुलेंस से अनुमंडल अस्पताल भर्ती कराया गया है। वहां सभी घायलों का इलाज अनुमंडल अस्पताल में किया गया। दुर्घटना में मृतक की पहचान रमना थाना क्षेत्र के सिलिदाग ग्राम निवासी 35 वर्षीय राकेश चंद्रवंशी के रूप में की गई है। स्थानीय पुलिस अधिकारी ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना में घायल होने वालों में रमना थाना क्षेत्र के सिलिदाग ग्राम निवासी विजय बैठा और उनकी पत्नी संगीता देवी, नीरज कुमार, केतार थाना क्षेत्र के ताली ग्राम निवासी अजीत कुमार, केतार ग्राम निवासी भगवंती देवी, बक्शीपुर ग्राम निवासी बिशुनदेव राम, खरौंधी थाना क्षेत्र के कुपा ग्राम निवासी कैलाश भुइयां के पुत्री गीता कुमारी का नाम शामिल है। घटना के बारे में घायलों ने बताया कि सभी लोग टेंपों से भवनाथपुर से बंशीधर नगर आ रहे थे। तुलसीदामर घाटी के समीप टेंपों चालक तेज गति से घुमावदार में पलट गया।

### प्रमुख के निरीक्षण में गायब मिले सीएचओ



**केतार।** प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने मंगलवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर मुकुंदपुर व परसोडिह उप स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। इसमें परसोडीह उप स्वास्थ्य केन्द्र बंद मिला। प्रमुख द्वारा दूरभाष पर बात करने पर एएनएम मंजू देवी ने कहा कि उक्त अस्पताल में किसी तरह कि व्यवस्था नहीं है, इस कारण आधा किलोमीटर दूर किराये के रूम में रहती हैं। इसलिए उक्त अस्पताल बंद है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर मुकुंदपुर में पदस्थापित सीएचओ अपनी उपस्थिति दर्ज कर दोपहर डेढ़ बजे चले गए थे। प्रमुख द्वारा संपर्क करने पर सीएचओ शंकर भारद्वाज ने बताया कि अस्पताल के अलावा अन्य कार्य होता है। इसलिए बाहर आये है। उक्त दोनों अस्पताल में 61,800 रुपए कि दवा कि खरीदी विभाग द्वारा कर ली गई है। प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा कि अस्पतालों में दवा खरीद अवैध तरीके से कि गयी है। एएनम,सीएचओ, मुखिया से चेक पर हस्ताक्षर कराकर राशि ले ली गयी, परंतु दवा कि सूची अस्पताल को उपलब्ध नहीं कराया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया चापानल मरम्मति वाहन को रवाना




**गढ़वा।** पेयजल व स्वच्छता प्रमंडल गढ़वा अंतर्गत चापानल मरम्मति वाहन को मंगलवार को उपायुक्त शेखर जमुआर ने हरी झंडी दिखाकर समाहरणालय परिसर से गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों के लिए रवाना किया। बताते चले कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल की समस्या से निजात पाने के लिए गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों, गांवों में लगे चापनलों को ठीक कराने के लिए मरम्मति वाहन का संचालन कराया जा रहा है। इसमें मिस्त्री, मजदूरों द्वारा खराब पड़े चापानलों को बनाया जाएगा। उपायुक्त ने बताया गया कि चापानल मरम्मति वाहन संबंधित खराब पड़े चापानलों की मरम्मति करते हुए पेयजल की व्यवस्था करने का कार्य करेगी। उक्त मौके पर उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अजय कुमार सिंह समेत अन्य संबंधित उपस्थित थें।

### एसपी ने पुलिस पदाधिकारी आवास की रखी आधारशीला

**भवनाथपुर।** पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय, पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह ने संयुक्त रूप से मंगलवार को भवनाथपुर थाना परिसर में बनने वाली पुलिस पदाधिकारी आवास की आधारशीला भूमिपूजन के बाद नारियल फोड़कर और ईंट जोड़ कर रखी। मौके पर एसपी दीपक पांडेय ने कहा कि झारखंड पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के तहत 3.50 करोड़ की लागत से आनंद कंस्ट्रक्शन द्वारा निर्माण कराई जायेगी। थाना में थ्री बीएचके के 16 आवास का निर्माण होगा। कहा कि पहले थाना में आवासीय परिसर नहीं होने के कारण पुलिस कर्मी व पदाधिकारियों को अपने परिवार के साथ नहीं रह सकते थे। अब आवास बन जाने से पदाधिकारी और कर्मी अपने परिवार के साथ रह सकते है। कहा कि उक्त आवास का निर्माण कार्य संवेदक द्वारा डेढ़ वर्ष के अंदर पूर्ण कर लिया जायेगा। इस अवसर पर सडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, केतार थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी, खरौंधी थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी, हरिहरपुर ओपी प्रभारी सफीउल्लाह अंसारी, एसआई प्रदीप उरांव, परवेज आलम, निरंजन शर्मा, एएसआई उपेंद्र राम, आशुतोष श्रीवास्तव, भाजपा नेता कामता प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### परिवहन विभाग ने छात्रों को दी सड़क सुरक्षा की जानकारी

**गढ़वा।** जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकश के निर्देश पर जिले के उत्क्रमित हाई स्कूल ओबरा में छात्रों के बीच काउंसलिंग कर सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया। इसके अंतर्गत बताया गया कि बाइक चलाने वक्त हेलमेट का प्रयोग जरूर करें, कभी भी नाबालिग को वाहन चलाने की अनुमति ना दें, कभी भी गति सीमा को पार ना करें, रोड पर कभी भी क्रोधित होकर वाहन का प्रयोग न करें, वाहन चलानें वक्त गतिसीमा से बाहर ना जायें। साथ ही हिट एंड रन एवं गुड सेमेरिटन योजना के बारे में भी जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें। इस दौरान सभी लोगों से अनुरोध किया गया कि कभी भी दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को देखें तो निष्पक्ष होकर आगे बढ़कर दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को मदद करें या फिर नजदीकी अस्पताल में पहुंचा कर गुड सेमेरिटन बनें। सभी लोगो के बीच रोड़ सेफ्टी हैण्डबुक और रोड़ सेफ्टी पम्पलेट का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधन संजय बैठा समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### पंचायत सचिवालय में पेंशन शिविर का आयोजन

**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार के निर्देश पर मंगलवार को मुकुंदपुर पंचायत सचिवालय में मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन शिविर का आयोजन किया गया। पेंशन शिविर का शुभारंभ मुखिया मूंगा साह ने किया। मुखिया मूंगा साह ने बताया कि पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए महिला लाभुकों कि उम्र 50 वर्ष होना चाहिए। पुरुष लाभुकों कि उम्र 60 वर्ष होना चाहिए। एसी,एसटी पुरूष लाभुकों को 50 वर्ष की उम्र में ही पेंशन योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए उन्हें जाति प्रमाण पत्र फार्म के साथ लगाना है। शिविर में पेंशन योजना के लाभ के लिए 36 लाभुकों ने आवेदन जमा किया। उनमें 16 आवेदन का जांच कर ऑन द स्पॉट पेंशन स्वीकृत किया गया। पंचायत सचिव आदित्य कुमार ने बताया कि प्राप्त सभी आवेदनों का जांच के बाद योग्य लाभुकों को पेंशन योजना का लाभ मिलेगा। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह खरवार,धर्मेन्द्र सिंह, राजकिशोर सिंह, सुरेश गुप्ता, सुनील कुमार , अखिलेश सिंह, अंगद कुमार,विजय कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### बकाया भुगतान की मांग को लेकर धरना पर बैठे मजदूर

**भवनाथपुर।** कोडरमा जिला अंतर्गत बांझेडीह पावर प्लांट डीवीसी में थर्मेक्स कंपनी के अंतर्गत मनप्रीत इंजीनियरिंग में 42 मजदूरों का मजदूरी भुगतान नहीं होने से मजदूर ने कंपनी के खिलाफ धरना पर बैठे हुए थे। धरना पर बैठे मजदूरों ने इसकी जानकारी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा गढ़वा के वरीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश पासवान को दी। जयप्रकाश पासवान ने झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय कोर कमेटी सदस्य सह केंद्रीय सचिव व बरकट्टा विधानसभा के नेता रविशंकर यादव से वार्ता कर मजदूरों का समस्याओ से अवगत कराया, इस पर शिवशंकर यादव ने कंपनी से तत्काल वार्ता की व मजदूरों के साथ धरने पर बैठे। कंपनी ने 12 अप्रैल तक बकाया राशि का भुगतान करने संबंधी लिखित आश्वासन दिया गया। उसके बाद धरना प्रदर्शन खत्म किया गया। बता दें कि जो बकाया मजदूरी को लेकर कंपनी के विरुद्ध धरना पर बैठने वाले मजदूरों में भवनाथपुर प्रखंड अंतर्गत कोणमंडरा के आठ मजदूर विनोद उरांव, अजीत उरांव, विनेश उरांव, शिव उरांव, अशोक उरांव, मुन्ना उरांव, विश्वनाथ सिंह, और प्रकाश उरांव शामिल थे।

## डीएलटीडी की बैठक: उपायुक्त ने वित्त पोषण परिसीमा निर्धारण की

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभा कक्ष में गढ़वा जिले के लिए खरीफ 2025 व रबी 2025-26 के लिए मुख्य फसलों के वित्त पोषण की परिसीमा के निर्धारण के लिए बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला स्तरीय तकनीकी समिति (डीएलटीडी) के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सर्वप्रथम जिला कृषि पदधिकारी शिवशंकर प्रसाद द्वारा जिले में लगने वाले प्रमुख फसलों का निर्धारण के संबंध में अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को कृषि कार्य हेतु ऋण उपलब्ध कराना है। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि वर्ष 2025-26 में लगने वाली प्रमुख फसलों का अवलोकन के लिए जिला स्तरीय तकनीकी समिति के सभी सदस्यों को उपलब्ध कराया गया है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पिछले वर्ष को आधार मानते हुए इसमें 2025-26 में निर्धारित दैनिक मजदूरी व उपादान के मूल्य में वृद्धि को सम्माहित करते हुए इस वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित किया जाय। इस प्रकार सभी सदस्यों द्वारा विमर्श व आकलन गणना के आधार पर जिले में लगने वाले फसलों व मत्स्य पालन, पशुपालन का अनुमोदित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, जिला पशुपालन पदाधिकारी विद्यासागर सिंह, जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी गिरीश कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी धनराज कापसे, एलडीएम, डीडीएम नाबार्ड, कृषि वैज्ञानिक एवं कृषक समेत आने संबंधित उपस्थित थें।

## केंद्र खुलने के इंतजार में प्रसव पीड़ा से तड़पती रही महिला

नवीन मेल संवाददाता



**रमना।** टंडवा पंचायत के महिला पूनम देवी को प्रसव पीड़ा शुरू होने पर परिजन उसे लेकर उप स्वास्थ्य केंद्र टंडवा दोपहर एक बजे पहुंचे, लेकिन उप स्वास्थ्य केंद्र बंद होने की वजह से बाहर ही करकट के शेड में महिला को लिटा दिया गया। इसके बाद लोग केंद्र खुलने का इंतजोर करने लगे। इस दौरान प्रसव पीड़ा से पूनम कराहती रही। काफी देर तक जब कोई नहीं आया, दोपहर राहगीरों और पंचायत में उपस्थित लोगो से सास ने इस केंद्र के खुलने के बारे में पूछताछ शुरू की। उस समय पीएलवी राकेश कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क कर जानकारी ली। तब पता चला की इस केंद्र के पदस्थापित सीएचओ अवकाश पर हैं। इसके बाद ममता वाहन को कॉल कर प्रसूती महिला पूनम को सामुदायिक केंद्र भेजा गया। इस संबंध में अनुमंडलीय चिकित्सा पदाधिकारी सुचित्रा कुमारी ने बताया कि इस केंद्र में पदस्थापित एएनएम का ऑपरेशन हुआ हैं, इस कारण वह छुट्टी पर हैं। सीएचओ 9 से तीन रहते हैं।

### पूर्व नंप अध्यक्ष ने खराब चापानल के प्रति ध्यान आकृष्ट कराया

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन देकर भीषण गर्मी को देखते हुए नगर पंचायत क्षेत्र के सभी 17 वार्डो में लगे सोलर जलमीनार और चापानलों को दुरुस्त कराने की मांग की है। कार्यपालक पदाधिकारी को दिये आवेदन में कहा गया है कि नगर पंचायत क्षेत्र के सभी 17 वार्डो में तीन तीन सोलर जलमीनार लगे हैं, जिसे दुरुस्त कराने की आवश्यकता है। नगर पंचायत क्षेत्र के कई सार्वजनिक स्थलों पर चापानल लगा है, जो खराब है। खराब चापानलों की मरम्मती कराकर नगर पंचायत क्षेत्र वासियों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जाय। कई सोलर जलमीनार खराब होने की सूचना मिली है, जिससे वहां के लोगों को पेयजल के लिये काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय स्टेट बैंक के बगल में लगा सोलर जलमीनार लगभग 6 माह से खराब पड़ा है। सभी खराब जलमीनारों को तत्काल ठीक कराकर चालू कराया जाए ताकि लोगों को पेयजल के लिये परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

## खेल बेहतरीन करियर बनाने का साधन बन गया है: अनंत प्रताप देव



नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत अधौरा स्थित टीडीएम कॉलेज ग्राउंड में आयोजित नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन विधायक अनंत प्रताप देव,झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहीर अंसारी,झामुमो युवा नेता दीपक प्रताप देव ने संयुक्त रूप ने किया। इस दौरान विधायक ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नारियल फोड़ कर उसके बाद मैच खेलने वाली टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। विधायक ने कहा की खेल जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। खेल सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि जीवन को अनुशासित बनाने का माध्यम है। खेल आज बेहतरीन करियर बनाने का साधन बन गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे टूर्नामेंट से प्रतिभा सामने आती है। उन्होंने कहा कि शहर में खेल मैदान की कमी है। इसके लिए वह प्रयासरत है। विधानसभा में भी आवाज उठा चुके हैं। वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी, युवा नेता दीपक प्रताप देव,मानवेंद्र प्रताप देव उर्फ मन्नू बाबा, झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय ने भी संबोधित किया। मौके पर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय,झामुमो जिला उपाध्यक्ष श्रवण सिंह खरवार,अमरनाथ पांडेय,उदय सिंह,सुधीर प्रसाद,गौरव पांडेय, अमन देव, विकाश पाल,बाबूलाल चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। उद्घाटन मैच पत्रकार इलेवन और प्रशाशन एकादश के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पत्रकार इलेवन की टीम ने निर्धारित ओवर में 74 रनों का स्कोर खड़ा किया। विकास बबलू ने 20,0 प्रवीण जायसवाल ने 16 और पप्पू पांडेय ने 14 रनों का योगदान दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी प्रशासन इलेवन ने अमित ओझा के 45 रनों के बदौलत पांचवे ओवर में ही मैच जीत लिया। अमित ओझा को मुक्तेश्वर पांडेय ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## बीसीए 2022-25 सत्र को नियमित करने की मांग को लेकर कुलपति से मिला छात्र प्रतिनिधिमंडल



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जीएलए कॉलेज में संचालित वोकेशनल पाठ्यक्रम बीसीए (सत्र 2022-25) के छात्रों का एक प्रतिनिधिमंडल नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार सिंह से मिला और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बीसीए के छात्र शुभम कुमार सिंह ने किया। छात्रों ने कुलपति का ध्यान कॉलेज में व्याप्त समस्याओं की ओर आकर्षित कराया और विशेष रूप से सत्र की अनियमितता पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि सत्र 2022-25 के द्वितीय वर्ष की परीक्षा अब तक आयोजित नहीं हुई है, जबकि यह सत्र वर्ष 2025 में समाप्त हो जाना चाहिए था। इससे छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। ज्ञापन में छात्रों ने समय पर परीक्षाएं आयोजित कराने, कॉलेज में नियमित रूप से गणित, भौतिकी समेत सभी विषयों की कक्षाएं संचालित करने तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों को सुदृढ़ करने की मांग की। इस अवसर पर शाहिद खान, सौरभ, शंकर, हजरत, दानीश, कौशल, मयंक समेत कई छात्र उपस्थित थे।

## निर्णय

### पंसस की बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा

# चापानल मरम्मती, अबुआ आवास पर चर्चा



नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रमुख आभा रानी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पिछले वित्तीय वर्ष की कार्य योजनाओं की समीक्षा की गई। मनरेगा के तहत चल रही योजनाओं की जानकारी बीपीओ से मांगी गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15वें वित्त आयोग से बनने वाली योजनाओं को पोर्टल पर अंकित कराया जाएगा। बीडीसी सदस्यों ने अबुआ आवास की स्वीकृति और भुगतान को लेकर आवाज उठाई, जिस पर बीडीओ रवींद्र कुमार ने बताया कि जिला से लक्ष्य के अनुसार राशि प्राप्त नहीं होने के कारण भुगतान रुका हुआ है। राशि मिलते ही लाभुकों को भुगतान कर दिया जाएगा। बैठक में अंचल अधिकारी ने केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) के तहत सभी पंचायतों से 20-20 आवेदन फार्म जमा करने को कहा, ताकि किसानों को बारिश से पहले कृषि ऋण उपलब्ध कराया जा सके। प्रमुख आभा रानी ने सभी संचालित योजनाओं को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया, ताकि नई योजनाएं ली जा सकें। साथ ही बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य और बाल विकास जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। बीडीओ रवींद्र कुमार ने पंचायत सेवकों, मुखियों और बीडीसी सदस्यों से कहा कि गर्मी के कारण जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, ऐसे में सभी खराब चापाकलों की सूची जल्द से जल्द प्रखंड कार्यालय को दें ताकि पीएचईडी विभाग को मरम्मती के लिए भेजा जा सके। पीएचईडी विभाग के जेई ने बताया कि सभी खराब चापानलों की मरम्मती के लिए प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है और सूची मिलने पर कार्य शुरू किया जाएगा। बैठक में उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य ,बीडीसी सदस्य कृष्णा राम, शीलवंती देवी, पूर्णिमा देवी, कुलवंती देवी, चंदनी मुखिया, राम गहन मेहता, बीपीओ अंकित कुमार सिंह, पंचायती राज समन्वयक प्रवीण कुमार, जनसेवक उमेश कुमार, विनोद पासवान, कपिलदेव सिंह, जूनियर सब-इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार मेहता सहित सभी विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार**

**ई- निविदा आमंत्रण सूचना (D.M.F.T. मद)**

ई–निविदा संख्या :– 01/2025-26/EE/RWD/LATEHAR    दिनांक : 07.04.2025

| क्र0 | आईडेंटीफिकेशन सं0/पैकेज सं0 | प्रखंड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/LATEHAR/01/2025-26 | बरियातु | प्रखंड – बारियातु के पंचायत फुलसू के ग्राम लादु में कृष्णा सिंह के घर से संतोश साव एवं बैधनाथ सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 43.18600 | रू0 तैंतालीस लाख अठ्ठारह हजार छः सौ रूपये मात्र। | 06 माह |
| 2 | RWD/LATEHAR/02/2025-26 | बारियातु | प्रखंड – बारियातु के पंचायत फुलसू के ग्राम हिसरी में अवध सिंह के घर से मंदिर होते हुए उरॉव टोली तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 60.32600 | रू0 साठ लाख बत्तीस हजार छः सौ रूपये मात्र। | 06 माह |
| 3 | RWD/LATEHAR/03/2025-26 | बारियातु | प्रखंड – बारियातु के पंचायत फुलसू के ग्राम लादु में बारियातु हेरहंज मुख्य पथ से महावीर मन्दिर होते हुए बड़का आहर कसमार तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 86.32700 | रू0 छियासी लाख बत्तीस हजार सात सौ रूपये मात्र। | 06 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 15.04.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 26.04.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 28.04.2025 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038
6. संवेदक पर जिलान्तर्गत किसी भी योजना का कार्य लंबित रहने पर उनकी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
7. एक संवेदक को एक वित्तीय वर्ष में इस मद का एक ही कार्य आवंटित किया जायेगा।
8. कार्य आवंटन में स्थानीय संवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 349895 Rural Development (25-26)_D

# स्वास्थ्य विभाग ने गैर कानूनी तरीके से चल रहे दो अल्ट्रासाउंड को किया सील

नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र में निर्धारित मानकों को दरकिनार कर संचालित हो रहे स्वास्थ्य केंद्रों पर जिला प्रशासन ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की है। आरसीएच पदाधिकारी ललित रंजन पाठक के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रानी अस्पताल व भारत अल्ट्रासाउंड की जांच की। जांच की जानकारी मिलते ही संचालक मौके से फरार हो गया। आवश्यक दस्तावेजों को खंगालने के बाद जांच टीम को कई अहम दस्तावेज भी हांथ लगे हैं, जिसके आधार पर तत्काल सील करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने की विभागीय तैयारी चल रही है। इसके बाद जांच टीम आम्रपाली परियोजना के होन्हे में संचालित स्वास्थ्य सेंटर में पहुंच कर विस्तृत जायजा लिया। बताया गया कि स्वास्थ्य केंद्र संचालन से पूर्व नियमानुसार मानकों का अनुपालन के लिए पंजीकरण कराना अत्यावश्यक है, जिसका अनुपालन अब तक नहीं किया गया है। जांच टीम को निबंधन के लिये प्रक्रियाधीन होने की जानकारी दिये जाने पर आरसीएच डॉ. ललित रंजन पाठक ने असंतोष व्यक्त करते हुए संचालकों को 15 दिनों का समय दिया। पूछे जाने पर आरसीएच पदाधिकारी ने बताया कि क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 2010 के तहत देश भर में सभी नैदानिक प्रतिष्ठानों को पंजीकृत और विनियमित कराना आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग को गुमराह करने की लगातार मिल रही शिकायतों पर उपायुक्त के आदेश व सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार के निर्देश पर जांच की जा रही है। उन्होंने सख्त लहजे में हिदायत देते हुए कहा कि समय सीमा बीतने के बाद स्वास्थ्य केंद्र को सील करते हुए संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की जायेगी। जांज दल में सीओ विजय कुमार दास, चिकित्सा प्रभारी डॉ सुदीप कुमार, एएसआई अविनाश पासवान, बीपीएम उदय तिवारी,बीडीएम दीपेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार समेत अन्य शामिल थे।




### स्वास्थ्य केंद्र संचालन से पूर्व निबंधन कराना है कानूनी बाध्यता

आरसीएच डॉ. ललित रंजन पाठक ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र संचालन से पूर्व पंजीकृत कराने की कानूनी बाध्यता है। इसका मकसद चिकित्सा सेवा की गुणवत्ता और एकरुपता बनाये रखना है, ताकि मानकीकृत उपचार प्रोटोकॉल का अनुपालन के साथ प्रतिष्ठानों का डेटाबेस उपलब्ध हो।

### स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से अवैध संचालकों में हड़कंप

विभागीय कार्रवाई से जहां अवैध संचालकों में हड़कंप मचा गया है। आम लोगों द्वारा कार्रवाई पर कई सवालिया निशान लगा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार प्रखंड क्षेत्र में बड़े पैमाने पर संचालित दवा दुकानदारों के पास आवश्यक वैध लाइसेंस मौजूद नहीं है। बगैर फार्मासिस्टों के यहां धड़ल्ले से दवा की बिक्री हो रही है।

## न्यूज बॉक्स

### साई नर्सिंग होम में चिकित्सा शिविर आज

**चंदवा।** शहर के रांची रोड स्थित साई नर्सिंग होम परिसर में बुधवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। नर्सिंग होम के संचालक रोहित कुमार ने बताया कि उक्त शिविर में रांची के प्रसिद्ध मधुमेह (शुगर) रोग विशेषज्ञ सह फिजिशियन डॉ. ए चंद्रा उपस्थित रहेंगे। शिविर में थायराइड,शुगर व बीपी की निःशुल्क जांच की जायेगी। उन्होंने बताया कि आनेवाले दिनों में हर माह के दूसरे व चौथे बुधवार को उक्त चिकित्सक यहां सेवा देंगे। मेदिनीनगर व रांची के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋषि राज प्रत्येक बुधवार को उपलब्ध रहेंगे।

### बीएस कॉलेज में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के बानपुर स्थित बनवारी साहू महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना शाखा के द्वारा गोद लिए गांव में जागरूकता कार्यक्रम चलाया। कार्यक्रम के माध्यम से स्वयंसेवक छात्राओं ने ग्रामीणों को पोषण से संबंधित जागरूकता के विषय में बताया। इसके बाद महाविद्यालय परिसर में पोषण से संबंधित व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि देश में कुपोषण एक बड़ी समस्या है।कुपोषण से निपटने के लिए केंद्र सरकार पोषण अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई यह प्रमुख पहल और मिशन है, जिसका मकसद स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों गर्भवती महिलाओं और छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए पोषण संबंधी परिणामों में सुधार करना है।प्रोफेसर नरेश कुमार पांडे, सीमा, हरि सिंह, कृष्ण मोहनलाल राणा, नवल किशोर प्रसाद एवं अनुपम कुमार मिश्रा ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम आगामी 23 अप्रैल तक चलेगा।

### संदिग्ध हालत में मिला महिला का शव, पुलिस जांच में जुटी

**सिमरिया।** सिमरिया-हजारीबाग रोड में लिपदा गांव के पास सोमवार की शाम एक महिला का शव मिला। रामनवमी जुलूस को देखते हुए पुलिस शव को कब्जे में कर थाने ले आई। शव की शिनाख्त बानासाडी निवासी मुखवा देवी पति सुदन पासवान के रुप में की गई। घटना के बाद मृतिका के परिजनों और ग्रामीणों में शोक की लहर छा गई है। महिला के पति सुदन पासवान ने बताया कि घटना से कुछ घंटे पहले वह अपने पैतृक गांव डाडी गया था। उस समय ही उनकी पत्नी घर से बाहर निकली थी। इसके बाद अचानक उनके शव मिलने की खबर मिली। थाना प्रभारी प्रियेश प्रसुन ने बताया कि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। शव पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

### जिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में महिला टीम को निःशुल्क प्रवेश : पंकज तिवारी

**लातेहार।** लातेहार जिला वॉलीबॉल संघ के तत्वावधान में 10 से 15 अप्रैल तक आयोजित लातेहार जिला महिला पुरुष लीग कम नॉकआउट वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले जिले के महिला टीमों को निशुल्क इंट्री दिया जाएगा। उक्त बातें आयोजन समिति के अध्यक्ष पंकज तिवारी ने कही। उन्होंने कहा कि जिले में महिला वॉलीबॉल खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में बढ़ावा देने और लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से महिला टीम को इस प्रतियोगिता में निशुल्क इंट्री दी जा रही है। आयोजन समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि अत्याधिक गर्मी को देखते हुए प्रतियोगिता को नाइट में भी कराया जाएगा। महिला टीम की प्रतियोगिता शाम 4 बजे से 6 बजे तक चलेगी। जबकि पुरुष वर्ग का प्रतियोगिता 6 बजे से रात 11 बजे तक आयोजित की जाएगी।बैठक में सचिव प्रवीण मिश्रा ने कहा कि 10 अप्रैल को तीन से चार बजे के बीच मैच प्रारंभ किया जाएगा। बैठक में वरीय उपाध्यक्ष रंजीत पांडेय, उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार, साजन कुमार, कामिल अंसारी, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार शुभम साहू आदि उपस्थित थे।

## प्रशासनिक उदासीनता की भेंट चढ़ गया प्रसिद्ध हरैया पशु मेला

**चंदवा।** प्रखंड में लगने वाला प्रसिद्ध वार्षिक हरैया पशु मेला जिला परिषद विभाग की उदासीनता व स्थानीय लोगों के बीच वर्चस्व की लड़ाई की भेंट चढ़ गया। हरैया पशु मेला साप्ताहिक शुक्रवारिय हाट व श्रावणी मेले की खुली निविदा एक साथ किए जाने से इस वित्तीय वर्ष निविदा की शुरूआती बोली 33 लाख 70 हजार 650 रुपए हुई। लेकिन 3 बार निविदा जारी किए जाने के बाद भी बोली लगाने को कोई आगे नहीं आया। इसके बाद 1 अप्रैल से जिला परिषद विभाग की ओर से विभागीय वसूली कराई जा रही है। जिला परिषद विभाग के कार्यालय आदेश ज्ञापांक 231 दिनांक 29 मार्च 2025 के आलोक में इस वित्तीय वर्ष के लिए जिला परिषद नाजिर मो. अफजल अंसारी, मो. शाहिद को प्राधिकृत किया गया है। चैत माह में लगने वाले हरैया पशु मेला चंदवा ही नहीं बल्कि आस पास के जिलों में भी प्रसिद्ध हुआ करता था। लोग यहां उन्नत नस्ल के पशुधन,दैनिक उपयोग की वस्तुएं,शादी ब्याह की खरीदारी करने आते थे। इससे चंदवा प्रखंड के हजारों लोगों को रोजगार मिलता था, लेकिन विगत 5-6 वर्षों से लगातार बढ़ती डाक की बोली के कारण मेला व बाजार महंगा होता चला गया। मेला नहीं लगने के कारण दुकानदारों समेत स्थानीय लोगों में भारी रोष है।

## उपायुक्त ने विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक कर दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने विद्युत आपूर्ति, सुदृढ़ बिजली-व्यवस्था के अलावा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ करने का निर्देश विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को दिया। इस दौरान उपायुक्त ने आरडीएसएस के तहत चल रहे कार्यों की बिन्दुआर समीक्षा करते हुए जिले में चिन्हित वैसे टोला व बस्ती को विद्युत सुविधा उपलबध कराने की दिशा में तीव्रगति से कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य प्रगति में बाधक बन रहे समस्याओं को संबंधित विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर दूर करने का निर्देश दिया। बैठक में विद्युत कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता, अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी व अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। जन शिकायत निवारण में कुल 10 आवेदन प्राप्त हुए जो मुख्य रूप से भूमि विवाद, जमीन अधिग्रहण, सेवा पुस्तिका नहीं मिलने से संबधित जुड़े आवेदन आये। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निर्देश दिया।

## संत जेवियर्स महाविद्यालय में रक्त दान शिविर का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता




**महुआडांड़।** संत जेवियर्स महाविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस, नेशनल सर्विस स्कीम (राष्ट्रीय सेवा योजना), कार्मेल हॉस्पिटल सदर अस्पताल महुआडांड़ व जिला स्वास्थ्य समिति के सहयोग व समन्वय द्वारा एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय डॉ. फादर एमके जोश ने फीता काटकर किया। यह आयोजन मुख्य रूप से यूथ रेड क्रॉस की कॉर्डिनेटर शालिनी बारा, असिस्टेंट प्रोफेसर अंशु अंकिता, मनीषा बाखला,असिस्टेंट प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष सिस्टर चंद्रोदय, डॉ. फादर राजीप तिर्की ,अरुणा कुजूर, एनएसएस के कॉर्डिनेटर मैक्सेंटियस कुजूर, असिस्टेंट प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष शेफाली प्रकाश, अविनाश यादव के नेतृत्व में किया गया। शिविर में डॉ. फादर एमके जोश ने कहा कि वक्त का हर क्षण और और रक्त का हर कण अमूल्य होता है, इसलिए रक्तदान मानवता के हित में करना अनिवार्य है। रक्तदान शिविर के सफल संचालन के लिए छह सदस्यीय टीम का गठन किया गया था, जिसमें सदर अस्पताल लातेहार के विभिन्न अनुभवी चिकित्सा पदाधिकारी व स्वास्थ्यकर्मी तथा कार्मेल हॉस्पिटल के मेडिकल ऑफिसर डॉ. जोशिया और लैब टेक्नीशियन सिस्टर एलिन शामिल थे। इस शिविर को सफल बनाने मे ब्लड बैंक लातेहार के लैब टेक्नीशियन विनय कुमार सिंह, अमरेंद्र कुमार साहित काफी संख्या रक्तदाता कॉलेज के विद्यार्थी मौजूद थे।

## खेल में भी बनाया जा सकता है करियर : सुरेंद्र कुमार

● अंडर 16 क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला खेल स्टेडियम लातेहार मे झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 16 क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन मैच के दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया अतिथियों ने उद्घाटन किया। मौके पर परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि आज खेल में भी लोग अपना कैरियर बना रहे हैं। खेल में भी रोजगार के असीम संभावनाए है। खेल को खेल भावना से खेलते हुए खिलाड़ी अपने बेहतर प्रदर्शन कर राज्य स्तर तक अपना जगह बनाए। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को पहले के अपेक्षा अब ज्यादा मैच खेलने को मिल रहा है। ज्यादा मैच मिलने से खिलाड़ियों को मैच खेलने का ज्यादा अनुभव होगा तथा खिलाड़ी अपना बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। मौके पर संघ के सचिव, उपाध्यक्ष अनिल सिंह, संयुक्त सचिव प्रकाश कुमार, मैच रेफरी एस बी चौबे समेत कई खेल प्रेमी उपस्थित थे।



### उद्घाटन मैच मे खरसावां ने गिरिडीह को 6 विकेट से हराया

**लातेहार।** जिला खेल स्टेडियम लातेहार मे गिरिडीह व खरसावां के बीच खेला गया, जिसमे गिरिडीह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 187 रन बनाया। उत्सव साहू ने 51, दिवित ने 35 रन का योगदान दिया। खरसावां की ओर से आदित्य कुमार सिंह 4, शुभम कुमार ने 3 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी खरसावां ने 30 वें ओवर मे 4 विकेट के नुकसान पर 188 रन बनाकर मैच जीत लिया। आदर्श कुमार नाबाद 114, प्रिंस कुमार नाबाद 53 रनों का योगदान दिया। गिरिडीह की ओर से आशुतोष व सम्राट ने एक एक विकेट चटकाए। मैन ऑफ द मैच खरसावां के आदर्श कुमार को मैच टीआरडीओ एसबी चौबे व एलडीसीए सचिव अमलेश कुमार सिंह द्वारा पुरसस्कृत किया गया। मैच के अंपायर जीतेन्द्र कुमार, सुभाष कर्मकार, स्कोरिंग जुल्फेकर नैन अहमद ने किया।

## हनुमत प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन 15 से

नवीन मेल संवाददाता

**हेरहंज।** घूरे गांव स्थित बस स्टैंड के पास नवनिर्मित पंचमुखी हनुमान मंदिर में 15 से 19 मई तक श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा का विराट आयोजन होगा। इसकी तैयारी मंगलवार को ध्वजारोहण के साथ शुरू हुई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आचार्य जयप्रकाश जी महाराज के नेतृत्व में मुख्य यजमान रूपेंद्र जायसवाल समेत ग्राम वासियों ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के समय बड़ी संख्या में रामभक्त मौजूद थे। जय श्रीराम, जय हनुमान, जय वीर बजरंगी के जयघोष के साथ धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो जैसे उद्घोष गूंजे। इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर मिथलेस गुप्ता, रंजन प्रसाद, नरेश प्रसाद जायसवाल, टुनु राम, मुरली प्रसाद, मनोज जायसवाल, मनीष जायसवाल, कैलास ठाकुर, सोनू गुप्ता, बिनय वर्मा, मनोज प्रसाद, श्रीधर कांत जायसवाल, विजय प्रसाद, चंद्रकांत जायसवाल,छोटू ठाकुर समेत कई लोग मौजूद थे। गांव के ग्राम प्रधान रंजीत जायसवाल को सर्वसम्मति से आयोजन समिति का अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन गांव के लिए सौभाग्य की बात है। मुझे जो जिम्मेवारी मिली है उसे तन मन धन से समर्पित होकर निभाऊंगा। आयोजन की पूर्ण समिति का गठन 11 अप्रैल को किया जाएगा।




संख्या–02 / श्रमा0का0–MW(Gig Workers)-15/2023 श्र0नि0– 656 राँची, दिनांक–08.04.2025

**श्रमायुक्त का कार्यालय, श्रम भवन, डोरण्डा, राँची**

विषयः– प्लेटफार्म श्रमिक (Platform Worker) के लिए आत्यावश्यक सूचना

भारत सरकार के श्रम मंत्रालय द्वारा दिनांक–07.04.2025 से 17.04.2025 तक विशेष अभियान के तहत प्लेटफार्म श्रमिक (Platform Worker) जो डिजिटल प्लेटफार्म या ऐप आधारित सेवाओं के माध्यम से कार्य करते हैं, जो श्रमिक स्वतंत्र रूप से काम करते हैं और आम तौर पर गिग इकोनोमी का हिस्सा होते है, जिसमे डिलीवरी कर्मचारी, Zomato, Swiggy, Dunzo इत्यादि के लिए काम करते है, कैब ड्राईवर, Uber, Ola जैसे राइड शेयरिंग सेवाओं के ड्राईवर, फ्रिलांस श्रमिक, Urban Company Fiverr, Upwork जैसी डिजिटल सेवाओं लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउस श्रमिक, Amazon Flipkart जैसी ई–कार्मस कम्पनियों के लिए कार्य करने वाले प्लेटफार्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के लिए ई–श्रम पोर्टल पर पंजीकरण सुनिश्चित कर रही है ताकि उन्हें स्वास्थ्य बीमा, भविष्य निधि जैसी सुविधाए मिल सके।

सभी Platform Workers स्वयं ई–श्रम पोर्टल पर निबंधन करावें, अपने जिला के क्षेत्रान्तर्गत श्रम विभाग के कार्यालय में जाकर निबंधन प्रक्रिया की जानकारी ले सकते हैं, या श्रम कार्यालय में आधार कार्ड, PAN के साथ जाकर निशुल्क निबंधन करा सकते है।

ह0/–
(प्रदीप रोबर्ट लकड़ा)
संयुक्त श्रमायुक्त झारखण्ड

PR 349950 (Labour Employment and Traning)25-26*D


## झांकी में शहीद चौक अखाड़ा को प्रथम, द्वितीय चटी टोला, तृतीय बड़का बालूमाथ को मिला

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** रामनवमी पूजा के अवसर पर महावीर मंदिर रामनवमी पूजा समिति का आयोजन थाना के समीप किया गया। मुख्य अतिथि विधायक प्रकाश राम, विशिष्ट अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर फीता काटकर अखाड़ा की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि विधायक प्रकाश राम,परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला मजिस्ट्रेट अनिल मिंज ,ज़िप उपाध्यक्ष अनीता देवी, एसडीपीओ विनोद रवानी, अंचल अधिकारी विजय कुमार,पुलिस निरीक्षक परमानंद बिरूवा,थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार,बीडीओ सोमा उरांव,परवीन सिंह आदि को मंडल अध्यक्ष रौशन कुमार के नेतृत्व में पगड़ी और अंग वस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया। शहीद चौक की झांकी सुदामा और कृष्णा और आधारित था। बड़का बालूमाथ और चट्टी टोला की झांकी उज्जैन से आए कलाकार अघोरी नृत्य प्रस्तुत किया गया। महावीर मंदिर के द्वारा सागर मंथन का झलक दिखाया गया। अखाड़ा टमटम टोला हरिजन मुहल्ला से भी आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई थी। विधायक प्रकाश राम सहित विशिष्ट अतिथियों ने शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। सांत्वना पुरस्कार के रूप में टमटम टोला हरिजन मुहल्ला अखाड़ा को दी गई। मौके पर विधायक सहित वक्ताओं ने महावीर मंदिर के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद साहू को याद कर कहा कि रामनवमी त्यौहार सबको मिल कर अच्छे से शांतिपूर्ण तरीके से मनाना उनकी खासियत रही थी। उनकी कमी हमेशा रहेगी। मौके पर डीटीओ सुरेंद्र कुमार ने कहा कि बालूमाथ का रामनवमी बड़े शहरों जैसा है। मौके पर एसडीपीओ विनोद रवानी, प्रवीण सिंह, रामनाथ सिंह, प्रदीप गंझू, प्रीतलाल यादव, कृष्णा यादव और रंजीत यादव मौजूद थे।

## जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा सिमरिया

### झांकी देखने के लिए उमड़ा जनसैलाब



● सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम

नवीन मेल संवाददाता

**सिमरिया (चतरा)।** मयार्दा पुरुषोतम श्रीराम व वीर हनुमान की भक्ति में सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक पूरा सिमरिया चौक भक्ति में सराबोर रहा। सिमरिया की सड़कों पर आकर्षक झांकियों को देखने के लिए लोगों का जन सैलाब उमड़ा। सिमरिया में आठ अखाड़ों व क्लब द्वारा एक से बढ़कर एक झाकियां निकाली गई थी। जुलूस व झांकी में शामिल लोगों द्वारा लगाए जा रहे जय श्रीराम व जय वीर हनुमान आदि के उद्घोष से पूरा सिमरिया पूरी रात गुंजयमान रहा।

शांती पूर्ण जुलूस व झांकी संपन्न कराने को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के भी व्यापक प्रबंध किए गए थे। जगह-जगह पर दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारी प्रतिनियुक्त थे। मुख्य चौक पर पंडाल बनाया गया था। वहां अधिकारी व प्रतिनिधि समेत कई गणमान्य मौजूद थे। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न क्लबों व अखाड़ों द्वारा एक से एक मनमोहक झांकियां निकाली गई। जुलूस में खेलों का प्रदर्शन किया गया। पुराना अखाड़ा सिमरिया द्वारा प्रस्तुत झांकी व जुलूस आकर्षण का केंद्र रही। दूसरी ओर जुलूस व झांकी के दौरान पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारी भी देर रात से सुबह तक सिमरिया चौक पर मौजूद थे।


**जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, चतरा (जिला ग्रामीण विकास शाखा)**

–ःबिरसा हरित ग्राम योजना से संबंधित तृतीय अति अल्पकालीन निविदाः–

विभागीय पत्रांक (N) 273 (अनु0) दिनांक 03.03.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में मनरेगा अन्तर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के कियान्वयन में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न सामग्री का क्रय हेतु अति अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है । अतएव इच्छुक पंजीकृत निविदादाता/आपूर्तिकर्ता/पंजीकृत महिला/कृषक संगठन/उत्पादक संस्थाओं/ग्राम संगठन / कृषक उत्पादक समूह/कृषक को–ऑपरेटिव आदि सीलबन्द लिफाफे में दिनांक 17.04.2025 को 01.00 बजे अपराह्न तक निविदा जिला ग्रामीण विकास शाखा, चतरा कार्यालय में निबंधित डाक/स्वयं जमा कर सकते है । प्राप्त निविदा दिनांक 17.04.2025 को 02.00 बजे अपराह्न में क्रय समिति के द्वारा खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति उपस्थित रह सकते है।

| क्र0 | सामग्री का नाम | विवरणी |
|---|---|---|
| 1 | जैविक खाद | Vermi-compost (in kg) |
| | | Karanj oil cake (in kg) |
| | | Neem oil cake (in kg) |
| | | Bone Meal(in kg) |
| | | Dolomite(in kg) |
| 2 | फफुंदनाशक | Chlorothalonil 75%WP (in kg) |
| | | Copper oxychloride 50% WP (Blue Copper or equivalent) (in kg) |
| | | Trichoderma Viridi 1.5% WP (2x10^6-10^8CFU/gm) (in kg) |
| 3 | कीटनाशक | Fipronil 0.3GR(in kg) |
| | | Azadirechtin 3000 ppm (in ltr) |
| | | Lambda- cyhalothrin 5%Ec (in ltr) |
| | | Bifenthrin 2.5% EC (Biflex TC or equivalent) (in ltr) |
| 4 | रसायनिक खाद | lw{e iks"kd rRo (Totocare/agromin or equivalent) (in ltr) |
| | | NPK:10:26:26 (Sufala or equivalent) (in kg) |
| | | SSP (in kg) |
| | | Urea (in kg) |
| | | MOP (Potas) (in kg) |
| 5 | Antibiotic | Plant Antibiotic (Kasugamycin 5% or equivalent) (in ltr) |
| 6 | प्लास्टिक | जलकुंड हेतु पॉलिथीन (18'x14') 250u (micron) का UV resistant (एक जलकुण्ड हेतु 6 kg पॉलिथीन जिसका लम्बाई 18 फीट एवं चौड़ाई 14 फीट हो ) |

नोट :– विस्तृत विवरणी एवं नियम व शर्ते जिला के वेबसाईट www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है ।

उप विकास आयुक्त –सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,
चतरा

PR.NO.349924 Rural Development(25-26):D



## राज्यपाल से मिला गुरुकुल शांति आश्रम का प्रतिनिधिमंडल

**लोहरदगा।** गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा का एक प्रतिनिधि मंडल झारखंड के महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात किया। इस दौरान उन्हें अंग वस्त्र पुष्प एवं आश्रम में निर्मित आयुर्वेदिक दवा भेंट किया। आश्रम के गतिविधियों की जानकारी दी। वही 26 मई 2025 को आर्य वीर दल के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि महामहिम को आने का निमंत्रण दिया। प्रतिनिधिमंडल के सभी बातों को गंभीरता से सुनते हुए महामहिम ने आर्य समाज की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दी। मुलाकात करने वालों में गुरुकुल के आचार्य शरच्चंद्र आर्य,ओम प्रकाश सिंह,लाल नवल किशोर नाथ शाहदेव,भूषण प्रसाद, गुप्तेश्वर गुप्ता शामिल थे।

# मजदूरों के हित में काम कर मजदूरों का जीतेंगे विश्वास : आलोक साहू

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** पाखर ट्रक ओनर एक्शन के अध्यक्ष कुद्दुस अंसारी की नेतृत्व में आयोजित स्वागत समारोह कार्यक्रम मंगलवार को किस्को प्रखंड के ध्रुवा मोड़ में रखा गया था ।भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक )के नवनियुक्त अध्यक्ष आलोक कुमार साहू का ध्रुवा मोड़ में मजदूर साथियों, ट्रक मालिकों एवं ट्रक अनलोडर मजदूरों द्वारा इंटक के अध्यक्ष बनने पर उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया गया ।मौके पर इंटक अध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने कहा कि लोहरदगा में पहली बार कांग्रेस पार्टी का अनुषांगिक ईकाई इंटक का अध्यक्ष उन्हें बनाया गया है ।मजदूर की समस्याओं का निदान करना उनका पहली प्राथमिकता है। इंटक यूनियन मजदूरों के साथ-साथ उनके परिजनों जो सरकारी लाभ से वंचित है उन्हें सरकारी लाभ दिलाने का काम करेगी साथ ही साथ मजदूर जिस क्षेत्र में रहते हैं उसका सर्वांगीण विकास के लिए भी इंटक काम करेगी। मौके पर उपस्थित मजदूरों ने श्री साहू को बताया कि ध्रुवा मोड़ से रामामहली के घर तक पक्की नाला निर्माण कराने के लिए 14 माह पूर्व लोहरदगा उपायुक्त को आवेदन दिया था लेकिन अभी तक नाला का निर्माण नहीं हुआ है। ध्रुवा मोड़ से पाखर माइन्स तक सड़क निर्माण कराने ,लोहरदगा से ध्रुवा मोड़ तक जर्जर सड़क का निर्माण कराने, पाखर माइंस में मजदूरों के लिए केंटिंन की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था कराने सहित मजदूरों ने अनेक समस्याओं से अवगत कराते हुए उसका निदान कराने की मांग किए । श्री साहू ने कहा कि वे जल्द ही लोहरदगा उपायुक्त से मिलकर नाली का निर्माण कराने की पहल करेंगे ।श्री साहू ने मौके पर से ही पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता से वातार्कार दोनों सड़कों का निर्माण जल्द कराने की बात कहे। कार्यपालक अभियंता ने श्री साहू को बताया कि ध्रुवा मोड़ से पाखर माइन्स तक सड़क अभी तक पथ विभाग में आरईयो से हस्तानांतरण नहीं हुआ है। हस्तानंतरण होते ही सड़क निर्माण कार्य की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। लोहरदगा से ध्रुवा मोड़ तक सड़क निर्माण कार्य विभागीय प्रक्रिया पूरा होते ही प्रारंभ किया जाएगा। हिंडालको से संबंधित समस्याओं के निदान हेतु शीघ्र हिंडालको महाप्रबंधक से वार्ता श्री साहू करेंगे ।जल्द के हिंडालको द्वारा संचालित माइंसों में संगठन को धारदार बनाया जाएगा ।मौके पर मजदूर साथियों,ट्रक मालिक सहित काफी संख्या में लोगों उपस्थित थे।



▪इंटक के अध्यक्ष बनने पर आलोक साहू को ध्रुवा मोड़ में मजदूरों एवं ट्रक मालिकों ने किया स्वागत

## न्यूज बॉक्स

### बस चालक की लापरवाही से मेला ड्यूटी कर लौट रहे दो आईआरबी जवान घायल




**सेन्हा-लोहरदगा।** सड़क दुर्घटना में दो आई आर बी जवान जख्मी बस चालक की लापरवाही के कारण हुआ दर्घटना पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हुई कारवाई.सेन्हा मेन चौक पर अनियंत्रित बाबा बस ने ट्रक को टक्कर मारते हुए पुलिस जवानों को अपने चपेट में ले लिया। जिससे दो आई आर बी पुलिस जवानों को चोट लगी है। वही दोनों पुलिस जवानों को हल्की चोटें आई है.जानकारी के अनुसार बता दें कि सोमवार को सेन्हा में दशमी को रामनवमी मेला आयोजित हुआ था.जिसमें सुरक्षा व्यवस्था के लिये काफी संख्या में जिला बल एवं आई आर बी पुलिस जवान को मेला ड्यूटी में लगाया गया था. कार्यक्रम का समापन के बाद सभी जवान ड्यूटी से वापस लौट रहे थे.उसी दौरान घाघरा की ओर से लोहरदगा जा रही बाबा बस संख्या जे एच 01 भी 0984 तेज रफ्तार में होने के कारण अनियंत्रित होकर ट्रक को टक्कर मारते हुए पुलिस जवानों के बाइक को भी टक्कर मार दिया जिसे दो आई आर बी पुलिस जवानों को हल्की चोट लग गई.तथा घटना के बाद बस रास्ते में ब्रेक डाउन हो गई जिसे पुलिस कर्मियों ने ही धक्का मारकर सड़क से हटाया.वही बस की कई कागजात फेल है.फिलहाल मामले को लेकर सेन्हा थाना पुलिस पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां के निर्देश पर बस को जप्त कर थाने लेकर गई है। और अग्रतर कारवाई आरम्भ कर दिया गया है।

### ठेठईटांगर शिव मंदिर में एकादशी पर 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन शुरू

**ठेठईटांगर।** एकादशी के पावन अवसर पर मंगलवार से प्रखंड के शिव मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन हरे रामा हरे कृष्णाह्व की मधुर धुन के साथ शुरू हो गया है। इस धार्मिक आयोजन में उड़ीसा, पालकोट, सिमडेगा, बोलबा, सलगापोस, पंडरीपानी सहित कई अन्य स्थानों की कीर्तन मंडलियां भाग ले रही हैं।कीर्तन का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के माहौल में हो रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु भी सम्मिलित हो रहे हैं। भक्तिमय वातावरण में शिव मंदिर परिसर गूंज उठा है, और श्रद्धालु रात-दिन कीर्तन का आनंद ले रहे हैं।यह अखंड कीर्तन बुधवार को भव्य भंडारा और महाप्रसाद के साथ संपन्न होगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को भोजन कराया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विजय ठाकुर, नरेंद्र बड़ाईक, अनिल गुप्ता, बबलू कुमार, परमानंद दास और मिथिलेश कुमार सहित कई कार्यकर्ता पूरी मेहनत और निष्ठा से जुटे हुए हैं।

### बानो को अनुमंडल व हुरदा को प्रखंड बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों से जनसंपर्क

**बानो।** बानो को अनुमंडल व हुरदा को प्रखण्ड बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों से जनसंपर्क कर लोगों को जानकारी दी जा रही है।इसी क्रम में प्रखण्ड के साहुबेडा पंचायत में मुखिया नामजन जोजो,व प्रधान लुगुन की उपस्थिति में बैठक हुई। बैठक में पंचायत के ग्रामीणों की सर्वसम्मति से पंचायत अध्यक्ष रॉयनिक किडो,उपाध्यक्ष सुशील कंडुलना, सचिव गाब्रिएल केरकेट्टा, सह सचिव फुलजेम्स डांग व कोषाध्यक्ष अलेक्जेंडर कंडुलना को बनाया गया।मौके पर नामजन जोजो ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि बानो को अनुमंडल व हुरदा को प्रखण्ड बनाने के लिए पिछले महीने से प्रखण्ड में कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हमें मिलकर अपने मांग को मजबूत बनाना हैं।

### तमिलनाडु में फंसे एक मजदूर को सकुशल बानो लाया गया

**बानो।** थाना क्षेत्र के कनारावां पंचायत के ग्राम बड़ोमदा निवासी चरण लोहरा 3 महीना पूर्व तमिलनाडु काम करने गया था तथा नागा लिमिटेड कंपनी में काम कर रहा था। काम के बदले में उसे केवल खाना-पीना दिया जा रहा था। मजदूर चरण लोहरा को पैसा नहीं दिया जा रहा था वहीं उसका शोषण भी किया जा रहा था,खाना पीना भी सही से नहीं दिया जा रहा था और 12 घंटे तक सूजी फैक्ट्री में काम कराया जाता था। ठेकेदार से पैसा मांगने पर भी मजदूरी पैसा नहीं दिया जा रहा था।चरण लोहरा ने बताया कि वहां जाकर फंस गया था पैसे ना मिलने के कारण घर वालों को पैसे नहीं भेज पा रहा था और न ही घर वापस आप आ रहा था। इस बात की जानकारी उसने बिंतुका पंचायत की मुखिया प्रिती बुढ़ और सामुएल बुढ़ को दी।

# लोहरदगा में भरत मिलाप सह अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

▪छोटे बच्चों ने अपनी पारंपरिक कला और संस्कृति की शानदार प्रस्तुति दी

▪छोटे बच्चों के द्वारा मां दुर्गा के नौ रूपों का शक्ति प्रदर्शन किया गया

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** शहर के पावर गंज स्थित देवी मंदिर के समीप नवयुवक संघ देवी मंदिर पावरगंज चौक के तत्वाधान में सोमवार देर रात लगभग 11:40 में चैत्र शुक्ल पक्ष दशमी के अवसर पर भरत मिलाप सह अस्त्र शस्त्र चालान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जो मंगलवार सुबह लगभग 5:30 बजे संपन्न हुआ। कार्यक्रम से पूर्व भरत मिलाप शोभायात्रा निकाला गया जो शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पावरगंज स्थित देवी मंदिर प्रांगण पहुंचा। इसके पश्चात देवी मंदिर प्रांगण में मां दुर्गा, श्री राम लक्ष्मण सीता और हनुमान जी की पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम से पूर्व सेजल वर्मा एवं आकृतिक गुप्ता के द्वारा गणेश वंदना करते हुए अस्त्र शस्त्र चालान प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। कार्यक्रम में छोटे बच्चों के द्वारा मां दुर्गा के नौ रूपों का भी शक्ति प्रदर्शन किया गया। लड़कियों के द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज के स्लोगन को गाते हुए पारंपरिक कला और संस्कृति का शानदार प्रदर्शन किया गया। छोटे बच्चों के द्वारा अस्त्र शस्त्र चलते हुए अपनी पारंपरिक कला और संस्कृति का शानदार प्रस्तुति दी। इस प्रतियोगिता में 18 रामनवमी अखाड़ों ने भाग लिया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य पूर्व जिला परिषद सदस्य राम लखन प्रसाद साहू प्रदीप साहू, सत्येंद्र नाथ राय, शामिल थे।



## जंगल में लगी आग पर वनकर्मी और ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद पाया काबू

नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** अरु जंगल में सोमवार देर शाम आग लगने से जंगल धू-धू कर जल रहा था.जिसे जंगली जीवजन्तु और पेड़ पौधे के लिए संकट काल मंडरा रहा था। जिसकी सूचना वन विभाग को मिलते ही जंगल पहुंच वन कर्मियों एवं वन समिति द्वारा काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मामला सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अरु जंगल में सोमवार रात्रि का है। विदित हो कि जंगल में विभिन्न प्रकार के जीवजन्तु का वसेरा है। उस जंगल में आग लगने से सभी जीवजन्तु और पेड़ पौधे के लिए संकट मंडरा रहा है। परंतु जंगल में शरारती तत्वों द्वारा आग तो लगा दिया जाता है। लेकिन आग लगने पर उन सभी जीवजन्तु और पेड़ पौध को बचाने के लिये कोई सामने नही आता है। जिसे जंगल में आग लगने के कारण वन संपदा जीवजन्तु सहित कई छोटे व बड़े पेड़ जल कर बर्बाद हो जाता है। जिससे मनुष्य और जीवजन्तु के जीवन में भी समस्या उतपन्न होती है। जंगल मे आग लगने की सूचना पर वन कर्मी और वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष बिरसा उरांव ग्रामीण रामावतार कुजूर, मंगलदेव तिग्गा, डिब्बा अंसारी, विवेक उरांव, जयमंगल उरांव एवं अन्य लोगो के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया.तथा वैसे जंगल मे आग लगाने वाले असमाजिक प्रवृति के लोगो को चिन्हित किया जा रहा है.जिसपर वन अधिनियम के तहत विभागीय कारवाई किया जायेगा.



## वक्फ बिल का समर्थन कर अपना बता दिया अपना असली चेहरा : कलीम खान

**कुडू - लोहरदगा।** आजसू पार्टी के कुडू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान ने मंगलवार को प्रखण्ड अध्यक्ष के पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। यह इस्तीफा उन्होंने आजसु के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो को दिया है। जुझारू, समर्पित कार्यकर्ता का इस्तीफा पार्टी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। कलीम खान ने कहा कि बीते दो दशक से वे आजसु पार्टी में रहे। ज्यादातर समय प्रखंड अध्यक्ष के पद पर रहकर पार्टी के सांगठनिक कार्यों को बखुबी निभाने के प्रयास किया। उन्होने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी और लोहरदगा के लोकप्रिय पूर्व विधायक कमल किशोर भगत के विचार से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ा था लेकिन उनके निधन के बाद पार्टी की कार्यशैली में आश्चर्यजनक बदलाव आया है। पहले तो 2024 विधानसभा चुनाव में लोहरदगा विधानसभा में मुस्लिम वर्ग को टारगेट करते हुए एक रणनीति के तहत एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत को हराने का काम किया गया। अब वक्फ बिल का समर्थन कर अपना असली चेहरा बता दिया है कि यह भविष्य में किस ओर जाने वाली है।

## अघरमा बजरंगबली मंदिर में तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव को लेकर हुआ कलशयात्रा



नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के अघरमा बजरंगबली मंदिर में तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव का आयोजन 8 अप्रैल से 10 अप्रैल तक किया गया है। वार्षिक उत्सव के पहले दिन 8 अप्रैल दिन मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गई कलश यात्रा अघरमा नदी से प्रारंभ हुआ नदी परिसर में पुरोहित के द्वारा कलश को जल भरकर संकल्प कराई गई तत्पश्चात कलश यात्रा प्रारंभ हुई कलश यात्रा में भारी संख्या में महिला एवं बालिका शामिल हुए. कलश यात्रा मुख्य मार्ग से गुजरते हुए मंदिर परिसर पहुंची जहां पर पुरोहित के द्वारा कलश को वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ मंदिर परिसर में स्थापित किया गया. कलश यात्रा में शामिल महिलाओं एवं बालिकाओं के द्वारा जय बजरंगबली हर हर महादेव जय श्री राम आदि भक्ति नारे लगाए जा रहे थे. तीन दिवस से वार्षिक उत्सव के दूसरे दिन 9 अप्रैल को मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन का आयोजन की गई है इस कार्यक्रम में सिमडेगा एवं गुमला जिले के विभिन्न किंग कीर्तन मंडली भाग लेगी. कार्यक्रम के अंतिम दिन 10 अप्रैल को धार्मिक उत्सव का समापन नगर भ्रमण एवं भंडारे का आयोजन किया गया है. धार्मिक उत्सव कार्यक्रम आयोजन करने में संतोष कुमार बडाईक, अशोक साहू, राजू बडाईक, दिलीप, बलदेव राम, सुनील राम, अजय बडाईक, रामकेश्वर बडाईक, सोनू राम ,कलिंदर राम, विकास साहू आदि लोगों के द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।

# कैरो में धूमधाम के साथ भरत मिलाप शोभायात्रा सह मेला का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**कैरो/लोहरदगा।** प्रखण्ड मुख्यालय में धूमधाम के साथ भरत मिलाप शोभायात्रा सह मेला का आयोजन शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ।महाबीर मन्दिर के सामने से महाबीर अखाड़ा कैरो तथा उतका से भी शोभायात्रा शुरू हुई और डॉक्टर अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय के सामने दोनों अखाड़ो के द्वारा राम और भरत का मिलाप कराई गई। अन्य अखाड़ो का मिलाप कराते हुए मुख्य पथ होते हुए अपने निर्धारित मार्गो से गुजरते हुए कुडू,जिन्गी की ओर से आने वाली महाबीर अखाड़ो का मिलान करते हुए मेला टांड वापस आई इस दौरान अखाड़ो में शामिल भक्तो ने गाजे बाजे के साथ नाचते गाते जय श्रीराम, जय बजरंगबली आदि जयकारा लगाते हुए राम भरत का मिलाप कराया और अन्य अखाड़ो का मिलान कराते हुए मुख्य पथ होते हुए कुडू,जिन्गी के रास्ते आने वाले अखाड़ो का मिलान करते हुए पुनः मेला टांड पहुंची। जहां पर कैरो,उतका,चाल्हो,सढाबे,हनहट, नरौली,खंडा, नगजुवा, सेरनगहातु, बरही, सिंजो, मसमानो, बंसरी, टाटी, खरता, सुकरहुटू, मुरुपिरी, सिठियो, कुडू सहित, लोहरदगा, रांची, गुमला, लातेहार आदि जिलों के विभिन्न क्षेत्रों से आये अखाड़ो के द्वारा अपनी कला संस्कृति का प्रदर्शन किया। जिन्हें कैरो महाबीर मण्डल के द्वारा पुरस्कृत किया गया। वहीं मेले में पहुंचे मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों को आयोजन समति के द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।वहीं त्योहार को देखते हुए पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए थे। मौके पर सीओ कुमारी शिला उराँव, बीडीओ छंदा भटाचार्य, थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### नाई समाज का सामाजिक मिलन समारोह आयोजित

# नाई समाज को आदिवासी का दर्जा देना सुनिश्चित करें सरकार: सुरेश ठाकुर

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** शहर के स्थानीय मुंद्रिका बैंक्विट हॉल में मंगलवार को जिला नाई समाज का चैत शुक्ल पक्ष एकादशी महोत्सव सह सामाजिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सामाजिक एकजुटता, शिक्षा को बढ़ावा देने, राज्य सरकार की नीतियों में बदलाव करने समेत नाई समाज को आदिवासी का दर्जा देने की मांग करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में लोहरदगा और लातेहार जिला के प्रतिनिधि मंडल समेत स्थानीय सामाजिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय नाई सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने कहा कि, झारखंड सरकार नाई समाज के उत्थान व विकास के प्रति उदासीन हैं। कहा कि, बिहार राज्य के समय में नाई समाज को जो दर्जा मिला था उसे झारखंड सरकार ने छीन लिया। इससे नाई समाज के बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया। झारखंड सरकार ईमानदारी और जवाबदेही से नाई समाज को आदिवासी का दर्जा देना सुनिश्चित करें।

जिससे पिछड़े और उपेक्षित नाई समाज के बच्चों का भविष्य सुधर सके। अतिथि प्रवीण कुमार प्रसाद ने कहा शिक्षा को बढ़ावा देने और शिक्षा को हथियार के रूप में उपयोग करने के लिए नई समाज के लोगों को आगे आने की अपील किया गया। कार्यक्रम को उत्तम ठाकुर, जिलाध्यक्ष अजय ठाकुर, लातेहार के दशरथ ठाकुर, विनोद ठाकुर, आशीष ठाकुर समेत अन्य ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रतिभागी रहे नई समाज के सभी प्रतिनिधियों और अतिथियों को शॉल वह पुष्प गुछ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन रवि और देवेन्द्र के द्वारा किया गया। इस मौके राष्ट्रीय नाई सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश ठाकुर जिला नाई समाज के अध्यक्ष अजय ठाकुर, वीरेन्द्र ठाकुर उपाध्यक्ष, अशोक कुमार ठाकुर, सचिव, रंजीत ठाकुर, उप सचिव, नीतेश ठाकुर, कोषाध्यक्ष, अनिल ठाकुर, मार्गदर्शक, प्रवीण कुमार प्रसाद, प्रदीप ठाकुर, शंभू कुमार शर्मा, उत्तम ठाकुर, आशीष ठाकुर, रविन्द्र ठाकुर, विनोद ठाकुर, दशरथ ठाकुर, मोनू कुमार, मुकेश ठाकुर, उमेश ठाकुर, लखन ठाकुर, अशोक ठाकुर, किशोर ठाकुर, हेमंत ठाकुर, संजय ठाकुर, अवध ठाकुर, बद्री ठाकुर, पवन ठाकुर, पंकज ठाकुर, लक्ष्मण ठाकुर सहित समाज के सैंकड़ों लोग सम्मेलन में शामिल हुए।



## जंगली सूअर के हमले से महुआ चुनने गए व्यक्ति की मौत

**सिमडेगा।** बोलबा थाना क्षेत्र के बंडा जंगल में मंगलवार को महुआ चुनने गए एक व्यक्ति की जंगली सूअर के हमले में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मालसड़ा मकड़ी टोली गांव निवासी मनोहर टेटे मंगलवार सुबह जंगल में महुआ बीनने गया था। इसी दौरान एक जंगली सूअर ने उस पर अचानक हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के समय मनोहर के साथ मौजूद लोगों ने तुरंत उसे धान ढोने वाले गेड़वा से कुछ दूर लाया गया फिर उसे निजी ऑटो के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोलबा लाया गया। जहां पर उसकी प्राथमिक इलाज करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।


**जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, चतरा**
**(जिला ग्रामीण विकास शाखा)**

**-:बिरसा हरित ग्राम योजना से संबंधित तृतीय अति अल्पकालीन निविदा:-**

विभागीय पत्रांक (N) 244 (अनु0), दिनांक 27.02.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा अन्तर्गत "बिरसा हरित ग्राम योजना" के तहत चतरा जिला में गुणवत्तापूर्ण Grafted/ Layered आम, अमरूद, नीम्बू, कटहल एवं Drum Stick आदि की खरीदारी के लिए दर निर्धारण हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।

उक्त के आलोक में NHB (National Horticulture Board) अन्तर्गत निबंधित झारखण्ड राज्य में अवस्थित नर्सरियों से पौधा आपूर्ति के लिए दर निर्धारण हेतु दिनांक 17.04.2025 के अपराह्न 1.00 बजे तक मुहरबंद लिफाफे में निविदा जिला ग्रामीण विकास शाखा, चतरा के कार्यालय में जमा करेंगें तथा दिनांक 17.04.2025 के अपराह्न 02.00 बजे जिला स्तरीय क्रय समिति तथा उनके प्रतिनिधि के उपस्थिति में खोली जाएगी। NHB (National Horticulture Board) अन्तर्गत निबंधित झारखण्ड राज्य में अवस्थित नर्सरियों से पौधा आपूर्ति के लिए दर निर्धारण हेतु निम्न शर्त्तों पर निविदा आमंत्रित किया जाता है:-

नोट:- निविदा से संबंधित शर्तें जिला के वेबसाईट www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त -सह-
अतिरिक्त जिला कार्यकम समन्वयक,
चतरा

PR 349922 (Rural Development)25-26*D



Skill India कौशल भारत - कुशल भारत

**झारखण्ड-सरकार**
**श्रम, नियोजन, एवं प्रशिक्षण विभाग**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा,प्राचार्य का कार्यालय**

**रोजगार भर्ती कैम्प संबंधी सूचना**

दिनांक-12.04.2025 दिन शनिवार को 10:00 बजे अपराह्न में रोजगार मेला का आयोजन गढ़वा जिले में अवस्थित सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा से पास युवकों/अभ्यार्थीयों को रोजगार/नियोजन हेतू एक दिवसीय रोजगार भर्ती कैम्प का आयोजन किया गया है नियोजक/कंपनी का विवरण इस प्रकार है-

(1) MIDEA INDIA PRIVATE LIMITED(GMCC), AHMEDNAGAR, MAHARASHTRA
(2) FULAMBARI TEXT COM PVT.LTD.( SUZLON ENERGY LTD. ANANTPUR (ANDHRA PRADESH)
(3) RAYON ILLUMINATION AND SOLAR PVT LTD (AURANGABAD, MAHARASHTRA)

DOMICILE---JHARKHAND
TEST DATE & TIME---12-04-2025, 10:00AM TO 05:00PM
TEST VENUE---ITI HANSKER, GARHWA
AGE LIMIT---18 TO 27 YEARS & 18 TO 25 YEARS
SALERY ITI PASS---17000 TO 23000 /PER MONTH
WORK TIME---12 HOURS & 8 HOURS

अतः आप सभी योग्य एवम् इच्छुक युवको से अपील है कि रोजगार भर्ती कैंप में भाग लेने के लिए निर्धारित तिथि को सभी आवश्यक कागजात/दस्तावेज के साथ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा में आना सुनिश्चित करें तथा अपने भविष्य को सुनहरा एवं उज्जवल बनावें।

HELPLINE NO- 6205271405

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,गढ़वा

PR 349894 Labour Employment and Traning(25-26).D

## उप विकास आयुक्त ने सुनी 30 से अधिक शिकायतें, त्वरित समाधान के दिए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में उप विकास आयुक्त श्री दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में आम लोगों की समस्याओं की सुनवाई की गई। कार्यक्रम के दौरान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने विभिन्न मुद्दों को लेकर अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं। उप विकास आयुक्त ने प्रत्येक फरियादी से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया।

डुमरी प्रखंड के मंझगांव पंचायत अंतर्गत कोठी गांव के ग्रामीणों ने गांव में आधार अपडेट हेतु शिविर लगाने की मांग रखी, जिसे गंभीरता से लेते हुए उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को शिविर आयोजन की दिशा में उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इसी तरह जैरागी पंचायत के गालू गांव में सड़क नहीं होने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी को देखते हुए, उप विकास आयुक्त ने सड़क निर्माण के लिए आवेदन की जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया। ग्राम पंचायत पुगु के विजयनगर टोला में पेयजल संकट की समस्या सामने आई। ग्रामीणों ने चापानल की मांग की, जिसे उप विकास आयुक्त ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक कदम उठाने का आदेश दिया।

इसके अलावा जन सुनवाई में भूमि अतिक्रमण, रोजगार, मईया सम्मान योजना की राशि, राशन वितरण, सड़क और नाली निर्माण, डीप बोरिंग, दिव्यांगों के लिए बैटरी चालित साइकिल, राशन कार्ड में नाम जोड़ना, आश्रित को नौकरी देने और हाई टेंशन बिजली तार को हटाने जैसी कई महत्वपूर्ण शिकायतें प्राप्त हुईं। उप विकास आयुक्त ने सभी शिकायतों को संबंधित विभागों को अग्रसारित करते हुए भौतिक सत्यापन कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जन शिकायत निवारण दिवस में इस बार कुल 30 से अधिक फरियादियों की शिकायतें दर्ज की गईं। उप विकास आयुक्त ने कहा कि जन समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विभागीय अधिकारी जवाबदेही सुनिश्चित करें।

# सदान बुकमा गांव में हाथी ने तोड़ा किसान का घर

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के रामपुर पंचायत अंतर्गत सदान बुकमा गांव में एक हाथी ने रात में एक किसान के घर को क्षति पहुँचाई। घटना सोमवार रात 9 बजे के आसपास हुई, जब विजय आनंद भगत और जगदीश भगत अपने परिवार के साथ खाना बना कर घर में थे। अचानक, श्रीनगर की ओर से आए हाथी ने एक केला का पेड़ उखाड़ा और घर की ओर बढ़ने लगा। यह देख कर सभी परिवार के सदस्य घबराकर बाहर भाग गए, जिससे उनकी जान बच गई। जगदीश भगत ने बताया, ₹हम सभी खाना खा रहे थे जब अचानक यह घटना हुई। हाथी हमारे घर के पास आ रहा था, इसलिए हमें तुरंत भागना पड़ा।₹ वहीं, विजय भगत के घर वालो ने कहा, ₹हाथी ने घर में रखे अनाज को भी चट कर दिया।₹ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने इस समस्या से निपटने के लिए वन विभाग से दूरभाष पर संपर्क किया, लेकिन वन कर्मियों ने बताया कि वे दूसरी ओर पेट्रोलिंग पर हैं। इससे ग्रामीणों के बीच निराशा और डर का माहौल बना हुआ है। उनका कहना है कि हाथी के आगमन से उन्हें हमेशा खतरा रहता है, जिससे उनकी जान को खतरा होता है।ग्रामीणों की चिंता जताते हुए

**ग्रामीणों में खौफ**



कहा गया कि कई वर्षों पहले गांव को हाथी भगाने के लिए एक फटका (हाथी भगाने का यंत्र) मिला था, जो अब खराब पड़ा है। उन्होंने मांग की है कि वन विभाग को सुरक्षा के लिए और ठोस कदम उठाने चाहिए ताकि उन्हें डर के साये में रात बिताने के लिए मजबूर न होना पड़े।ग्रामीण दिनों और रातों को जागने के लिए मजबूर हैं, क्योंकि उन्हें हर मिनट डर सताता है कि कहीं हाथी फिर से उनके घरों में न घुस जाए। इस पर गांव के लोगों ने सरकार से अपील की है कि वे उनकी सुरक्षा पर ध्यान दें और स्थायी समाधान प्रदान करें ताकि इस खतरे से उन्हें निजात मिल सके।इस स्थिति से चिंतित ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि वन विभाग इस मुद्दे को गंभीरता से लेगा और गांव की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाएगा।

### नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने चलाया जागरूकता अभियान

**गुमला।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल गुमला में उर्मी नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने एक जागरूकता अभियान चलाते हुए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। ये छात्राएं वर्तमान में सदर अस्पताल में नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। नाटक के माध्यम से छात्राओं ने गर्भावस्था से लेकर सुरक्षित प्रसव, नवजात शिशु की देखभाल और मातृ स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता फैलाई। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को यह संदेश दिया कि गर्भधारण के बाद नियमित रूप से अस्पताल या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें और सरकारी योजनाओं का लाभ लें। छात्राओं ने बताया कि गांव में प्रसव कराने के बजाय अस्पताल में सुरक्षित प्रसव कराना जरूरी है। इसके लिए सहिया की मदद ली जा सकती है, जो ममता वाहन या 108 एंबुलेंस सेवा के जरिए अस्पताल पहुंचने में सहयोग करती हैं। साथ ही यह भी बताया गया कि गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार लेना चाहिए, समय-समय पर टीकाकरण कराना जरूरी है, ताकि स्वस्थ मां और स्वस्थ शिशु का लक्ष्य पूरा हो सके। नाटक में यह भी जोर दिया गया कि जन्म के बाद शिशु को छह माह तक केवल मां का दूध दिया जाए और सभी आवश्यक टीकाकरण कराए जाएं। मौके पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक, एएनएम छात्राएं व अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## बस स्टैंड के पास ट्रैक्टर हादसा जानमाल की छती टली



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के बस स्टैंड के पास सोमवार देर शाम को बिजली विभाग एनसीसी पीबीटी के द्वारा केबल और पोल लगाने में लगे एक ट्रैक्टर के कारण एक गंभीर घटना घटित हुई। ट्रैक्टर का चालक गैयर में लगा ड्रॉवर गैस भराने के लिए ट्रैक्टर छोड़कर उतर गया, जिससे ट्रैक्टर अचानक घुड़क गई और गाड़ी चालू हो गई। इसके कारण ट्रैक्टर नाली में जा फंस गया। गनीमत यह रही कि इस घटना में जानमाल की कोई छति नहीं हुई। लेकिन ट्रैक्टर के फंसने से मौके पर हलचल मच गई और स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल बन गया।सूचना मिलते ही चैनपुर थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी, एसआई दिनेश कुमार, और एएसआई नंदकिशोर कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और हडरौलिक की सहायता से ट्रैक्टर को नाली से बाहर निकालने का कार्य शुरू किया। काफी मेहनत के बाद ट्रैक्टर को सफलतापूर्वक बाहर निकाल लिया गया। इस घटना ने एक बार फिर स्थानीय प्रशासन और ट्रैक्टर चालकों के लिए सुरक्षा मानकों पर ध्यान देने की आवश्यकता को उजागर किया है। ट्रैक्टर के साथ ऐसी घटनाओं से बचने के लिए उचित सावधानियों और प्रक्रियाओं का पालन करना जरूरी है ताकि भविष्य में इस तरह के अप्रिय घटनाएं टाली जा सकें।

## पीवीटीजी परिवार को बैल का वितरण आत्मनिर्भरता की ओर एक कदम



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय भवन के समीप मंगलवार को छिछवानी पंचायत के भेड़िया पाठ के एक पीवीटीजी परिवार के सदस्य गेंदा असुर द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर आज दो बैल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में जिप सदस्य मेरी लकड़ा, प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, उप प्रमुख प्रमोद खलखो, और मुखिया पॉलिदोर एक्का ने संयुक्त रूप से भाग लिया।प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. धर्म रक्षित विद्यार्थी ने बताया कि गेंदा असुर ने वित्तवर्ष 2024-25 में बैल के लिए आवेदन दिया था, जिसे आज प्रथम चरण में स्वीकृति दी गई। उन्होंने यह भी बताया कि इसी से संबंधित जिन लोगों ने पिछले वर्ष बतख पालन, सुअर पालन, बकरी पालन और मुर्गी पालन के लिए आवेदन किया था, उन्हें भी जल्द ही वितरण किया जाएगा।प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने इस अवसर पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा, सरकार सभी को नौकरी नहीं दे सकती है। हमें आत्मनिर्भर बनना है ताकि हम किसी के गुलाम न रहें।

## चैनपुर प्रखंड में राशन वितरण प्रणाली पर बैठक ई-केवाईसी और डेटा अद्यतन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

### डेटा अद्यतन की प्रक्रिया को गंभीरता से लिया जाना चाहिए



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड परिसर स्थित सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा की अध्यक्षता में जन्म वितरण प्रणाली दुकानदारों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में राशन कार्ड धारकों का ई-केवाईसी सत प्रतिशत कराने, मृत व्यक्तियों के नाम हटाने, तथा विवाहिता व्यक्तियों के नाम को सूची से काटने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी दुकानदारों को चाहिए कि वे शीघ्रता से राशन कार्ड धारकों का ई-केवाईसी पूरी करें। उन्होंने कहा, यदि कोई डीलर समय पर राशन का वितरण नहीं करता है, तो उसकी शिकायत की जाएगी और संबंधित कार्रवाई की जाएगी। ध्यान देने योग्य विषयों में से एक था मृत व्यक्तियों के नाम को राशन कार्ड से डिलीट करना।

बैठकों के दौरान यह बात स्पष्ट की गई कि मृत व्यक्तियों के नाम को हटाना जरूरी है ताकि वास्तविक लाभार्थियों को सही राशन मिले। इसके अलावा, विवाहिता व्यक्तियों के नाम को भी सूची से हटाने पर चर्चा की गई, जिससे कि लाभार्थियों की संख्या सही और अद्यतन रहे। चैनपुर अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता और गोदाम प्रबंधक संदीप टेटे ने भी बैठक में उपस्थित दुकानदारों को संबोधित करते हुए कहा कि डेटा अद्यतन की प्रक्रिया को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। दिनेश गुप्ता ने कहा, हम सभी को मिलकर यह सुनिश्चित करना है कि राशन वितरण प्रणाली में कोई भी कमी न आए और सभी लाभार्थियों को समय पर उनका राशन मिले।₹बैठक के अंत में, प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी उपस्थित सदस्यों को निर्देश दिया कि वे अपने कार्यों में पारदर्शिता और जिम्मेदारी बनाए रखें। छिटपुट समस्याओं को तुरंत रिपोर्ट करें ताकि तेजी से निवारण किया जा सके।यह बैठक राशन वितरण प्रणाली को बेहतर बनाने और कार्ड धारकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। सभी संबंधित पक्षों ने मिलकर यह विश्वास दिलाया कि वे इस दिशा में गंभीरता से कार्य करेंगे।

### पालकोट में सड़क पर जले ट्रकों के मलबे से लगा जानलेवा जाम

**पालकोट (गुमला)।** पालकोट प्रखंड के टेंगरा चौक के पास सिमडेगा-गुमला-राउरकेला मुख्य मार्ग पर कुछ दिन पहले दो ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर में भयावह आग लग गई थी। इस हादसे में दोनों वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गए थे और एक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। लेकिन हैरानी की बात यह है कि दुर्घटना को कई दिन बीत जाने के बावजूद दोनों जले हुए ट्रक अब तक सड़क किनारे पड़े हुए हैं, जो न सिर्फ आवागमन में बाधा बन रहे हैं, बल्कि भविष्य में एक और बड़े हादसे को निमंत्रण दे रहे हैं। सड़क पहले से ही संकरी है, और दोनों जले ट्रकों के मलबे ने इसे और खतरनाक बना दिया है। सड़क अब सिंगल लेन में तब्दील हो चुकी है, जिससे दोनों दिशाओं से आ रहे वाहनों को एक-दूसरे से टकराने का खतरा लगातार बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार बाल-बाल बड़ी दुर्घटनाएं टली हैं, लेकिन अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो जान-माल का भारी नुकसान हो सकता है।

## बीडीओ ने विकास योजनाओं की समीक्षा की



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा ।** भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन मंगलवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में विभागवार योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें बाल विकास परियोजना, शिक्षा, स्वास्थ्य, कल्याण, मनरेगा, अबूआ आवास सहित कई बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सभी पंचायत कर्मी बिरसा मुंडा आम बागवानी, दीदी बाड़ी योजना, नाडेफ टैंक, पीएम आवास के लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसे स्वीकृत कराते हुए कार्य प्रारंभ करें, ताकि क्रियान्वयन योजना को तय समय पर पूरा कराया जा सकें। उन्होंने बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वारा संचालित सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना, मातृत्व वंदना योजना, कल्याण विभाग से साइकिल वितरण, पशुपालन विभाग से बकरी वितरण, जेएसएलपीएस संस्था द्वारा महिलाओं की आर्थिक उन्नति के लिए संचालित योजनाओं के साथ-साथ सभी विभाग के अधिकारियों से संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। इस दौरान उन्होंने प्रखंड में स्वीकृत अबूआ आवास योजनाओं को एक सप्ताह में प्रारंभ करते हुए अपूर्ण योजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया है। मौके पर प्रखंड प्रमुख बरिया देवी, बीपीओ अभिषेक किशोर,महिपाल उरांव, राम उरांव सहित पंचायत कर्मी मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल,डालटनगंज**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **PR No.:-348623 (Building)24-25(D) Tender Reference No.-.-22/E.E.,BCD/Building Div.Daltonganj/2024-25 Date: 17.03.2025** निविदा कार्य को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

Nodal Officer
e-Procurement Cell
Building division ,daltonganj.

PR 349900 Building(25-26).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि PR No.:-349136 Building (24-25).D Tender Reference No.-.-23/E.E.,BCD/Building Div.Daltonganj/2024-25 Date: 24.03.2025 निविदा कार्य को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

Nodal Officer
e-Procurement Cell
Building division ,daltonganj.

PR 349899 Building(24-25)#D


## मिनी ट्रक पलटने से पांच लोग हुए गंभीर रूप से घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** सिसई थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एन एच 23 फोरलेन सड़क में पोटरो गांव के समीप सोमवार की रात लगभग 8:30 बजे भैंस को बचाने के दौरान 100 मीटर की दूरी से अनियंत्रित होकर 407 मालवाहक ट्रक सड़क के नीचे गिरकर पलट गया। जिससे गाड़ी में सवार 6 वर्षीय ऋषभ केशरी , 7 वर्षीय नमन केशरी, 10 वर्षीय सोनम केशरी, 31 वर्षीय सोनी देवी , व 40 वर्षीय रोशन केशरी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दुर्घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय ग्रामीणों संदीप साहु, विकास साहु, अजित साहु, अमित साहु, सोनू साहु, दुर्घटना स्थल पहुंचे और सभी घायलों को सहारा देकर उठाया तथा आनन फानन में निजी वाहन से रेफरल अस्पताल सिसई पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने पांचों को रांची रेफर कर दिया। रोशन केशरी गाड़ी चला रहा था। वहीं पास के दुकानदार ने जानकारी देते हुए बताया कि गाड़ी भरनो की ओर जा रही थी। जानकारी के अनुसार सभी घायल भरनो थाना क्षेत्र के रहने वाले बताए जाते हैं। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर सिसई थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और जांच में जुट गई।

## बिशुनपुर में टीबी रोगियों को मिला पोषण का संबल

**नवीन मेल संवाददाता**

**बिशुनपुर (गुमला)।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान एवं प्रधानमंत्री निश्चय पोषण योजना के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिंडाल्को सीएसआर की ओर से बिशुनपुर के पंजीकृत 53 टीबी रोगियों को मार्च माह का पोषण सामग्री एवं रागी लड्डू का वितरण किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मेडिकल ऑफिसर डॉ. नील कुसुम खाखा ने कहा कि टीबी रोग से मुक्ति के लिए नियमित दवा के साथ-साथ पोषण युक्त आहार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि रागी जैसे पौष्टिक तत्व रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं और रोगी को तेजी से स्वस्थ करने में सहायक होते हैं।


खान प्रबंधक अच्युत कुमार ने टीबी के उपचार में संतुलित आहार, सही देखभाल और सकारात्मक सोच



के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हिंडाल्को की यह पहल निश्चित रूप से रोगियों के स्वास्थ्य में सुधार लाएगी और उन्हें मानसिक रूप से भी संबल प्रदान करेगी। हिंडाल्को सीएसआर अधिकारी मनोज कुमार चौधरी ने बताया कि कंपनी सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत स्वास्थ्य और पोषण को प्राथमिकता देती है। वहीं सीएसआर अधिकारी अनिल कुमार ने अभियान के उद्देश्यों को साझा करते हुए कहा कि अधिक से अधिक टीबी मरीजों की पहचान कर उन्हें समय पर उपचार और पोषण सहायता देना हमारा लक्ष्य है।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**
(लापता अंजली कुमारी, उम्र–11 वर्ष)



मेराल थाना कांड सं0–70/25, दिनांक–02.04.2025 धारा–137(2), 140(3), बी0एन0एस0 में लापता अंजली कुमारी उम्र–11 वर्ष, पिता–छोटन भुईयाँ, ग्राम+पो0–लगमा, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, वर्तमान पता– L.G 2 ईंट भट्ठा, ग्राम–खोलरा (अटौला), थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली है। उक्त लापता लड़की के पिता के द्वारा आवेदन में उल्लेख किये है कि इनकी लड़की मेराल थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम–खोलरा (अटौला), L.G 2 ईंट भट्ठा, से अपने स्थाई घर ग्राम+पो0–लगमा, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा जाने के लिए दिनांक–21.03.2025 को समय 07 बजे सुबह निकली थी परन्तु घर नहीं पहुँची। उक्त लापता लड़की अंजली कुमारी उम्र–11 वर्ष का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़की किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0– 9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया** :–लंबाई करीब–04 फीट, पहनावा–आसमानी फॉक एवं उपर से पीला काला स्वेटर।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 349972 Police(25-26).D


## विद्यालय में रसोईया चयन में हुई अनियमितता, संगठन ने जताया कड़ा विरोध



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कुलबीरा में रसोईया चयन को लेकर मंगलवार को विवाद खड़ा हो गया। दोपहर 2 बजे ग्रामीणों द्वारा मनमाने ढंग से रसोईया का चयन किए जाने पर झारखंड प्रदेश रसोईया संयोजिका संगठन ने कड़ा विरोध जताया। मौके पर शिक्षा विभाग के अधिकारी, जिला संयोजिका अध्यक्ष देवकी देवी और संगठन के अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

इस दौरान देवकी देवी ने स्पष्ट कहा कि वर्ष 2018 से अब तक जिन रसोईयों की उम्र 60 वर्ष पूरी हो चुकी है, उनके परिवार के सदस्यों को ही प्राथमिकता के आधार पर नियुक्त किया जाना चाहिए। यदि ऐसा नहीं होता, तो विद्यालय प्रबंधन को वर्ष 2004 से अब तक के न्यूनतम वेतन का भुगतान करना होगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी अन्य व्यक्ति को नियुक्त किया जाता है, तो पूर्व रसोईया के जीवन यापन, इलाज और अंतिम संस्कार तक की जिम्मेदारी ग्रामीणों या विभाग को उठानी पड़ेगी। वर्तमान में रसोईया को मात्र 2000 मासिक मानदेय दिया जाता है, जिससे कोई बचत संभव नहीं है। संगठन ने कुलबीरा विद्यालय में हुए चयन को अनुचित करार देते हुए तत्काल रद्द करने की मांग की है।

## भरनो में चैत्र नवरात्र संपन्न, भक्तों ने शोभायात्रा के साथ नम आंखों से मां दुर्गा को दी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर भरनो प्रखंड मुख्यालय में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। हरिजन मुहल्ला स्थित दुर्गा मंदिर और बस्ती बाजार टांड़ स्थित श्रीविष्णु मंदिर में नौ दिनों तक चलने वाले नवरात्र पूजन के बाद सोमवार की देर शाम भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पूजा समितियों ने विधिवत रूप से नगर भ्रमण कराते हुए मां दुर्गा की प्रतिमाओं को बस्ती स्थित तालाब तक पहुंचाया। शोभायात्रा में जयकारों की गूंज, भक्तों का उत्साह और भक्ति भाव की झलक हर मोड़ पर दिखाई दी। शोभायात्रा



जैसे ही तालाब पहुंची, वहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पुरोहितों द्वारा विधिपूर्वक प्रतिमा विसर्जन संपन्न कराया गया।

इस अवसर पर भक्तों की आंखें नम थीं और हर कोई मां के अंतिम दर्शन को व्याकुल दिखा। माँ दुर्गा की विदाई में उमड़ी भीड़ ने नवरात्र के समापन को भावनात्मक रूप से जीवंत बना दिया।

प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम को सफल बनाने में दोनों पूजा समितियों के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और सुरक्षा व व्यवस्था को पूरी तरह संभाला। इस आयोजन ने क्षेत्र में धार्मिक एकता और सांस्कृतिक उत्सव की मजबूत मिसाल पेश की।

### नाबालिक ने बुजुर्ग के ऊपर किया लाठी से हमला, बुजुर्ग की मौत

**बानो।** बानो थाना के कुसुम महुआटोली में नाबालिग ने लाठी से वार कर बुर्जग की हत्या कर दी।घटना सोमवार रात लगभग दस बजे की है। घटना की जानकारी होने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु सिमडेगा भेज दिया। वहीं पुलिस ने नाबलिग को निरूद्ध कर लिया है। पुलिस ने बताया कि जोवाकिम लोमगा,उम्र लगभग 85 वर्ष सोमवार रात शराब पीकर हो हल्ला व गाली गलौज कर रहा था। इसी क्रम में नाबालिग लड़के ने लाठी से सिर पर जोवाकिम लोमगा पर वार कर दिया। पुलिस ने बताया कि चार-पांच बार लाठी से वार करने के कारण बुर्जग की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी।घटना की सुचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

उसी पुराने ढंग से न जीते रहें। अपने जीवन को सुधारने के लिए कुछ करने का दृढ़ निश्चय कर लें और फिर उसे पूरा करें। अपनी चेतना को परिवर्तित करें, केवल उतना ही करने की आवश्यकता है। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

### बेचैन बांग्लादेश व चीन की चाल

बैंकॉक में आयोजित बिम्सटेक के छठे शिखर सम्मेलन के दौरान बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच मुलाकात हुई। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, इस दौरान जहां यूनुस ने शेख हसीना के प्रत्यर्पण का मुद्दा उठाया, वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने यूनुस से बांग्लादेश में जल्द से जल्द चुनाव कराने और वहां हिंदुओं एवं अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया। दरअसल बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा में विफल रहने के कारण भारत से राजनीतिक चुनौतियों से जूझ रहे यूनुस ने चीन के साथ बेहतर रिश्ते बनाने का फैसला किया है, क्योंकि अमूमन दक्षिण एशियाई देश (पाकिस्तान को छोड़कर) के नेता अपनी पहली विदेशी यात्रा के लिए भारत को प्राथमिकता देते हैं, ताकि अच्छे संबंधों और रणनीतिक तालमेल का प्रदर्शन किया जा सके। लेकिन मोहम्मद यूनुस की 26 से 29 मार्च को की गई चीन की यात्रा एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक बदलाव का संकेत देती है। यूनुस ने अपनी चीन यात्रा की शुरुआत 26 मार्च को हैनान में आयोजित बोआओ फोरम फॉर एशिया के वार्षिक सम्मेलन में भाग लेकर की। फिर उन्होंने 27-29 मार्च को चीनी सरकार के निमंत्रण पर मुख्य भूमि चीन का दौरा किया। उनकी यह यात्रा ऐसे समय में हुई, जब बांग्लादेश गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहा है। हसीना के सत्ता से बेदखल होने के बाद से बांग्लादेश की आर्थिक स्थिति और खराब हो गई है। फैक्टरियों के बंद होने, बढ़ती बेरोजगारी और अस्थिरता के कारण स्थिति बिगड़ रही है। शुरू में माना गया कि पश्चिमी देश, खासकर अमेरिका, यूनुस को सत्ता में लाने में सहायक थे। लेकिन पश्चिम से समर्थन कम होते देख यूनुस ने चीन का रुख किया। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बैठक के दौरान यूनुस ने आर्थिक और तकनीकी सहयोग को बढ़ाने के लिए नौ समझौतों पर हस्ताक्षर किए। ये समझौते विभिन्न क्षेत्रों को कवर करते हैं, जिनमें विकास परियोजनाएं, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, और क्लासिकल साहित्यिक कार्यों के अनुवाद व प्रकाशन शामिल हैं। यूनुस की यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण पहलू चीन को तीस्ता नदी प्रबंधन परियोजना में शामिल करने का प्रयास था। पहले यह परियोजना शेख हसीना सरकार ने भारत को सौंपी थी, पर यूनुस ने चीनी सरकारी कंपनियों को इसमें भाग लेने का निमंत्रण दिया, जबकि भारत पहले ही इस पर समर्थन देने और तकनीकी टीम भेजने के लिए सहमत हो चुका था। इसके अलावा, यूनुस ने मोंगला बंदरगाह के आधुनिकीकरण और विस्तार में चीन की भागीदारी का प्रस्ताव रखा। उन्होंने चीन-बांग्लादेश औद्योगिक पार्क के विकास में भी चीन को शामिल करने की इच्छा जताई। यूनुस ने चीन से बांग्लादेश की नदियों के प्रबंधन के लिए 50-वर्षीय मास्टर प्लान तैयार करने का अनुरोध किया, जो विशेष रूप से चिंताजनक है, क्योंकि चीन पहले ही तिब्बत में यारलुंग जांग्बो नदी पर एक विशाल जलविद्युत बांध बनाने की योजना बना चुका है, जिससे भारत और बांग्लादेश, दोनों के लिए गंभीर पर्यावरणीय और सुरक्षा संबंधी खतरे उत्पन्न हो सकते हैं। लेकिन यूनुस ने चीन की जल प्रबंधन विशेषज्ञता की प्रशंसा की और उससे रणनीतिक दृष्टिकोण साझा करने का आग्रह किया। चीन ने भी सहायता प्रदान करने पर सहमति जताई है। भारत की पड़ोसी प्रथम नीति के आड़े बांग्लादेश की चीन प्रथम और पाकिस्तान द्वितीय नीति आ रही है।

*फैक्टरियों के बंद होने, बढ़ती बेरोजगारी और अस्थिरता के कारण स्थिति बिगड़ रही है।*

# भविष्य के लिए तैयार स्टार्टअप इकोसिस्टम की ओर




हाल ही में स्टार्टअप महाकुंभ में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल द्वारा की गई टिप्पणी भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम की समयोचित और आवश्यक आलोचना प्रस्तुत करती है। इस क्षेत्र के अंतर्गत हुई उल्लेखनीय प्रगति और नवाचार को स्वीकारते और उसकी सराहना करते हुए श्री गोयल ने स्टार्टअप्स से आग्रह किया कि वे अपना ध्यान खाद्य वितरण और हाइपर-फास्ट लॉजिस्टिक्स जैसे कम मूल्य वाले उपक्रमों से हटाकर सेमीकंडक्टर, रोबोटिक्स और डीप-टेक जैसे उच्च प्रभाव वाले क्षेत्रों पर केंद्रित करें। आत्मविश्लेषण का यह आह्वान न केवल जायज है, अपितु भारत के उद्यमशील परिदृश्य की दीर्घकालिक स्थिरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक भी है। सफलता की गाथा -भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम ने अविवादित रूप से महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं। 2025 में, केवल पहली तिमाही में ही स्टार्टअप्स ने 2.5 बिलियन डॉलर जुटाए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। स्टार्टअप्स के वित्त पोषण के मामले में देश अमेरिका और ब्रिटेन के बाद दुनिया में तीसरे स्थान पर है। इसके अतिरिक्त, आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) गतिविधि में वृद्धि हुई है, इस वर्ष 23 स्टार्टअप्स पब्लिक लिस्टिंग की तैयारी कर रहे हैं, जो भारतीय नवाचार में निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है। इसके अलावा, टियर 2 और टियर 3 शहर कृषि, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा में स्थानीय चुनौतियों से निपटते हुए उद्यमशीलता से संबंधित गतिविधि केंद्रों के रूप में उभर रहे हैं। यह विकेंद्रीकरण एक आशाजनक प्रवृत्ति है, जो इकोसिस्टम की समावेशिता और उसकी संभावनाओं को रेखांकित करती है।

श्री गोयल द्वारा रेखांकित चुनौतियाँ - इन उपलब्धियों के बावजूद,श्री गोयल की आलोचना उन महत्वपूर्ण कमियों की ओर इंगित करती है, जिन्हें दूर किए जाने की आवश्यकता है। अनेक स्टार्टअप्स डीप-टेक जैसे परिवर्तनकारी क्षेत्रों में नवाचार करने के बजाय मौजूदा व्यवसाय मॉडल की नकल करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। उदाहरण के लिए, यद्यपि चीनी स्टार्टअप्स सेमीकंडक्टर और ईवी प्रौद्योगिकियों में वैश्विक स्तर पर अग्रणी हैं, वहीं भारतीय स्टार्टअप्स अक्सर किराने के सामान की तत्काल डिलीवरी या विशिष्ट उपभोक्ता उत्पादों को प्राथमिकता देते हैं। इस दृष्टिकोण से सीमित दीर्घकालिक आर्थिक मूल्य वाले व्यवसायों का सृजन होने का खतरा है।

श्री गोयल ने प्रतिभा पलायन या ब्रेन ड्रेन के बारे में भी चिंता जाहिर की, जहां नवोन्मेषी विचारों को कम कीमत पर विदेशी कंपनियों को बेचा जाता है। घरेलू नवाचार के लिए मजबूत समर्थन के बिना, भारत के समक्ष अपनी बौद्धिक पूंजी को अपने वैश्विक प्रतिस्पर्धियों के लिए गवां देने का जोखिम मौजूद है। आत्मविश्लेषण और जवाबदेही - मंत्री महोदय का यह वक्तव्य स्टार्टअप इकोसिस्टम के बारे में कही जाने वाली सामान्य बातों से हटकर एक स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने बिना किसी लाग-लपेट के अपनी बात को स्पष्ट रूप से रखने का विकल्प चुना। उनकी इस स्पष्ट आलोचना को निंदा के रूप में नहीं, बल्कि भारत के प्रतिभाशाली युवाओं के लिए रचनात्मक चुनौती के रूप में– उन्हें सौम्य रूप से प्रेरित किए जाने के रूप में देखा जाना चाहिए।

स्टार्टअप इकोसिस्टम के भीतर आत्मविश्लेषण और जवाबदेही की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में वरिष्ठ मंत्रियों के ऐसे वक्तव्य महत्वपूर्ण हैं। यद्यपि यूनिकॉर्न वैल्यूएशन और वित्त पोषण संबंधी उपलब्धियों को लेकर मिल रही प्रशंसा का आनंद लेना आसान है, लेकिन वास्तविक प्रगति प्रणालीगत खामियों को दूर करने और दीर्घकालिक आर्थिक मूल्य बनाने वाले व्यवसायों का निर्माण करने में निहित है। श्री गोयल की टिप्पणियां संस्थापकों और निवेशकों के लिए अपनी प्राथमिकताओं पर पुनर्विचार करने और अपने प्रयासों को राष्ट्रीय लक्ष्यों के साथ संरेखित करने की चेतावनी का कार्य करती है। भारत के स्टार्टअप समुदाय को इस तरह के नेतृत्व का स्वागत करना चाहिए - जो यथास्थिति को चुनौती देने और सार्थक नवाचार के लिए प्रेरित करने से भयभीत नहीं होता। इस विजन को अपनाते हुए भारतीय उद्यमी अपनी प्रतिभा का लाभ उठाते हुए इस स्थिति से सफलतापूर्वक निपट सकते हैं। डीप-टेक क्यों महत्वपूर्ण है - आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रोबोटिक्स और सेमीकंडक्टर जैसे डीप-टेक उद्योग आर्थिक विकास और तकनीकी नेतृत्व को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। वैश्विक स्तर पर, ये क्षेत्र स्वास्थ्य सेवा से लेकर विनिर्माण तक के उद्योगों के भविष्य को आकार दे रहे हैं। फिर भी, भारत में डीप-टेक में केवल लगभग 1,000 स्टार्टअप हैं –इस आँकड़े को श्री गोयल ने "परेशान करने वाला" करार दिया है।

आज की बात



**रोहित कुमार सिंह**

#### डीप-टेक में निवेश करने से अनेक लाभ मिलते हैं

**आर्थिक मूल्य :** उच्च तकनीक वाले उद्योग कम कौशल वाले क्षेत्रों की तुलना में प्रति कर्मचारी अधिक राजस्व उत्पन्न करते हैं।

**वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता :** एआई और रोबोटिक्स में नवाचार भारत को अत्याधुनिक तकनीकों में अग्रणी बनाता है।

**स्थिरता :** अल्पकालिक उपक्रमों के विपरीत, डीप-टेक समाधान प्रणालीगत चुनौतियों का समाधान करते हैं और स्थायी प्रभाव उत्पन्न करते हैं।

**मजबूत इकोसिस्टम ही सफलता का मार्ग है :** अधिक प्रभावशाली स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए श्री गोयल के विजन को साकार करने के लिए अनेक तरह के कदम उठाने की आवश्यकता है।

**डीप-टेक फंडिंग को प्रोत्साहित करना :** यद्यपि लेट-स्टेज फंडिंग प्रमुख होती है (वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में 1.8 बिलियन डॉलर), लेकिन डीप-टेक में शुरुआती चरण के निवेश को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सीआईआई और फिक्की जैसे उद्योग निकाय नवाचार-प्रेरित स्टार्टअप्स के लिए समर्पित कोष बनाकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

**नीतिगत समर्थन :** एंजल टैक्स को खत्म करने जैसे हाल के सुधारों ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया है। उच्च तकनीक वाले क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास के लिए और प्रोत्साहन विकास को गति दे सकते हैं।

**बौद्धिक संपदा (आईपी) को बढ़ावा देना :** स्टार्टअप्स को वैश्विक मॉडल अपनाने के बजाय आईपी-संचालित समाधान बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। यह बदलाव भारतीय नवाचारों का वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना रहना सुनिश्चित करेगा।

**टियर 2 और टियर 3 शहरों का लाभ उठाना :** 'भारत' का उदय ग्रामीण जरूरतों के अनुरूप डीप-टेक समाधानों के माध्यम से स्थानीय चुनौतियों का समाधान करने का अवसर प्रस्तुत करता है।

**शिक्षा जगत के साथ सहयोग :** स्टार्टअप्स के साथ अनुसंधान साझेदारी को बढ़ावा देकर विश्वविद्यालय गहन तकनीकी नवाचार के लिए इनक्यूबेटर के रूप में काम कर सकते हैं।

#### विकास और उद्देश्य में संतुलन कायम करना

भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम निर्णायक मोड़ पर है। हालाँकि यह रिकॉर्ड-तोड़ निवेश और वैश्विक स्तर पर ध्यान आकर्षित करना जारी रखे हुए है, लेकिन इसकी दीर्घकालिक सफलता उद्यमशीलता के प्रयासों को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ संरेखित करने पर निर्भर करती है। श्री गोयल की टिप्पणियाँ संस्थापकों और निवेशकों दोनों के लिए समान रूप से अपनी रणनीतियों पर पुनर्विचार करने की चेतावनी देने का काम करती है। आगे का रास्ता उपभोक्ता-केंद्रित उद्यमों को छोड़ने में नहीं, बल्कि उन क्षेत्रों में सार्थक बदलाव लाने वाली विविधताओं को लाने में है – भले ही वह एआई-संचालित हेल्थकेयर डायग्नोस्टिक्स के माध्यम से हो या टिकाऊ ईवी प्रौद्योगिकियों के माध्यम से। ऐसा करके, भारतीय स्टार्टअप्स न केवल वैश्विक बाजारों पर पकड़ बना सकते हैं, बल्कि घरेलू आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

***(लेखक राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के सदस्य और भारत सरकार के पूर्व सचिव हैं)***

### यह बात साफ़ करना ज़रूरी है ?

समस्त समाज को अपना कहने की बात करने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दो चित्र सामने हैं। पहले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संघ मुख्यालय में दिया भाषण है, तो दूसरे में झारखंड के हजारीबाग में भाजपा सांसद मनीष जायसवाल ने सरेआम तलवारें, लाठियां और डंडे कार्यकर्ताओं और समर्थकों में बांटना हैं। संघ और भाजपा नेतृत्व को देश के सामने साफ करना चाहिए कि क्या उनका विचार और संस्कार हिंदू बनाम मुसलमान का ही है? यह संघ का शताब्दी-वर्ष है। करीब 24 साल बाद भारत के प्रधानमंत्री संघ मुख्यालय गए। पहले वर्ष 2000 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी संघ मुख्यालय गए थे। अब मौजूदा प्रधानमंत्री मोदी नागपुर मुख्यालय गए। भाजपा के दोनों ही प्रधानमंत्री संघ प्रचारक थे, उनकी राजनीतिक-सामाजिक-वैचारिक जड़ें संघ से ही जुड़ी थीं, लिहाजा संघ की शरण में जाना स्वाभाविक है। ऐसी व्याख्याएं गलत और भ्रामक हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को कोई चुनौती है या भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर कोई विरोधाभास हैं अथवा संघ भाजपा से कुछ मुद्दों पर नाराज है, लिहाजा संबंधों में तनाव है। भाजपा संघ का ही एक मातृ संगठन है, लिहाजा निर्देश और संस्कार संघवाले ही हैं। उन्हें चुनौती नहीं दी जा सकती या उनका विरोध करने का दुस्साहस संभव नहीं है। संघ और भाजपा के संबंध एक विराट परिवार सरीखे हैं। वे आपस में विमर्श करते हैं और फिर एक साझा निष्कर्ष पर पहुंचते हैं। भाजपा में करीब 90 प्रतिशत नेता और कार्यकर्ता आरएसएस की पृष्ठभूमि के होते हैं, जो बाद में भाजपा के लिए काम करते हैं। संघ में करीब 60 लाख स्वयंसेवक हैं। उन्हीं में से प्रचारक बनते हैं। जिन्हें भाजपा में भेजा जाता है, वहां वे सांसद, मंत्री और फिर प्रधानमंत्री बन सकते हैं। 1951 में जब 'जनसंघ' का गठन किया गया था, तब पार्टी प्रमुख डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अटल बिहारी वाजपेयी, सुंदर सिंह भंडारी, दीन दयाल उपाध्याय सरीखे चेहरों को संघ से ही मांगा था। दरअसल आज कुछ संवेदनशील और राष्ट्रीय चेतना के स्तर के मुद्दे हैं, जो संघ के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, बंधुत्व, हिंदुत्व, एकता-अखंडता, सेवा-संस्कार और सामाजिकता के बिल्कुल विलोम हैं। जैसे एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में संघ को महान, अक्षय और आधुनिक 'वटवृक्ष' माना है, लेकिन दूसरी तरफ झारखंड के हजारीबाग में भाजपा सांसद मनीष जायसवाल ने सरेआम तलवारें, लाठियां और डंडे कार्यकर्ताओं और समर्थकों में बांटे हैं। दरअसल बहुसंख्यक सांप्रदायिकता बेहद खतरनाक और हिंसक होती है, लिहाजा सांसद का यह कारनामा अक्षम्य है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**राकेश दुबे**

## आखिर हम मरते क्यों है ?

केवल सांस का रूक जाना ही मृत्यु है? क्या सांस का चलना ही पूरा जीवन है? क्या हमारे पास इस अस्तित्व को जानने का एकमात्र माध्यम सांस है? आखिर हम मरते क्यों है? वेन्की रामकृष्ण एक विश्व प्रसिद्ध नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक है। उन्होंने एक किताब लिखी है- हम क्यों मरते है? इसमें उन्होंने उम्र बढ़ने का नया विज्ञान और अमरता की खोज पर चिंतन किया है। यह एक ऐसी किताब है जिसमें उम्र बढ़ने और दीर्घायु के बारे में नवीनतम वैज्ञानिक समझ को रेखांकित किया गया है। हमारे शरीर में करीब 30 लाख करोड़ कोशिकाएं हैं। ये सभी एक निश्चित पैटर्न में नियंत्रित तरीकें से बढ़ती रहती है और एक समय के बाद खद ही नष्ट हो जाती है। इन प्रक्रिया के लिए ऊर्जा की जरूरत होती है, जो शरीर में मौजूद ग्लूकोज से मिलती है। अगर इन्हें पर्याप्त सुगर नहीं मिले तो यह प्रक्रिया धीमी हो सकती है। सांस के साथ ऊर्जा का आवागमन है तो सांस के पार ध्यान में सजगता से हम इसी प्रक्रिया को लंबा कर सकते हैं। जब हम कहते है कि कोई मर जाता है तो उस दरम्यान भी हमारा अधिकांश हिस्सा, यानी अंग जीवित रहते है लेकिन हमारी मांशपेशियां इतनी कमजोर हो जाती है कि हमारा दिल धड़कना बंद कर देता है, हमारे अंग ऑक्सीजन और पोषक तत्वों वाले रक्तों को पंप करना बंद कर देते हैं। अगर हम यह भी नहीं चाहते हैं कि आपकी कोशिकाएँ बहुत बूढ़ी हो जाए तो सबसे पहले यह देखे कि जीवन अवधि हरेक जीव के लिए अलग क्यों है ? शार्क और व्हेल कई सौ साल तक जीवित रहते है तो कछुआ का जीवन काल 170 साल से अधिक होता है। दूसरी हो मक्खी एक दिन या कीट कुछेक घंटे और चूहा दो साल तक जिंदा रहते हैं। हरेक जीव का उम्र अलग होना ही बताता है कि हम उम्र बढ़ाने के लिए क्या कर सकते हैं। इसके लिए कुछ बातों को जानना होगा। राइबोसोम कैसे काम करता है, डीएनए की मरम्मत तंत्र कैसे काम करता है आदि की जानकारी होनी चाहिए। जिससे हमें लंबे समय तक जीने में मदद मिल सके ? एक दिन में हमारी कोशिका के डीएन में एक लाख परिवर्तन होते हैं। सिर्फ पानी के कारण दस हजार परिवर्तन होते है। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, इसमें टूटने की प्रक्रिया तेज हो जाती है। उम्र बढ़ना हमारी कोशिकाओं के अंदर अणुओं में रासायनिक क्षति का संचय है जो स्वयं कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाता है, फिर ऊतक को और अंत में समूचे शरीर का क्षय करता है।

वेंकी रामकृष्णनन का शोध बताता है कि कैलोरी सेवन कम करने से हमारा जीवन लंबा होता है। कैलोरी प्रतिबंध से प्रोटीन उत्पादन को नियंत्रित किया जाता है ताकि हम बहुत अधिक प्रोटीन का निर्माण नहीं करे। जीवन के सामान्य क्रम में हम प्रोटीन बनाते है। और जब उसकी जरूरत नहीं होती है तो हम उसका परित्याग कर देते हैं। उसको अनावश्यक रखना भी शरीर के लिए खतरनाक होता है। शरीर में अतिरिक्त प्रोटीन का उत्पादन कम होने और कचरे का पुनर्चक्रण से उम्र के बढ़ने में फायदा होता है। जब कैलोरी सीमित होती है तो शरीर के लिए वह अच्छा होता है। व्यायाम, आहार और निंद्रा से इसका सकारात्मक प्रभाव होता है। मृत्यु पर विजय एक नैतिक सवाल भी उत्पन्न करता है जब गरीब के पास भोजन नहीं है। अच्छा भोजन दूर की बात है। उसके लिए उनको निंद्रा से समझौता करना होता है। इसलिए अगर लंबे जीवन का लाभ समाज के सभी लोगों को नहीं मिलता तो, इसका क्या फायदा है। पिछले दिनों इतिहासकार विलियम डेलरिंपल का एक पॉडकास्ट सुन रहा था- लॉरेंस ऑफ अरेबिया पर। लॉरेंस ऑफ अरेबिया ने मरने के पहले लिखा था- क्या तुमने खुद को एक पत्ता महसूस किया है जो पेड़ से पतझड़ में गिरा हो और इस बात को लेकर उलझन में पड़ा हो .? यह गिरते हुए पत्ते में मृत्यु और कोंपल में जीवन की अनुभूति ने मुझे अमरता को स्पर्श किया। प्रकृति में जन्म और मृत्यु का चक्र है। काशी में गंगा के तीरे पर पूजा में जीवन है तो दूसरी ओर मृत्यु के लौ में भी उत्सव है। जापानी कविता है- यह ओस की दुनिया है, सिर्फ ओस की दुनिया है। फिर भी है। इस जीवन के मर्म में ही मृत्यु क्यों है, का उत्तर है। लंबे और स्वस्थ जीवन जीने में मदद करने के लिए जो सामान्य ज्ञान की सलाह दी जाती है वे सदियों से चली आ रही हैं। हमें यह हमारी दादी-नानी से मिला है। पेटू मत बनो। व्यायाम करो। तनाव से बचें, जो हार्मोनल प्रभाव पैदा करता है जो हमारे चयापचय को बदलता है और उम्र बढ़ने को तेज कर सकता है। पर्याप्त नींद लें। उम्र बढ़ने पर शोध हमें इस सलाह के गहरे जैविक निहितार्थों को समझने में मदद कर रहा है। संतुलित मात्रा में विभिन्न प्रकार के स्वस्थ खाद्य पदार्थ खाने से मोटापे के स्वास्थ्य जोखिमों को रोका जा सकता है। व्यायाम हमें नए माइटोकॉन्ड्रिया को पुनर्जीवित करने में मदद करता है - हमारी कोशिकाओं के पावरहाउस जो ऊर्जा प्रदान करते हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डॉ मयंक मुरारी**

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

सधी 'कमानें' इस तरफ, सधे 'तीर' उस ओर।
युद्ध भूमि संसद बनी, पर जनता सिरमौर।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## जिबली-जिबली खेलें, मगर संभलकर !

गिबली है कि जिबली है, यह तय करने में काफी गफलत थी। वैसे भी किसी ने कहा है कि नाम में क्या रखा है। बेशक, बात तो काम की होनी चाहिये। तो यह सोशल मीडिया में गदर काट रहा गिबली... गिबली या जिबली... जिबली का चक्कर क्या है। कहीं इसके चक्कर में हम घनचक्कर तो नहीं बने जा रहे हैं। यूं तो सोशल मीडिया ट्रेंड की भरमार हमेशा रहती है। लेकिन बात जिबली ट्रेंड की करें, तो इसकी बात बिलकुल जुदा ही है। यह जिबली क्या है, शायद अब यह बताने वाली बात नहीं रह गई है। बच्चे, युवा, बूढे.सभी जिबली.... जिबली खेल रहे हैं। वैसे तो जिबली एक अनोखा जापानी आर्टवर्क है, जिसे जापान के एक स्टूडियो जिबली ने विकसित किया था। इस एनीमेशन स्टूडिया की स्थापना हायाओ मियाजाकी और उनके दोस्तों ने 1985 में की थी जिसने एनीमेशन फील्ड में कई मशहूर फिल्मों का निर्माण किया था। यहां निर्मित हर फिल्म के हर फ्रेम को हाथों से बनाया जाता था। इसे खासतौर पर डिटेल्ड बैकग्राउंड, वॉटरकलर रंगों, ड्रीम लाइक सीनरी और इमोशनल कैरेक्टर डिजाइन के लिए जाना जाता है। पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया में जिबली तस्वीरें नजर आ रही हैं। ये सभी तस्वीरें एनीमेटेड फॉर्म में हैं। 24 मार्च को ओपन एआई ने जीपीटी-40 इमेज जनरेशन फीचर लांच किया था। ओपन एआई के चैट जीपीटी का प्रयोग करके अपनी असली तस्वीरों को जिबली एनीमेटेड तस्वीरों में चेंज कर शेयर करने का ट्रेंड चल पड़ा है। ऐसा नहीं है कि इस ट्रेंड में युवा ही भाग ले रहे हैं, सिनेमा के सितारे, और राजनेताओं ने भी इस ट्रेंड को बढ़ाने में अपनी भूमिका अदा की। इन तस्वीरों का लुक हूबहू असली तस्वीरों से मिलता-जुलता रहता है, लेकिन एनीमेटेड फॉर्म में होता है। इन तस्वीरों का लुक इतना आकर्षक लगता है कि लोगों की दिलचस्पी कम होने का नाम नहीं ले रही है। उनकी इसी दिलचस्पी को भांपते हुये ओपेन एआई के सीईओ सैम अल्टमस ने एक बार में तीन तस्वीरों को जीपीटी-40 इमेज जनरेशन फीचर इस्तेमाल का अश्वासन दे दिया है। सवाल है कि इस ट्रेंड यानी भेड़चाल का किसे नफा और किसे नुकसान होगा। जिबली... जिबली का खेल किस पर भारी पड़ने वाला है। जिस तेजी से हम खेल और मनोरंजन के लिये अपनी फोटो ओपन एआई को सौंप रहे हैं, उनका होगा क्या। ऐसा करके हम क्या खतरा मोल ले रहे हैं, इस बात पर सोचने का वक्त सोशल मीडिया के जमाने में हमारे पास कम ही बचा है, क्योंकि यह तो सब कर रहे हैं। वास्तव में एआई का पूरा कारोबार डेटा पर टिका हुआ है। एआई उतना ही काम कर सकता है जितना उसके पास सटीक उपलब्ध डेटा उसे अलाउ करेगा। जिबली के इस खेल में हमारे 'फेशियल' डेटा हम खुशी से एआई को सौंप रहे हैं। सवाल है कि एआई इससे क्या करेगा। तो बात दें कि इससे कमाल की टेक्नोलॉजी विकसित की जाती है, जिसे फेशियल रिकॉग्निशन टेक्नोलॉजी कहते हैं। फेशियल रिकॉग्निशन एक बायोमेट्रिक तकनीक है, जो इंसान के चेहरे को स्कैन करके उसकी पहचान करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) का उपयोग करती है। इसके लिये डेटा कलेक्शन का काम किया जाता है। कैमरे या इमेज सेंसर के माध्यम से व्यक्ति के चेहरे की तस्वीर या वीडियो बनायी जाती है। एआई आधारित एल्गोरिदम चेहरे की मुख्य विशेषताओं (जैसे आंख, नाक, होंठ, ठोड़ी आदि) को पहचानता है और उन्हें डिजिटल डेटा में बदल देता है। पहचाने गए फीचर्स को डेटाबेस में पहले से स्टोर की गई छवियों से मिलाया जाता है। अगर चेहरे का डेटा डेटाबेस में मौजूद डेटा से मेल खाता है, तो व्यक्ति की पहचान सत्यापित हो जाती है। यह तकनीक कई क्षेत्रों में उपयोग की जा रही है, जैसे सुरक्षा, स्मार्टफोन अनलॉकिंग, बैंकिंग, हेल्थ सेक्टर और कानून प्रवर्तन। फेशियल रिकॉग्निशन तकनीक आज के डिजिटल युग में तेजी से विकसित हो रही है। यह सुरक्षा, स्वास्थ्य, और वित्तीय लेन-देन जैसे कई क्षेत्रों में उपयोगी साबित हो रही है। जाहिर है कि इसका मार्केट वैल्यू भी होगा और बाजार भी। आज फेशियल रिकॉग्निशन टेक्नोलॉजी का वैश्विक बाजार तेजी से बढ़ रहा है, जिससे संबंधित कंपनियों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। कॉग्निटिव मार्केट रिसर्च के अनुसार 2024 में इसका वैश्विक बाजार मूल्य लगभग 6515.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर था। 2024 से 2031 के बीच 17 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से इसके बढ़ने का अनुमान है। अब इससे हमें क्या नुकसान हो सकता है। इसे जानना भी जरूरी है। इस खेल के चक्कर में जब हम अपनी फोटो खुद एआई प्लेटफार्म पर अपलोड करते हैं, तो हम अपनी परमीशन दे देते हैं, इससे एआई या संबंधित एप को निजी डाटा प्रोसेस करने में आसानी हो जाती है। साथ ही फोटो को एआई पर शेयर कर उनके इस्तेमाल पर प्राइवेसी नहीं लगा सकते। इससे एआई उन तस्वीरों का भी प्रयोग कर सकता है। खुद चैट जीपीटी से जब इस बावत पूछा गया तो उसने कहा कि अगर एआई आधारित स्टूडिया जिबली ऑर्ट जेनरेटर एक सुरक्षित और विश्वसनीय प्लेटफॉर्म है, तो इसका उपयोग किया जा सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**प्रतिभा कुशवाहा**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# इंडिगो के विमान में धमकी भरा नोट मिलने से हड़कंप



इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान 89 वर्षीय महिला की मौत

यह आपात लैंडिंग रविवार रात को हुई, जब 89 वर्षीय सुशीला देवी, जो उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर की रहने वाली थीं, को उड़ान के दौरान अस्वस्थता महसूस हुई। क्रू ने उनकी मदद करने की कोशिश की और विमान को नजदीकी हवाई अड्डे की ओर मोड़ा, लेकिन चिकित्सा सहायता मिलने से पहले ही स्थिति गंभीर हो गई और उनकी मृत्यु हो गई।

**225** यात्री थे सवार, विमान में बम धमकी मिलने पर सुरक्षा कारणों से हुई आपातकालीन लैंडिंग

जयपुर से मुंबई जा रहे इंडिगो के एक विमान में धमकी भरा नोट मिलने से हड़कंप मच गया। एहतियात के तौर पर सोमवार रात 8:43 बजे मुंबई एयरपोर्ट पर पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया और विमान को सुरक्षित उतारा गया। फ्लाइट रात करीब 8:50 बजे उतरी और सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत विमान को फिलहाल एक रिमोट बे में पार्क किया गया है। अब विमान की जांच की जा रही है। एयरपोर्ट संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा है। छत्रपति शिवाजी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (सीएसएमआईए), एयरलाइन और सुरक्षा एजेंसियों के साथ सक्रिय रूप से समन्वय कर रहा है। सीएसएमआईए का कहना है कि यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सूत्रों ने बताया कि विमान में 225 यात्री सवार थे। विमान के शौचालय में बम की धमकी वाला नोट मिला था, जिसके कारण विमान को आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। सीएसएमआईए ने एक बयान में कहा, "जयपुर (जेएआई) से मुंबई (बीओएम) जा रहे एक विमान में एक धमकी भरा नोट मिला। एहतियात के तौर पर रात 8:43 बजे मुंबई हवाई अड्डे पर पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया। विमान 8:50 बजे सुरक्षित रूप से उतरा। एयरपोर्ट संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा। बता दें कि इससे पहले, मुंबई से वाराणसी जा रही इंडिगो एयरलाइंस की एक उड़ान को महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग करनी पड़ी। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि उड़ान के दौरान एक बुजुर्ग यात्री की मौत हो गई थी।

## बिहार में महागठबंधन कुछ भी कर ले यहां दाल नहीं गलने वाली : कुशवाहा

**पटना (आईएएनएस)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सोमवार को बिहार की एकदिवसीय यात्रा पर कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।



अब उनकी बिहार यात्रा को लेकर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने तंज कसा है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि जहां-जहां कांग्रेस की सरकार है, वहां जाकर उन्हें बेरोजगार युवकों को नौकरी देने की बात करनी चाहिए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी चुनाव के समय सिर्फ लोगों को आकर्षित करने के लिए ऐसे बयान देती है। राहुल गांधी भी यहां आकर यही कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद 60 साल उनकी सरकार थी। फिर बाद में 15 साल राजद के साथ मिलकर सरकार चलाई। उन्होंने क्या दुर्दशा कर रखी थी, यह बात किसी से छुपी हुई है क्या? वह कुछ भी कर लें, बिहार में महागठबंधन की दाल नहीं गलने वाली है।

## दिल्ली नगर निगम चुनाव : मेयर की कुर्सी पर भाजपा की नजर, आप के लिए बढ़ी मुश्किलें

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) की स्थिति आगामी मेयर चुनाव से पहले कमजोर होती दिख रही है।



अप्रैल में होने वाले मेयर चुनाव को लेकर भाजपा पूरी ताकत झोंक रही है। भाजपा के पास इस समय 131 वोट हैं जबकि बहुमत का आंकड़ा 132-133 है। दूसरी ओर, आप के पास 122 वोट हैं और वह तभी बहुमत तक पहुंच सकती है यदि कांग्रेस और एक निर्दलीय पार्षद उसका समर्थन करें। 2022 के नगर निगम चुनाव में आप ने भाजपा के 15 साल लंबे शासन को खत्म करते हुए बहुमत हासिल किया था। इसके बाद फरवरी 2023 में शेली ओबेरॉय आप की पहली मेयर बनीं और नवंबर 2024 में महेश खीची दूसरे मेयर बने। हालांकि, पार्टी अपने चुनावी वादों पर खरा नहीं उतर पाई है। लैंडफिल हटाने, ठेके के कर्मचारियों को नियमित करने और पार्किंग समस्या के समाधान जैसे प्रमुख वादे अब तक अधूरे हैं।

## वसई में 11 करोड़ 58 लाख रुपये के ड्रग्स के साथ नाइजीरियन नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई (हि.स.)।** वसई के वालीव इलाके में स्थित महेश अपार्टमेंट के दो फ्लैटों में पुलिस ने छापा मारकर करीब 11 करोड़ 58 लाख रुपये की ड्रग्स जब्त की है। इस मामले में पुलिस ने एक नाइजीरियन नागरिक को गिरफ्तार किया है। इस मामले की छानबीन वालीव पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। इस मामले की छानबीन कर रहे पुलिस कर्मी ने मंगलवार को बताया कि वालीव इलाके में ड्रग रखे जाने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इस पर सोमवार को पुलिस ने महेश अपार्टमेंट के तीसरी और चौथी मंजिल पर स्थित दो फ्लैटों में छापा मारकर भारी मात्रा में ड्रग जब्त की है। यहां बरामद ड्रग की कीमत 11 करोड़ 58 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बरामद ड्रग पालघर जिले में बिक्री की जाने वाली थी।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# मुद्रा योजना ने वित्तीय समावेशन को नया आकार दिया : पीएम मोदी



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि 8 अप्रैल को 10 वर्ष पूर्व शुरू की गई प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) जमीनी स्तर पर गरीबों को सशक्त बनाने में सफल रही है। इसके तहत 33 लाख करोड़ रुपये के 52 करोड़ से अधिक लोन दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना का जन्म एक "कार्यकर्ता" के रूप में देश भर में उनकी यात्राओं के परिणामस्वरूप हुआ, जब उन्होंने देखा कि आम जनता को गरीबी से बाहर निकालने के लिए जमीनी स्तर पर लोगों को फंडिंग उपलब्ध कराना जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि इस योजना से देश के फाइनेंशियल सिस्टम का लोकतंत्रीकरण हुआ है। योजना की सफलता को इस तथ्य से भी समझा जा सकता है। मुद्रा योजना के तहत दिए गए कुल लोन में से केवल 3.5 प्रतिशत ही एनपीए हुए हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा, "इकोनॉमिक टाइम्स के साथ अपने इंटरव्यू को साझा कर रहा हूं, जिसमें मैंने मुद्रा योजना की जीवन-परिवर्तनकारी क्षमता के बारे में विस्तार से बताया है और बताया है कि सम्मान और सशक्तीकरण की हमारी यात्रा में यह क्यों एक महत्वपूर्ण योजना बनी हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुद्रा (माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट एंड रिफाइनेंस एजेंसी) योजना को न कि एक अकेली योजना के रूप में एक विशेष संदर्भ में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, "किसी भी सरकारी पद पर आने से पहले ही, मैंने एक कार्यकर्ता के रूप में कई दशकों तक पूरे देश में यात्रा की थी। मैंने हर जगह एक समान बात देखी। हमारी आबादी का एक बड़ा हिस्सा, जैसे गरीब, किसान, महिलाएं और हाशिए पर पड़े वर्ग, विकास की आकांक्षा रखते हैं। साथ ही उनमें उद्यम की भावना, ऊर्जा और लचीलापन भी है, जो एक सफल उद्यमी बनने के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा, "लेकिन, ये वही वर्ग थे, जिन्हें औपचारिक बैंकिंग और वित्तीय प्रणाली से पूरी तरह बाहर रखा गया था। मुझे बताइए, अगर आपके पास बैंक खाता नहीं है, तो क्या आप कभी बैंक जाएंगे? जब लोगों के पास बुनियादी बैंकिंग तक पहुंच भी नहीं थी, तो उद्यमिता के लिए धन जुटाना एक दूर का सपना लगता था। ऐसे में जब लोगों ने 2014 में हमें वोट दिया, तो हमने पूरे वित्तीय ढांचे को लोगों पर केंद्रित और समावेशी बनाने का फैसला किया, ताकि हम उनकी आकांक्षाओं को पंख दे सकें। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुद्रा योजना के माध्यम से हम हर भारतीय को यह संदेश देना चाहते थे कि हमें उनकी क्षमताओं पर भरोसा है। हम उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने की उनकी यात्रा में गारंटी के रूप में खड़े होंगे।

### पीएम मोदी ने मुद्रा योजना को छोटे कर्जदारों के लिए बड़ी सफलता बताया

● मुद्रा योजना के 10 वर्ष

भारत के बैंकिंग क्षेत्र में एनपीए के मुद्दे पर बात करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "इस समस्या पर दो दृष्टिकोण हैं। एक ओर, हमारे पास कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के कार्यकाल का अनुभव है। उस समय, बैंकिंग क्षेत्र एक ऐसी प्रणाली के तहत संचालित होता था, जिसे 'फोन बैंकिंग' के रूप में जाना जाता था। लोन को योग्यता या सख्त वित्तीय मापदंडों के पालन के बजाय राजनीतिक संपर्कों से कॉल के आधार पर स्वीकृत किया जाता था। हम सभी जानते हैं कि इससे ट्विन बैलेंस शीट की समस्या कैसे पैदा हुई। पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी से इस अवधि ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को स्ट्रेस्ड एसेट्स की विरासत से जूझने के लिए छोड़ दिया, जिससे बड़े स्तर पर आर्थिक विकास का समर्थन करने की उनकी क्षमता कम हो गई।

### भागलपुर में 'प्रधानमंत्री मुद्रा योजना' से व्यापारियों को मिली संजीवनी



**2015** में पीएम मोदी के नेतृत्व में शुरू हुई मुद्रा योजना, गरीबों के लिए अवसरों का द्वार

**भागलपुर (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई मुद्रा योजना आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ता हुआ एक सशक्त कदम है। पीएम मोदी के नेतृत्व में इस योजना की शुरुआत वर्ष 2015 में की गई। इस योजना का लाभ लाखों लोगों को हुआ है। बिहार के भागलपुर में रहने वाले छोटे व्यापारियों ने अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए पीएम मोदी की इस सराहनीय योजना का लाभ लिया और अपने व्यापार को एक अलग ऊंचाई तक ले गए। इस योजना के सफलतापूर्वक 10 वर्ष पूरे होने पर कुछ लाभार्थियों ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात की। पीएम मुद्रा योजना के लाभार्थी मनीष भगत ने बताया कि पीएम मोदी द्वारा शुरू की गई यह मुद्रा योजना हम जैसे व्यापारियों के लिए वरदान है। क्योंकि, व्यापार को बढ़ाने के लिए पूंजी की जरूरत होती है और बैंक से लोन लेना भी एक चुनौती होती है। लेकिन, मुद्रा योजना के तहत बैंक से आसानी से लोन मिला। कोई गारंटी नहीं देनी पड़ी।

## सांप्रदायिक विभाजन के जरिए बुनियादी मसलों से भटकाया जा रहा ध्यान : मल्लिकार्जुन खरगे

● अहमदाबाद के सरदार स्मृति भवन में हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक



**अहमदाबाद (हि.स.)**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आज सांप्रदायिक विभाजन के जरिए देश के बुनियादी मसलों से ध्यान भटकाया जा रहा है। दूसरी तरफ सामंती एकाधिकार देश के संसाधनों पर क़ब्ज़ा करते हुए शासन को नियंत्रित करने की राह पर हैं। पिछले कई सालों से तमाम राष्ट्रीय नायकों को लेकर एक सोचा समझा षड्यंत्र चलाया जा रहा है। वह अहमदाबाद में मंगलवार सुबह कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि 140 सालों से देश में सेवा और संघर्ष के गौरवशाली इतिहास वाली कांग्रेस पार्टी के खिलाफ वातावरण बनाया जा रहा है। ये काम वह लोग कर रहे हैं, जिनके पास अपनी उपलब्धियां दिखाने और आजादी को लड़ाई में अपना योगदान बताने को कुछ भी नहीं है।

## दो बार राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित 104 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी भृगुनाथ शर्मा का निधन

**अररिया (हि.स.)**



दो बार राष्ट्रपति डॉ प्रणव मुखर्जी के हाथों सम्मानित जिले के 104 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी डॉ भृगुनाथ शर्मा का सोमवार की देर रात करीब 10:45 बजे पटना के आईजीएमएस में निधन हो गया। पिछले एक सप्ताह से वे बीमार चल रहे थे।चार दिन पहले तबियत बिगड़ने पर उन्हें फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था,जिसके बाद उसे सदर अस्पताल और फिर डीएमसीएच दरभंगा रेफर कर दिया गया था और जब वहां भी तबियत में सुधार नहीं हुआ तो उन्हें पटना आईजीएमएस में भर्ती कराया गया था,जहां उन्होंने इलाज के क्रम में बीती रात 10:45 अंतिम सांस ली। स्वतंत्रता सेनानी भृगुनाथ शर्मा दो-दो बार भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रणव

## दर्दनाक हादसा : ट्रक और कार की टक्कर, दुल्हन सहित चार की मौत

**हाजीपुर (आईएएनएस)**

बिहार के वैशाली जिले के महिसौर थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक ट्रक और कार के बीच हुई टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। कार पर सवार सभी लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। मृतकों में दुल्हन भी शामिल है। मिली जानकारी के मुताबिक, बराटी थाना क्षेत्र के चकललुआ निवासी दीनानाथ कुमार की शादी के लिए कुछ लोग नवगछिया गए थे। नवगछिया में मंदिर में शादी समारोह संपन्न होने के बाद सभी कार से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान महिसौर थाना क्षेत्र के पनसला चौक के निकट एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दुल्हन भी शामिल है।



## सुप्रीम कोर्ट में श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मामले में सुनवाई

**मथुरा (आईएएनएस)**

सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मामले में सुनवाई होगी।



कृष्ण जन्मभूमि से जुड़े दो मामलों में पहला मामला मस्जिद कमेटी द्वारा इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने से जुड़ा था, जिसमें कोर्ट ने एएसआई और केंद्र सरकार को पक्ष बनाने का हिंदू पक्ष का अनुरोध स्वीकार कर लिया था। हालांकि, मस्जिद कमेटी ने हाईकोर्ट के इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई थी और कोर्ट ने मामले को 8 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया था। मुस्लिम पक्ष ने आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) और केंद्र सरकार को पार्टी न बनाए जाने का विरोध किया है। इसके अलावा मुस्लिम पक्ष ने श्री कृष्ण जन्मभूमि से संबंधित सभी केस की एक साथ सुनवाई करने का भी विरोध किया है। कोर्ट में सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष अपनी दलील रखेगा। श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद के पक्षकार एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मामले में कोर्ट नंबर-1 में सुनवाई होनी है। शाही ईदगाह के पक्ष द्वारा एक याचिका दाखिल की गई है, जिसमें विशेष रूप से उनका कहना है कि एएसआई और केंद्र सरकार को पार्टी न बनाया जाए। क्योंकि, उन्हें डर है कि अगर उन्हें पार्टी बनाया गया तो यहां पर प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 लागू नहीं होगा।

जबकि, हाईकोर्ट का निर्देश है कि एएसआई और केंद्र सरकार को इसमें पार्टी बनाया जाए। उन्होंने आगे कहा कि हाईकोर्ट के इसी आदेश को सुप्रीम कोर्ट में ईदगाह मस्जिद की ओर से चुनौती दी गई।

## सुरक्षा के मद्देनजर पुराने फोन सिम कार्ड बदलने की तैयारी

**ब्यूरो**

● सिम कार्ड 2021 से पहले व बाद दोनों से हो सकते हैं

● इन सिम में चीन के बने चिप्स लगे होने की संभावना

● कुछ वेंडर्स ने ट्रस्टेड सोर्स सर्टिफिकेशन का दुरुपयोग किया

● बाद में जांच में पता चला चिप्स वास्तव में चीन से मंगाए गए थे



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक व गृह मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से की गई जांच में सामने आया है कि साइबर सुरक्षा के मद्देनजर आपके फ़ोन में लगे पुराने सिर कार्ड बदलना ज़रूरी है।क्योंकि कुछ सिम काड्र्स में प्रयुक्त चिपसेट्स चीन से आए थे। इसके बाद भारत सरकार मोबाइल फोन में उपयोग हो रहे पुराने सिम काड्र्स को बदलने पर विचार कर रही है। सरकार इस मुद्दे पर विभिन्न पहलुओं की समीक्षा कर रही है और पुराने सिम काड्र्स को बदलने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक ने देश के प्रमुख टेलीकॉम ऑपरेटर्स जैसे रिलायंस जिओ, एयरटेल व वोडाफोन आइडिया के वरिष्ठ अधिकारियों व दूरसंचार मंत्रालय के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस बैठक में सिम कार्ड आपूर्ति प्रक्रिया की खामियों और पुराने सिम काड्र्स को बदलने के लिए एक रूपरेखा पर चर्चा की गई। पहले तो चीन से सामान लाने के लिए पलक पांवड़े बिछाए गए, लेकिन बीते कुछ वर्षों में भारत ने हुआवेई व जेडटीई जैसे चीनी उपकरण निर्माताओं पर प्रतिबंध लगा दिया है। अब राष्ट्रीय सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए सरकार ने नियम बनाया है कि देश में किसी भी प्रकार के टेलीकॉम उपकरण के आयात, बिक्री या उपयोग से पहले उनकी अनिवार्य टेस्टिंग व प्रमाणन किया जाएगा। यह प्रक्रिया यह सुनिश्चित करती है कि जो भी टेलीकॉम उपकरण भारत में उपयोग किए जाएं, वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, प्रदर्शन तथा गुणवत्ता मानकों पर खरे उतरें।लेकिन यहां भी पुष्पम- पत्रम से काम हो जाए तब क्या होगा? यह सवाल है।फिलहाल कहा जा रहा है कि आम तौर पर टेलीकॉम कंपनियां सर्टिफाइड वेंडर्स से सिम काड्र्स मंगवाती हैं। ये वेंडर्स चिप्स को विश्वसनीय स्त्रोतों जैसे वियतनाम या ताइवान से मंगवा कर भारत में ही उनका असेंबली, पैकेजिंग व सीरियलाइजेशन करते हैं, लेकिन जांच में सामने आया कि कुछ वेंडर्स ने ट्रस्टेड सोर्स सर्टिफिकेशन का दुरुपयोग किया। पहले उन्होंने यह दर्शाया कि उनके द्वारा उपयोग किए गए चिप्स विश्वसनीय स्त्रोतों से आए हैं, लेकिन बाद में पता चला कि कुछ चिप्स वास्तव में चीन से मंगाए गए थे। मार्च 2021 में दूरसंचार विभाग ने एकीकृत सेवा लाइसेंस में संशोधन किया था, जिसमें कहा गया था कि टेलीकॉम कंपनियां किसी अविश्वसनीय वेंडर से उपकरण नहीं खरीद सकेंगी। राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक को यह जिम्मेदारी दी गई कि वह केवल विश्वसनीय आपूर्तिकर्ताओं को ही मंजूरी देगा, लेकिन जांच में पाया गया कि कुछ वेंडर्स ने इस प्रणाली का भी दुरुपयोग किया और उनके द्वारा आपूर्ति किए गए चिप्स में चीनी घटक शामिल थे। इसलिए प्रभावित सिम काड्र्स 2021 से पहले और बाद के समय दोनों से जुड़े हो सकते हैं।

## उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की तैयारियां तेज, साइबर ठगों पर विशेष नजर

**देहरादून (आईएएनएस)**

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा 30 अप्रैल से शुरू होने जा रही है। इसकी तैयारियों में प्रशासन जोरशोर से जुटा है। हर साल की तरह इस बार भी बाबा केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। हालांकि, यात्रा शुरू होने से पहले ही साइबर ठग सक्रिय हो गए हैं। इस बार साइबर पुलिस और उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) ने इनसे निपटने के लिए कमर कस ली है। यात्रा के दौरान केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवाएं 2 मई से शुरू होंगी, जब धाम के कपाट खुलेंगे। इसके लिए ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया 8 अप्रैल से शुरू हो रही है। यूकाडा और भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। हेली सेवाओं की बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी की वेबसाइट heliyatra.irctc.co.in पर जाना होगा।









### फर्जी वेबसाइट्स और ठगों के खिलाफ उत्तराखंड साइबर पुलिस की सख्त कार्रवाई, **यात्रियों के लिए कड़ी चेतावनी**

गुप्तकाशी, सिरसी और फाटा से शुरू होने वाली सेवाएं श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन का विकल्प होंगी। यूकाडा के अधिकारी ने बताया कि इस बार सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जाएगी ताकि फर्जीवाड़े को रोका जा सके। पिछले साल भी साइबर ठगों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। हर साल केदारनाथ और हेमकुंड साहिब के लिए हेली सेवाओं का संचालन होता है, लेकिन फर्जी वेबसाइट्स और स्कैमर्स यात्रियों को ठगने में जुट जाते हैं। इसे रोकने के लिए उत्तराखंड साइबर सेल ने प्राथमिकता के आधार पर कई कदम उठाए हैं। वहीं, साइबर पुलिस ने अपील की है कि यात्री केवल उत्तराखंड सरकार की आधिकारिक वेबसाइट के जरिए ही बुकिंग करें। पिछले साल चारधाम यात्रा के नाम पर ठगी करने वाली 80 फर्जी वेबसाइट्स को बंद किया गया था और 30 से अधिक फेक फेसबुक विज्ञापनों को हटाया गया था। इसके अलावा, 50 से ज्यादा बैंक खातों को फ्रीज किया गया था। साइबर पुलिस ने कई ठगों को गिरफ्तार भी किया है, जिनके पास से मोबाइल फोन और लैपटॉप बरामद हुए। पुलिस ने यात्रियों से आग्रह किया है कि ऑनलाइन आधार कार्ड या पैन कार्ड जैसी संवेदनशील जानकारी किसी के साथ शेयर न करें। प्रशासन और पुलिस की सतर्कता से उम्मीद है कि इस बार यात्रा सुचारु और सुरक्षित रहेगी।

## जयपुर में बम रखने वाले चार आतंकवादियों को हाई कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा



**जयपुर (आईएएनएस)।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में 17 साल पहले हुए सीरियल बम धमाकों के दौरान जिंदा मिले बम के मामले में राजस्थान हाई कोर्ट ने मंगलवार को चार आतंकियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला जयपुर के चांदपोल इलाके में रामचंद्र मंदिर के पास मिले एक जिंदा बम से जुड़ा है, जो 13 मई 2008 को हुए सीरियल बम विस्फोटों के बाद बरामद किया गया था। हाई कोर्ट ने चारों आरोपियों शाहबाज हुसैन, मोहम्मद सरवर आजमी, मोहम्मद सैफ और मोहम्मद सफीउर्रहमान को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) की धारा 13 (गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होना) और धारा 18 (आतंकी साजिश) के तहत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। चार दिन पहले, गत 4 अप्रैल को सीरियल ब्लास्ट मामले की सुनवाई कर रही विशेष अदालत ने इन चारों आरोपियों को दोषी करार दिया था। मंगलवार को सजा पर बहस के बाद हाई कोर्ट ने उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई।



### क्राउन प्रिंस शेख हमदान से पीएम मोदी की हुई मुलाकात

# यूएई-भारत संबंधों की मजबूती मिल गई : शेख

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

दुबई के क्राउन प्रिंस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के डिप्टी पीएम और रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद अल मकतूम ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक की। वह भारत की दो दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को नई दिल्ली पहुंचे हैं। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, "दुबई के क्राउन प्रिंस महामहिम शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम से मिलकर खुशी हुई। दुबई ने भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह विशेष यात्रा हमारी गहरी दोस्ती की पुष्टि करती है और भविष्य में और भी मजबूत सहयोग का मार्ग प्रशस्त करेगी। वहीं क्राउन प्रिंस ने एक्स पर लिखा, "आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करके खुशी हुई। हमारी बातचीत ने यूएई-भारत संबंधों की मजबूती की पुष्टि की, जो विश्वास पर आधारित है, इतिहास द्वारा आकारित है, तथा अवसरों, इनोवेशन और स्थायी समृद्धि से भरा भविष्य बनाने के साझा दृष्टिकोण से प्रेरित है। दुबई के क्राउन प्रिंस के रूप में शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की यह पहली आधिकारिक भारत यात्रा है और उनके साथ कई मंत्री, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और एक उच्च स्तरीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी आया है।

### क्राउन प्रिंस की भारत यात्रा: विदेश मंत्री और रक्षा मंत्री से हुई बैठकें

प्रधानमंत्री मोदी ने गणमान्य अतिथि के सम्मान में दोपहर के भोज का आयोजन किया और क्राउन प्रिंस ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ भी बैठकें कीं। इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने क्राउन प्रिंस का स्वागत किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, "दुबई के क्राउन प्रिंस और यूएई के डिप्टी पीएम और रक्षा मंत्री महामहिम शेख हमदान मोहम्मद का भारत की पहली आधिकारिक यात्रा के दौरान स्वागत करते हुए मुझे बेहद खुशी हो रही है। हमारे व्यापक सहयोग और जीवंत संबंधों के लिए उनकी सकारात्मक भावनाओं की सराहना करता हूं। दिल्ली के बाद, क्राउन प्रिंस मुंबई का दौरा करेंगे और दोनों पक्षों के प्रमुख व्यापारिक नेताओं के साथ एक व्यापार गोलमेज सम्मेलन में भाग लेंगे। इस बातचीत से भारत-यूएई आर्थिक और वाणिज्यिक सहयोग मजबूत होगा।

# कनाडा में "बायकाट अमेरिकन, बाय कैनेडियन" आंदोलन से अमेरिकी कंपनियां परेशान

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** तानाशाह प्रवृति वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ आतंक का अमेरिका पर ही उल्टा पड़ने का असर दिखने लगा। कनाडा में "बायकाट अमेरिकन, बाय कैनेडियन" आंदोलन तेज़ हो गया है। जिसके कारण कनाडाई खरीदार स्थानीय रूप से बने उत्पादों की मांग कर रहे हैं। अमेरिकी उत्पाद नहीं बिकने के कारण कनाडा के खुदरा विक्रेता अमेरिकी कंपनियों के सामान मंगाना , रखना बंद करने लगे हैं।इससे अमेरिकी कंपनियों को घाटा होने लगा है। इन कंपनियों के मालिकान परेशान हैं लेकिन तानाशाह शासक के आगे उनकी एक नहीं चल रही है। अब उनमें से ज्यादातर को पछतावा हो रहा है कि किस सनकी प्रवृत्ति के आदमी को वोट दिया।ऐसा ही ज्यादातर देशों के लोगों को होता है, जब वे ऐसे प्रवृति वाले घमंडी नेताओं को जीता कर राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री बना देते हैं।हालत यह है कि कनाडा के व्यापारी अब अमेरिकी कंपनियों के पेय पदार्थों व अन्य खुदरा ग्रासरी सामानों के ऑर्डर रद्द करने लगे हैं। जिसके चलते कनाडा के "बाय कैनेडियन" अभियान ने अमेरिकी-आधारित उपभोक्ता कंपनियों के कार्यकारी कार्यालयों में चिंता की नई लहरें पैदा कर दी हैं, जो कनाडाई खुदरा दुकानदारों पर अपने उत्पाद बेचने पर निर्भर थीं। इस बारे में सीईओ जेसिका हंग का कहना है कि कैलिफोर्निया स्थित डायपर निर्माता पैरासोल कंपनी जनवरी से ही अपने डायपर और बेबी वाइप्स की बिक्री को कनाडा में नए खुदरा विक्रेताओं तक बढ़ाने के लिए एक वितरक के साथ काम कर रही थी, जिसमें सुविधा स्टोर भी शामिल हैं। लेकिन, मार्च की शुरुआत में वितरक, जिसका नाम हंग ने बताने से मना कर दिया, ने कनाडा में बढ़ती अमेरिकी विरोधी भावना के कारण सौदे पर काम रोक दिया।

हंग ने वितरक का जिक्र करते हुए कहा, "उन्हें एक खुदरा विक्रेता द्वारा किसी भी अमेरिकी ब्रांड लॉन्च को रोकने का निर्देश दिया गया था।" "उन्होंने हमें बताया कि जब बाजार की स्थिति अनुमति देगी तो वे पुनर्मूल्यांकन करेंगे।" हंग ने कहा, "इस तरह के व्यवधान की हम कभी उम्मीद नहीं करते।" "मैंने अब तक ऐसा होते हुए कभी नहीं सुना। यह निश्चित रूप से काफी प्रतिकूल है।" इस तरह कनाडा की खुदरा बिक्री केन्द्रों का एक नाटकीय फेरबदल कनाडा में देशभक्ति उपभोक्तावाद के प्रभाव को दर्शाता है, जिसने 2024 में संयुक्त राज्य अमेरिका से लगभग $350 बिलियन के उत्पादों का आयात किया, जिससे यह उसका सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन गया। कनाडा को अपने साथ मिलाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हमले, कनाडा से स्टील व एल्युमीनियम पर 25% शुल्क लगाने और देश से अन्य सभी आयातों पर कर लगाने की धमकियों ने कई कनाडाई दुकानदारों के बीच अमेरिकी निर्मित उत्पादों से परहेज करने के लिए एक रैली को प्रेरित किया है। पैरासोल, जो अपने उत्पादों को मुख्य रूप से ऑनलाइन और यू.एस. में टारगेट स्टोर्स पर बेचता है, कनाडाई खरीदारों के लिए अपने पैकेजों को फ्रेंच में लेबल करने पर काम कर रहा था, हंग ने कहा। उन्होंने कहा कि उन्होंने पहले ही यह निर्णय लेना शुरू कर दिया है कि कौन से विशिष्ट उत्पाद अब रद्द हो चुके कनाडा वितरण समझौते का हिस्सा होंगे। सेंट-जीन-सुर-रिचेली यू, क्यूबेक की एक माँ और स्वास्थ्य बीमा पेशेवर, शॉपर रेबेका एसेलिन, कनाडाई उत्पादों की अपनी खोज के बारे में अपनी कहानी साझा करने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग कर रही हैं। उन्होंने रॉयटर्स को बताया कि उन्होंने हाल ही में मॉन्कटन, न्यू ब्रंसविक के इरविंग पर्सनल केयर द्वारा निर्मित रॉयल डायपर खरीदना शुरू किया, जो कनाडा में बेबी डायपर और ट्रेनिंग पैंट के एकमात्र निर्माताओं में से एक है। "मैंने पहले कभी नहीं सोचा था कि डायपर कहाँ बनाए जाते हैं, लेकिन जाहिर है, कनाडा में बने डायपर मिलना मुश्किल है। यह हमारे लिए एक बड़ा बदलाव है।" इरविंग पर्सनल केयर ने कहा कि पूरे कनाडा के खुदरा विक्रेता वितरण बढ़ाने पर चर्चा करने के लिए संपर्क कर रहे हैं।इरविंग पर्सनल केयर के व्यावसायिक संचालन के उपाध्यक्ष जेसन मैकएलिस्टर ने रॉयटर्स को बताया, "कनाडा में निर्मित एकमात्र ब्रांडेड बेबी डायपर के रूप में, हमारे साप्ताहिक शिपमेंट में चार गुना वृद्धि हुई है।" पेय और खट्टे फल निर्यात कंपनियों का कहना है कि बाय कैनेडियन आंदोलन केवल एक डायपर व्यवसाय को ही बाधित नहीं कर रहा है, बल्कि अमेरिका से पेय और खट्टे फल भी प्रभावित हो रहे हैं। मार्च की शुरुआत में, जैक डैनियल के निर्माता ब्राउन फॉर्मन ने कनाडा के शराब की दुकानों से अमेरिकी बोरबॉन और व्हिस्की को हटाने को कनाडा के प्रतिशोधी टैरिफ से भी बदतर और ट्रम्प के शुल्कों के प्रति असंगत प्रतिक्रिया कहा। कैलिफोर्निया के खट्टे फल निर्यात से परिचित एक सूत्र ने मार्च की शुरुआत में रॉयटर्स को बताया कि कनाडाई खुदरा विक्रेताओं ने अपने ऑर्डर रद्द कर दिए हैं। लॉस एंजिल्स, कैलिफोर्निया में स्थित जीटी के लिविंग फूड्स के पूर्व बिक्री प्रमुख और अपने सिनर्जी कोम्बुचा उत्पादों के लिए जाने जाने वाले, ने कहा कि वॉलमार्ट सहित कनाडा के खुदरा विक्रेता टैरिफ अनिश्चितता के कारण कम उत्पादों के लिए ऑर्डर दे रहे हैं। मार्च के मध्य तक कंपनी के बिक्री के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे डैनियल बुकोव्स्की ने कहा, "वॉलमार्ट कनाडा, लोब्लाव्स, मेट्रो और सोबे के वितरकों ने हमें बताया कि वे दो ट्रक उत्पादों के बजाय एक ट्रक खरीदेंगे, क्योंकि खुदरा विक्रेता सतर्क हैं और वे यह देखने के लिए इंतजार कर रहे हैं कि यह कैसे काम करेगा।" वॉलमार्ट ने कहा कि यह "इन अनिश्चित समय के दौरान आगे बढ़ने का सबसे अच्छा तरीका खोजने के लिए आपूर्तिकर्ताओं के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगा।" लोब्लाव्स और सोबे ने टिप्पणी के लिए रॉयटर्स के अनुरोधों का जवाब नहीं दिया। मेट्रो ने कहा कि यह जब भी संभव हो स्थानीय कनाडाई उत्पादों को प्राथमिकता देता है। एक प्रवक्ता ने कहा, "हमारा इरादा टैरिफ लागू होने पर अमेरिकी उत्पादों को अपनी अलमारियों से हटाने का नहीं है, हम वर्तमान में जिस तरह से मूल्यांकन करते हैं, उसी तरह से सभी उत्पाद लिस्टिंग का मूल्यांकन करेंगे, ताकि सर्वोत्तम मूल्य और उत्पाद पेश किए जा सकें।" पेंसिल्वेनिया में परफ्यूम बनाने वाली एक छोटी पारिवारिक स्वामित्व वाली और संचालित कंपनी डेमेटर फ्रेगरेंस ने कहा कि उसने 2025 में कनाडा में विस्तार करने की अपनी योजना को रोक दिया है। डेमेटर फ्रेगरेंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क क्रेम्स ने कहा, "कनाडाई भावना अमेरिकी उत्पाद से दूर हो गई है।" "परिणामस्वरूप, यह एक व्यर्थ प्रयास की तरह लगता है और, हमने बस इस पहल को खत्म कर दिया।" वाइस प्रेसिडेंट ट्रेसी हेस के अनुसार, रिस्पॉन्स और लस्टर शीन हैंड क्लीनिंग उत्पादों की एक कनाडाई निर्माता ग्रिम ईटर प्रोडक्ट्स लिमिटेड, वर्षों से कैनेडियन टायर को अपने उत्पादों को स्टॉक करने के लिए असफल प्रयास कर रही थी। बाय कैनेडियन आंदोलन के फैलने के साथ, उन्होंने कहा, "भविष्य आशाजनक लग रहा है।" ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्हें कनाडा में 504 स्टोर के संचालक कैनेडियन टायर के एक खरीदार से पता चला कि वह अपनी कंपनी के अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी, फास्ट ऑरेंज, जो कि परमेटेक्स द्वारा निर्मित एक हैंड क्लीनर ब्रांड है, की पेशकश को कम करने पर विचार कर रही थी। परमेटेक्स और कैनेडियन टायर तुरंत टिप्पणी करने के लिए उपलब्ध नहीं थे। यह आलेख एक स्वचालित समाचार एजेंसी फ़ीड से बिना किसी संशोधन के तैयार किया गया है।





### युवा पीढ़ी को लगने लगी है डिग्रियां अप्रासंगिक, बेरोजगारी से हो रहे हताश

# नशे की गिरफ्त में हरियाणा-हिमाचल-राजस्थान-दिल्ली व पंजाब के बहुत से नौजवान

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली ।** भारत में बढ़ती बेरोजगारी की हालत यह हो गई है कि आधी जनसंख्या देश के सकल घरेलू उत्पादन में कोई योगदान नहीं देती। इसमें बुजुर्ग व वे महिलाएं भी हैं जो घर व बाहर दोनों जगह मोर्चा संभाल रही हैं। लेकिन उन्हें अपने ही खेतों या घरों में काम करने पर कोई भुगतान नहीं किया जाता। देश की आधी जनसंख्या कार्य योग्य है, लेकिन उसे सही ढंग से काम नहीं मिलता। देश में रोजगार की कोई गारंटी नहीं।अभी कृत्रिम मेधा और इंटरनेट शक्ति का बोलबाला हो गया है। देश डिजिटल और स्वचालित हो रहा है, लेकिन विद्यालयों में इसके अनुरूप न तो पाठ्यक्रम बदलते हैं और न ही प्रशिक्षित और प्रवीण अध्यापक रखे गए हैं। इसलिए युवा पीढ़ी को अपनी डिग्रियां अप्रासंगिक लगने लगी हैं। इन डिग्रियों से वे इस समय कोई अच्छी नौकरी नहीं पा सकते। नतीजा, वे अवसादग्रस्त हो रहे हैं। कुछ समय बाद वे खुद को नशे के दलदल में पाते हैं। इससे वे बाहर नहीं निकलते, क्योंकि उन्हें कोई विकल्प नजर नहीं आता। देश में आत्महत्या के मामले बढ़े हैं। इनमें किसान हैं, तो नौजवान भी, जिन्हें मेहनत करने पर भी बेहतर जिंदगी नहीं मिलती। नतीजतन, वे नशे की गिरफ़्त में चले जाते हैं। हर राज्य में नशे के सौदागरों और तस्करों ने अपने साम्राज्य खड़े कर लिए हैं। हर तालाब में बड़ी मछली से प्रेरित छोटी मछलियां उनका हुक्म बजा रही हैं। पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय के अनुसार हम इस देश की युवा शक्ति को जिंदा लाश नहीं बनने दे सकते।चाहे हरियाणा हो या हिमाचल, राजस्थान , दिल्ली या पंजाब या महाराष्ट्र सब जगह बड़ी संख्या में नौजवान नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। ड्रोन की सहायता से घुसपैठ कर नशीले पदार्थों के पैकेट गिराए और पहुंचाए जा रहे हैं। हैरत की बात है कि जेलों में बंद माफिया व तस्कर भी इस अवैध व्यापार में शामिल हैं। इस सांठगांठ में शामिल काली भेड़ें प्रशासनिक और राजनीतिक व्यवस्था में सरेआम विचरती हैं। इस तरह नशे का कारोबार लगातार फलता-फूलता है और नौजवान नशे के एक शिखर से दूसरे शिखर तक छलांग लगाते हुए अपने आप को मौत के हवाले कर देता है।पिछले दिनों पंजाब में नशे के विरुद्ध महाअभियान चलाने का प्रण लिया गया। पुलिस बल जगह-जगह लगातार छापे मार रहे हैं। इस छापामारी में न केवल करोड़ों के नशीले पदार्थ बरामद हुए, बल्कि कई बड़े तस्कर भी पकड़े गए। इस अभियान को एक महीना हो चुका है। अब तक इस नशा-विरोधी अभियान में, जिसे शुरू में इसे 'आपरेशन सील' नाम दिया गया, इस दौरान 2384 प्राथमिकियां दर्ज की गईं। अभियान के तहत 4142 तस्कर गिरफ्तार किए गए और 146.3 किलो हेरोइन जब्त हुई। इसके साथ अफीम, चूरा पोस्त और नशीली गोलियां आदि पकड़ी गईं। पंजाब पुलिस तस्करों की अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर कार्रवाई कर रही है। पहले पंजाब के कुछ सांसदों ने इस कार्रवाई पर सवाल किया था, लेकिन बाद में इसका समर्थन कर दिया। इस कार्रवाई के बाद और नशे को जड़ से उखाड़ने का संकल्प करने के बावजूद, जो भी तस्कर पकड़े जाते हैं, उनमें से दंडित होने वालों की संख्या बहुत कम है।अभी नशे के सौदागरों के जो अड्डे सामने आए हैं, उनमें से कुछ तो स्कूलों में भी पाए गए। अभी हरियाणा के मुख्यमंत्री ने भी नशे के विरुद्ध एक कार्यक्रम का आयोजन किया था। हिमाचल में चौंकाने वाली बात यह है कि वहां कुछ इलाकों में जो तस्कर गिरफ्तार किए गए उनमें से नब्बे फीसद नशे का धंधा कर रहे थे। प्रतिदिन सीमा पार से तस्करी करने वाले गिरोह के भंडाफोड़ होते हैं। राजस्थान की सीमा तक से। इसको चाहे सभी राज्य एक चुनौती के रूप में स्वीकार कर रहे हैं, लेकिन पंजाब ने तो इसे अपने प्रमुख एजंडे में रखा है। पंजाब व राजस्थान जैसे इलाकों में अवैध शराब निकालने का धंधा भी बड़े जोर-शोर से किया जाता है।



### कहानी फिल्म जगत की

## 7 साल बाद ताहिरा कश्यप को फिर से हुआ कैंसर

निर्देशक, लेखिका और अभिनेता आयुष्मान खुराना की पत्नी ताहिरा कश्यप, जो कैंसर से उबर चुकी हैं, ने इंस्टाग्राम पर साझा किया है कि उनका ब्रेस्ट कैंसर फिर से उभर आया है और वह "राउंड 2" के लिए तैयार हैं।




2018 में ताहिरा कश्यप को ब्रेस्ट कैंसर का पता चला था और उन्होंने इंस्टाग्राम पर खुलकर इस बारे में बताया था।

## ताहिरा कश्यप पर ब्रेस्ट कैंसर का दोबारा हमला

कैंसर से लंबी लड़ाई लड़ने वाली ताहिरा कश्यप एक बार फिर इस गंभीर बीमारी की चपेट में आ गई हैं। 7 साल पहले वह ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही थीं और उससे उबर भी गई थीं। सोमवार को ताहिरा ने इंस्टाग्राम पर एक नोट लिखकर दुनिया को बताया कि वह फिर से कैंसर से जूझ रही हैं। गौरतलब है कि आज विश्व स्वास्थ्य दिवस पर ताहिरा अपनी स्वास्थ्य स्थितियों के बावजूद सकारात्मकता फैलाने से पीछे नहीं हटीं।

### ब्रेस्ट कैंसर : क्यों होता है दोबारा

ब्रेस्ट कैंसर तब होता है जब असामान्य कोशिकाएं ब्रेस्ट के दूध नलिकाओं या लोब्यूल्स में अनियंत्रित रूप से बढ़ती हैं। अगर इलाज न किया जाए, तो ये कोशिकाएं आस-पास के ऊतकों में फैल सकती हैं और गांठ या मोटापन पैदा कर सकती हैं। यशोदा मेडिसिटी के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी के वाइस चेयरमैन डॉ. गगन सैनी ने कहा, "ब्रेस्ट कैंसर तब दोबारा हो सकता है जब कुछ कैंसर कोशिकाएं रेडिएशन, कीमोथेरेपी या हॉरमोनल थेरेपी के इलाज के बावजूद जीवित रहती हैं।



## तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर आ रहे मुख्य चुनाव आयुक्त

# रामगढ़ व रांची में वालेंटियर और बीएलओ से मिलेंगे

*वालेंटियर एवं बीएलओ से मिलकर संपन्न लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन में जानेंगे उनका अनुभव*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार 11 से 13 अप्रैल तक तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त रामगढ़ एवं रांची के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार निर्वाचन सदन में मुख्य चुनाव आयुक्त के झारखंड भ्रमण की तैयारियों की समीक्षा बैठक कर रहे थे।

के. रवि कुमार ने बताया कि 12 अप्रैल को रामगढ़ में मुख्य चुनाव आयुक्त लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन 2024 में भाग लेने वाले वालेंटियर से मुलाकात करेंगे। इस दौरान वह वालेंटियर का निर्वाचन के दौरान हुए अनुभवों को जानेंगे। वहीं 13 अप्रैल को रांची के दशम फॉल में बीएलओ से मुलाकात करेंगे एवं दुर्गम क्षेत्रों में उनके प्रयासों को जानेंगे। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त बीएलओ द्वारा निर्वाचन के दौरान हाउस टू हाउस सर्वे, बीएलओ ऐप, मतदान का समय प्रबंधन इत्यादि के विषय में उनके अनुभवों को जानेंगे।

के. रवि कुमार ने समीक्षा बैठक के दौरान सभी संबंधित पदाधिकारियों को मुख्य चुनाव आयुक्त के दौरे से सम्बन्धित कार्यों को आवंटित करते हुए उसके बेहतर अनुपालन के निर्देश दिए। उन्होंने रामगढ़ एवं रांची में के कार्यक्रम स्थलों पर तैयारियों का निरीक्षण करते हुए उसे ससमय पूर्ण कर लेने को कहा।

इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, रांची के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, रांची एसएसपी चंदन कुमार मौजूद थे। वहीं वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रामगढ़ जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त चंदन कुमार सहित निर्वाचन के पदाधिकारी बैठक से जुड़े थे।

## लायंस क्लब का निशुल्क नेत्र जांच 10 अप्रैल को

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल एवं भगवान महावीर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में विशेष निशुल्क नेत्र जांच 10 अप्रैल समय 10:00 से 3:00 तक अल्बर्ट एक्का चौक पर शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर मे प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञों द्वारा नेत्र जांच और पीड़ित मरीजों का लैंस प्रत्यारोपण एवं फेंकी विधि द्वारा मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेश भगवान महावीर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में किया जाएगा। ऑपरेशन के दौरान रांची से बाहर वाले मरीजों के लिए रहने एवं खाने की निशुल्क व्यवस्था भगवान महावीर हॉस्पिटल एंड रिसर्च बरियातू मे है। इच्छुक लाभार्थी समय पर पहुंचकर अपना पंजीकरण करवाएं। यह सेवा विशेष रूप से जरूरतमंद एवं वृद्धजनों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। विशेष जानकारी के लिए विजय कुमार जैन 9835908100, अमित शर्मा 9835903000, शैलेश अग्रवाल 7549000001 से संपर्क कर सकते है।

# रांची सभी धर्म के पर्वों की एकता की मिसाल बनी, जिला प्रशासन ने जताया आभार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची एक बार फिर सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक एकता की मिसाल बन गया। वर्ष 2025 में होली, ईद, सरहुल, चैती दुर्गा पूजा और रामनवमी जैसे विविध त्योहारों को रांचीवासियों ने न केवल श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया, बल्कि एक-दूसरे के पर्वों में सहभागी बनकर भाईचारे की अनूठी मिसाल पेश की।



जिला प्रशासन की सूझबूझ, समन्वय और सजगता ने इन सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण और भव्य रूप से संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाई। सुरक्षा व्यवस्था से लेकर स्वच्छता, प्रकाश, चिकित्सा और तकनीकी निगरानी तक, हर पहलू को बारीकी से संभाला गया। शांति समितियों की सक्रियता, सोशल मीडिया की सतर्क निगरानी और संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती ने पर्वों के उल्लास को निर्बाध बनाये रखा।

इन आयोजनों से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उच्च स्तरीय बैठकों में अधिकारियों को असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखने और अफवाहों पर रोक लगाने के निर्देश दिये थे, जिसका क्रियान्वयन धरातल पर साफ दिखाई दिया।

होली, ईद में विभिन्न समुदायों की मौजूदगी ने भाईचारे को और मजबूत किया। आदिवासी संस्कृति का प्रतीक सरहुल पर्व अपनी शोभायात्राओं और लोक उल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें सभी धर्मों व समुदायों के लोग शामिल हुए। चैती दुर्गा पूजा और रामनवमी के भव्य जुलूसों ने रांची की सड़कों को भक्ति और ऊर्जा से भर दिया। प्रशासन ने इस सहयोग के लिए महावीर मंडल, श्रृंगार समिति, तपोवन मंदिर समिति, डोरंडा व महानगर महावीर मंडल, केंद्रीय सरना समिति और सेंट्रल मोहर्रम कमेटी सहित सभी धार्मिक-सामाजिक संगठनों को आभार और बधाई दी है।

साथ ही प्रशासन ने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल और सोशल मीडिया की भूमिका की भी सराहना की, जिन्होंने सकारात्मक और जिम्मेदार पत्रकारिता के जरिए जनभावनाओं, सौहार्द और सांस्कृतिक एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।

इस क्रम में पुलिस बल, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग और अन्य प्रशासनिक इकाइयों के सभी कर्मचारियों व अधिकारियों को भी उनके कर्तव्यनिष्ठ सहयोग के लिए धन्यवाद और शुभकामनाएं दी गई।

## अनिल कुमार मिश्रा बने रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे का स्थानांतरण डाल्टेनगंज कर दिया गया है। वहीं जमशेदपुर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा को रांची का प्रधान न्यायायुक्त बनाया गया है।



दिवाकर पांडे का स्थानांतरण सिर्फ एक साल दो महीने के अंतराल में कर दिया गया है। वह सिविल कोर्ट रांची के न्यायायुक्त के पद पर 7 फरवरी 2024 को योगदान दिए थे। जानकारी हो कि अनिल कुमार मिश्रा सिविल कोर्ट रांची के सीबीआई और पीएमएलए कोर्ट में करीब तीन साल जज रह चुके हैं। झारखंड हाईकोर्ट ने रांची समेत जमशेदपुर और डाल्टेनगंज सिविल कोर्ट के जिला न्यायाधीशों का स्थानांतरण सह पोस्टिंग की अधिसूचना जारी कर दी है। ट्रांसफर-पोस्टिंग की अधिसूचना जारी होने के बाद इन्हें अविलंब नए पदस्थापन वाली जगह पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है। सूची के मुताबिक, रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय को डाल्टेनगंज जिले का प्रधान जिला न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही जमशेदपुर सिविल कोर्ट के प्रधान जिला न्यायाधीश के पद पर कार्यरत अनिल कुमार मिश्रा को रांची सिविल कोर्ट का प्रधान न्यायायुक्त नियुक्त किया गया है। वहीं गिरिडीह सिविल कोर्ट के प्रधान जिला न्यायाधीश अरविंद कुमार पांडेय को जमशेदपुर सिविल कोर्ट का प्रधान जिला न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

# मारवाड़ी महाविद्यालय के कर्मचारियों ने की परिषद के कार्यकर्ता के साथ हाथापाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रांची महानगर का एक प्रतिनिधिमंडल महानगर सह मंत्री हर्ष राजपूत के नेतृत्व में महाविद्यालय के विभिन्न विषयों को लेकर मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य से मिलने के लिए गए। इसी क्रम में महाविद्यालय के कर्मचारियों के द्वारा दुर्व्यवहार एवं हाथापाई कड़ी निंदा की विषय है जहां विद्यार्थियों ज्ञान और पठन-पाठन के कार्य के लिए जाते हैं जहां शिक्षक एवं कर्मचारी अभिभावक के रूप में है विद्यार्थियों को स्नेह देने के कार्य करते है वहीं दूसरी ओर महाविद्यालय में इस प्रकार की हाथापाई जैसी घटना की हम भर्त्सना करते है।



विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता रांची विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के समक्ष कार्यकर्ताओं ने मारवाड़ी में कर्मचारियों के दुर्भाग्यपूर्ण व्यवहार को लेकर आंदोलन किया गया साथ ही साथ उन सभी दोषी कर्मचारियों के ऊपर कार्यवाही करने की मांग रांची विश्वविद्यालय के कुलपति के साथ वार्ता कर डॉ अजीत सिन्हा को त्वरित कार्यवाही की मांग की गई।

महानगर मंत्री तुषार दुबे ने कहा कि मारवाड़ी महाविद्यालय की यह तानाशाही कर्मचारियों की रवैया आज की नई नहीं है उन्होंने जब-जब विद्यार्थियों के हित को लेकर के परिषद आंदोलन कर रहा होता तब महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा पाली गई गुंडे विद्यार्थियों के ऊपर अपने क्रूर व्यवहार से विद्यार्थियों का हित दबाने का प्रयास करते हैं।

मौके पर विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक रोहित शेखर, शुभम पुरोहित, अनिकेत सिंह,प्रियांशु श्रीवास्तव ऋषिकेश भारद्वाज, हर्ष राजपूत, शिवम लोहार, अंशुल उज्जैन, रोशनी मुंडा उपस्थित रहे।

## फायरिंग मामले में जमीन कारोबारी कमलेश कुमार को मिली जमानत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस अंबुज नाथ की अदालत ने मंगलवार को सहयोगियों से फायरिंग करवाने समेत अन्य आरोपों में जेल में बंद कांके के जमीन कारोबारी कमलेश कुमार की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई पश्चात अदालत ने दो निजी मुचलके पर जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। दाखिल याचिका पर हाईकोर्ट के अधिवक्ता अमन कुमार राहुल ने बहस की थी। बहस सुनने के बाद अदालत ने जमानत की सुविधा प्रदान की। उसने जमानत की गुहार लगाते हुए 15 जनवरी को याचिका दाखिल की थी। उक्त मामले में वह 22 अगस्त 2024 से जेल में है। उक्त मामले में कमलेश कुमार पर गैरमजरूआ जमीन पर कब्जे को लेकर उसके गुर्गों व सहयोगियों



द्वारा फायरिंग करने के आरोप में कांके के चामा गांव निवासी परनु उरांव ने कांके थाना में 4 जुलाई 2024 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मनी लाउंड्रिंग के आरोप में ईडी ने कमलेश कुमार को 26 जुलाई 2024 को गिरफ्तार कर जेल भेज था। जेल जाने के बाद उसे कांके थाना कांड संख्या 195/2024 में 22 अगस्त 2024 को रिमांड पर लिया गया था।

## विस्थापित अप्रेंटिसशिप आंदोलनकारियों पर दर्ज केस हटाए सीएम : विजय

**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने बीएसएल प्रबंधन द्वारा 500 आंदोलनकारियों पर प्राथमिकी दर्ज करने पर अपने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि बीएसएल प्रबंधन प्रशासन ने आंदोलन को दबाने के लिए जानबूझकर अतिरिक्त सख्ती की है जो शत प्रतिशत अन्याय है।



जहां विस्थापित युवाओं की मांग पर विचार करने के बजाय केस दर्ज करना उनकी आवाज को कुचलने जैसा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ बीएसएल प्रबंधन के तरफ से सीआईएसएफ और बीएसएल के जवानों ने एक विस्थापित युवक को लाठी से पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। वहीं दूसरी ओर 500 युवाओं के साथ आन्दोलित अप्रेंटिस संघ पर केस भी करती है जो न्यायोचित नही है । हेमंत सोरेन सरकार इस अन्याय के प्रति थोड़ा सजग होकर संज्ञान ले। वहीं विस्थापित अप्रेंटिसशिप आंदोलनकारियों पर दर्ज केस हटाए।

## नवीनतम तकनीक तसर रेशम कृषकों और बुनकरों तक पहुंचेगा : निदेशक

### बांका में आयोजित होगा तसर रेशम कृषि मेला



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय रेशम बोर्ड केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रांची एवं हस्तकारघा एवं रेशम निदेशालय, उद्योग विभागपटना के संयुक्त तत्वाधान में बांका अवस्थित टाउनहॉल में तसर रेशम कृषि मेला का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्घाटन अंशुल कुमार जिला पदाधिकारी, बांका द्वारा किया जाएगा।

इस मेले का उद्देश्य तसर रेशम उद्योग की नवीनतम तकनीकियों एवं बारीकियों को तसर रेशम कृषकों के साथ बुनकरों तक पहुंचाना है। निदेशक डॉ एनबी चौधरी ने बताया कि इस मेले में तसर रेशम कृषकों हेतु एक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निदेशकडॉ एनबी चौधरी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र,बांका शंभु कुमार पटेल, प्रणय कुमार, अग्र परियोजना अधिकारी एवं वैज्ञानिकों की टीम ने बांका जनपद के विभिन्न क्षेत्रों का परिभ्रमण किया एवं तसर रेशम उद्योग की गतिविधियों का अवलोकन किया।

विदित हो कि बांका जिला तसर उत्पादन के लिए पूरे बिहार राज्य में प्रसिद्ध है एवं सिल्क सिटी भागलपुर के नजदीक है अतः तसर रेशम उद्योग की असीम संभावना है।

# कामदा एकादशी पर श्री श्याम मंदिर में भक्तों की लगी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को कामदा एकादशी के विशेष दिन के अवसर पर सुबह 5:00 बजे मंदिर के पट खुलते ही भक्तों की भीड़ लगी रही। 5:30 बजे की मंगला आरती में नियमित दिनो के भक्तों के अतिरिक्त एकादशी दर्शनार्थी भक्त का भी रेला लगा रहा। सुबह के श्रृंगार आरती 8:30 बजे के बाद भक्तगण अपनी अर्जी के साथ बाबा के दरबार में हाजिरी लगाते हुए दिखे। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर के प्रति भक्तों की आस्था दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। भक्तों में ऐसा मान्यता हो गई है कि इस दरबार में अर्जी लगाने पर बाबा उनकी अर्जी जरूर स्वीकार करते हैं और उनकी मनोकामना की पूर्ति शीघ्र अति शीघ्र करते हैं । एकादशी का दिन श्याम भक्तों के लिए विशेष दिन होता है । 12:15 बजे की विश्राम आरती के बाद 12:30 बजे मंदिर के पट लगा दिए गए। दोपहर के विश्राम के बाद बाबा श्याम का द्वितीय अनुपम संध्या श्रृंगार किया गया । कोलकाता से मंगाए गए लाल गुलाब रजनीगंधा तुलसीदल लाल गेंदा फूल की मोटी मोटी मालाओं से बाबा श्याम को अद्भुत रूप से सजाया गया। मंगलवार का दिन होने से आज



बालाजी महाराज को भी अनुपम रूप से श्रृंगार करके सजाया गया।

आज 148 वे श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा की अखंड ज्योति नरेश अग्रवाल पुष्पा अग्रवाल ने अपने परिवार के साथ प्रज्ज्वलित कर केसरिया पेडा फल चना गिरीगोला चढ़कर बालाजी महाराज के समक्ष अपनी मनोकामना अर्जी लगाई।

फल प्रसाद सेवा राजेश जायसवाल चना सेवा श्रवण ढानढनिया केसरिया पेडा सेवा पुष्पा देवी पोद्दार गिरीगोला सेवा मुकेश मित्तल द्वारा निवेदित की गई।

इसके बाद नरेश अग्रवाल ने श्री रामचरितमानस का पूजा वंदन करके पाठ वाचक मनीष शर्मा ओम शर्मा को तिलक लगाया। सामूहिक रूप से इसके बाद सभी भक्तों ने बालाजी महाराज का हनुमान चालीसा पाठ प्रारंभ कर श्री सुंदरकांड के पाठ का गायन किया। सुंदरकांड पाठ के साथ बीच-बीच में भजनों का गायन भी किया गया एवं समापन के बाद पुनः हनुमान चालीसा पाठ एवं आरती की गई। आरती के बाद भक्तों के बीच प्रसाद फल वितरण किया गया।

सुंदरकांड पाठ के बाद ग्वाल आरती 7:00 बजे प्रारंभ हुई। ग्वाल आरती में भक्तों का भीड़ एवं उमंग देखते ही बन रहा था। एकादशी संकीर्तन का मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ।

मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया मंत्री श्याम सुंदर शर्मा मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया सलज अग्रवाल सोनू अनुज मोदी अशोक शर्मा साकेत ढांढनिया किशन शर्मा दिनेश अग्रवाल रोशन खेमका लोकेश जालान आदि सभी ने बाबा के दरबार में भजनों की हाजिरी लगाकर अपने आराध्य को मनाया। देर रात्रि आरती के साथ एकादशी संकीर्तन का समापन किया गया। नवीन पोशाक संध्याकालीन विशेष श्रृंगार केसरिया पेडा पंचमेवा व फल की सेवा नरेश पुष्पा अग्रवाल अभय कुमार शिल्पी अग्रवाल के द्वारा रबड़ी प्रसाद सेवा अन्नपूर्णा सरावगी गिरीगोला सेवा मुकेश मित्तल मगही पान सुभाष रौनक पोद्दार मुकेश बरनवाल द्वारा निवेदित की गई थी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू मंत्री श्यामसुंदर शर्मा कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया उपमंत्री अनिल नारनौली रतन शर्मा राजेश कतारुका वेदभूषण जैन आदि सैकड़ो भक्तों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की हुई समीक्षा

**अड़की।** प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो की अध्यक्षता में अड़की के सभागार भवन में प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजना की समीक्षा और एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पंचायत सचिव, सीएससी कर्मी, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, और मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड खूंटी के जिला उद्यमी समन्वयक आतेन विशवासी तोपनो ने भाग लिया ।कार्यक्रम में प्रखण्ड उद्यमी समन्वयक अड़की, खूँटी, कर्रा, मुरहू और प्रखंड के सभी वीएलई जन प्रतिनिधियों को जल्द से जल्द प्रथम चरण में लंबित आवेदनों को सत्यापन कर द्वितीय चरण में अग्रसारित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही छूटे हुए योग्य लाभुकों का पंजीकरण प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से नाम जोड़ कर सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। इस दौरान प्रशिक्षण में शामिल मुखियाओं को उनकी निष्क्रिय हो चुकी आईडी को सक्रिय करने के लिए कहा गया। मुखिया और वीएलई को प्रथम स्तर से आवेदनों को द्वितीय स्तर पर अग्रसारित करने के लिए विशेष जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड उद्यमी समन्वयक संतोष कुमार सोनी, इमैनुअल मुंडा और लुकिन मुंडा आदि लोग उपस्थित रहे।

## पृष्ठ एक के शेष

**राज्य के उद्योगों को राहत...**

पदों पर भर्ती नियमावली, 2025 के गठन की स्वीकृति दी गई।

**ग्रासरूट इनोवेशन इंटर्नशिप योजना को मिली स्वीकृति :** झारखंड ग्रासरूट्स इनोवेशन इंटर्नशिप योजना की स्वीकृति दी गई। इस योजना का विस्तार सभी पंचायतों में किया जाएगा। हर पंचायत में चार प्रशिक्षकों को नामित किया जाएगा। 17380 छात्रों को प्रतिवर्ष चुना जाएगा। गर्मी छुट्टी में इंटर्नशिप कराया जाएगा। प्रशिक्षण की अवधि में 10 हजार रुपए स्टाइपन भी दिए जाएंगे। दो किस्तों में इसका भुगतान होगा।

**एविएशन टरबाइन फ्यूल के वैट दर में संशोधन :** कैबिनेट की बैठक में एविएशन टरबाइन फ्यूल के वैटर दर में संशोधन को स्वीकृति दी गई। इसके तहत इसे चार फीसदी से बढ़ाकर 12 फीसदी किये जाने की स्वीकृति दी गई। झारखंड अवर शिक्षा सेवा संवर्ग (प्राथमिक शाखा) के पदाधिकारियों को राज्य शिक्षा सेवा वर्ग-2 (निरीक्षी शाखा) के पद पर भूतलक्षी प्रभाव से प्रोन्नति की स्वीकृति दी गई।

**स्वास्थ्य बीमा योजना से प्राप्त क्लेम की राशि बेहतर प्रबंधन में लगाई जाएगी :** सरकारी अस्पतालों द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य बीमा योजना से अधिकतम क्लेम की राशि प्राप्त कर अस्पतालों के बेहतर प्रबंधन एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को इंडियन पब्लिक हेल्थ के मानक के अनुरूप करने के लिए अस्पताल प्रबंधन के लिए मार्ग-निर्देश निर्गत करने की स्वीकृति दी गई। इसके तहत क्लेम की राशि से हॉस्पिटल के बेहतर प्रबंधन के लिए खर्च किया जाएगा। जिसमें 15 फीसदी प्रोत्साहन राशि और 85 फीसदी राशि से कंस्लटेंट, रखरखाव पर खर्च किए जाएंगे।

**हरमू नदी व बड़ा तालाब की...**

है। वहीं, रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने पैरवी की, जबकि राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता जय प्रकाश ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि जलस्त्रोतों के अतिक्रमण व साफ-सफाई से संबंधित प्रकाशित खबर को झारखंड हाइकोर्ट ने गंभीरता से लेते हुए उसे जनहित याचिका में तब्दील कर दिया था। पूर्व में कोर्ट ने सरकार को राज्य के सभी जिलों में जलस्त्रोतों के संरक्षण, अतिक्रमण, जल की स्थिति आदि के बारे में अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था।

**ईडी पहुंची बिरसा मुंडा केंद्रीय...**

कर जबरन ईडी के अफसरों ने हस्ताक्षर कराए। ईडी के समक्ष दिया गया बयान बिना पूछे लिखा हुआ था, जिस पर जबरन हस्ताक्षर लिये गए। प्रवीण की स्वीकारोक्ति में जिक्र है कि कमलेश कुमार के द्वारा दिए गए झूठे बयान के आधार पर लिखे बयान पर ईडी ने हस्ताक्षर करवा लिए थे।

## झारखंड हाई कोर्ट ने रांची नगर निगम के आदेश को किया निरस्त

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की खंडपीठ ने मंगलवार को शहर के दो रूफ टॉप बार और रेस्टोरेंट के खिलाफ रांची नगर निगम (आरएमसी) की ओर से जारी नोटिस मामले में सुनवाई की। सुनवाई के बाद अदालत ने आरएमसी के आदेश को निरस्त कर दिया। अदालत ने कहा कि आरएमसी वैसे मामले में ही कार्रवाई कर सकती है, जिस संरचना से दुर्घटना की संभावना है। इस संबंध में ग्रीका किचन एवं बार और प्राना लाउंज ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। आरएमसी ने दोनों पर अवैध निर्माण का आरोप लगाकर रूफ टॉप बार एंड रेस्टोरेंट बंद करने का आदेश दिया था। सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने अदालत को बताया कि दोनों बार एवं रेस्टोरेंट जिस भवन में चल रहे हैं, उसका नक्शा आरएमसी से स्वीकृत है।

# एक व्यक्ति, एक पद के सिद्धांत को लागू करे झामुमो : प्रतुल शाहदेव

*पार्टी संविधान में संशोधन का सिर्फ नाटक हो रहा*

*झामुमो का अगला कार्यकारी अध्यक्ष एससी या ओबीसी समुदाय से बने*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के 14-15 अप्रैल को होने वाले 13वें अधिवेशन पर पार्टी के संविधान में संशोधन के प्रयास पर कटाक्ष किया है। प्रतुल ने झामुमो से कहा है कि अगर पार्टी सच में लोकतांत्रिक और प्रजातांत्रिक मूल्यों पर विश्वास करती है तो वह अपने संविधान में एक व्यक्ति एक



पद का सिद्धांत लागू करे। प्रतुल ने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा इतना हिम्मत कभी नहीं जुटा सकती। वर्तमान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं। हेमंत सोरेन कभी नहीं चाहेंगे कि पार्टी पर उनकी पकड़ ढीली हो। इसलिए इस तरह के पार्टी के संविधान संशोधन की झामुमो में कोई संभावना नहीं। जबकि ऐसे बदलाव पार्टी के आंतरिक लोकतंत्र के लिए अत्यंत जरूरी है।

प्रतुल ने कहा की सोरेन परिवार के आधा दर्जन से ज्यादा सदस्य सांसद, विधायक या पार्टी के विभिन्न पदों पर काबिज हैं। एक ही परिवार का पूरी तरीके से पार्टी पर कब्जा है। प्रतुल ने कहा कि झामुमो पिछड़ों और अनुसूचित जाति समुदाय को भी हक देने की बात करती है।अब समय आ गया है कि पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष का पद इन्हीं समुदायों में से किसी एक को मिले। प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री पद पर विराजमान हेमंत सोरेन को बड़ा हृदय दिखाना चाहिए और एससी या ओबीसी समुदाय से किसी व्यक्ति को कार्यकारी अध्यक्ष का पद देना चाहिए।

प्रतुल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा, ये कोई नहीं बता सकता। लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा का अगला अध्यक्ष और अगला कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन परिवार से ही होगा। प्रजातांत्रिक मूल्यों पर चलने वाली पार्टियों और परिवारवादी पार्टियों में यही फर्क होता है। प्रतुल ने कहा कि झामुमो ने पूरे तरीके से अपने सांगठनिक चुनाव को लेकर जनता की आंखों में धूल झोंका है। कांके रोड से जो आदेश आता है, उसका अनुपालन जिला ही नहीं ब्लॉक लेवल तक की कमेटी में किया गया।झारखंड मुक्ति मोर्चा का सांगठनिक चुनाव महज आईवॉश बनकर रह गया।

## आज का मैच

गुजरात टाइटन्स Vs राजस्थान रॉयल्स

दिनांक: 06 अप्रैल रविवार | स्थान: कोलकाता | 7:30 बजे से

## IPL 2025-अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|
| एसआरएच | 05 | 01 | 04 | 02 |
| आरसीबी | 04 | 03 | 01 | 06 |
| पीके | 03 | 02 | 01 | 04 |
| सीएसके | 04 | 01 | 03 | 02 |
| डीसी | 03 | 03 | 00 | 06 |
| एलएसजी | 05 | 03 | 02 | 06 |
| एमआइ | 05 | 01 | 04 | 02 |
| जीटी | 04 | 02 | 02 | 04 |
| केकेआर | 04 | 02 | 02 | 04 |
| आरआर | 04 | 02 | 02 | 04 |

# लखनऊ ने केकेआर को चार रन से हराया

## रहाणे का अर्धशतक और रिंकू की कोशिश गई बेकार

**कोलकाता।** मिशेल मार्श (81) और निकोलस पूरन (नाबाद 87) की आतिशी पारियों की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने कोलकाता नाईट राइडर्स को उसके ही घरेलू मैदान में मंगलवार को रोमांचक आईपीएल मुकाबले में मात्र चार रन से हरा दिया।

लखनऊ ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 238 रन का विशाल स्कोर बनाया और फिर जबरदस्त संघर्ष में केकेआर को सात विकेट पर 234 रन पर रोक दिया। लखनऊ की पांच मैचों में यह तीसरी जीत है जबकि केकेआर को पांच मैचों में तीसरी हार का सामना करना पड़ा। लखनऊ के निकोलस पूरन को उनकी आतिशी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।



लखनऊ की पांच मैचों में यह तीसरी जीत है

केकेआर के सामने एक बड़ा लक्ष्य था लेकिन रहाणे और नारायण द्वारा एक बढ़िया शुरूआत दिलाने के बाद केकेआर मुकाबले में आ गई थी और फिर वेंकटेश अय्यर ने भी रहाणे का पूरा साथ दिया, हालांकि रहाणे के आउट होने के बाद तस्वीर आहिस्ता-आहिस्ता बदलने लगी और मैच अंत में लखनऊ के पाले में आ गया। रहाणे ने 35 गेंदों में आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 61 रन ठोके, सुनील नारायण ने 13 गेंदों में चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 30 रन और वेंकटेश अय्यर ने 29 गेंदों में छह चौकों और एक छक्के की मदद से 45 रन बनाये।

अंत में रिंकू सिंह ने 15 गेंदों में छह चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 38 रन ठोके लेकिन टीम को जीत की मंजिल पर नहीं ले जा पाए। हर्षित राणा 10 रन पर नाबाद रहे। लखनऊ के गेंदबाजों ने 20 वाइड सहित 22 अतिरिक्त रन भी दिए लेकिन टीम अंततः जीत हासिल करने में सफल रही। रिंकू ने पारी के आखिरी ओवर में तीन चौके और एक छक्का ठोका लेकिन जीत कोलकाता से चंद कदम दूर रह गई।

इससे पहले कोलकता ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसका फायदा उठाते हुए लखनऊ ने ओपनिंग साझेदारी में 10.2 ओवर में 99 रन जोड़े। लखनऊ के दोनों ओपनरों मार्श और एडन मारक्रम ने आतिशी अंदाज में गेंदबाजों की पिटाई की। मारक्रम 28 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 47 रन बनाकर आउट हुए।

इसके बाद मार्श और पूरन ने गेंदबाजों को पीटने का सिलसिला जारी रखा। मार्श ने 48 गेंदों पर 81 रन में छह चौके और पांच छक्के लगाए। पूरन ने टूनामेंट की अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी। पूरन ने मात्र 36 गेंदों पर नाबाद 87 रन में सात चौके और आठ छक्के मारे।

## आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार पर स्लो ओवर रेट के कारण लगा जुर्माना



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) के 21वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। यह आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत आरसीबी का इस सीजन का पहला अपराध था। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पहली बार आरसीबी की कप्तानी कर रहे रजत पाटीदार ने टीम को शानदार शुरूआत दिलाई है। उनके नेतृत्व में टीम ने अपने पहले चार मैचों में से तीन में जीत हासिल की है। खास बात यह है कि ये जीतें कोलकाता नाइट राइडर्स चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस जैसी दिग्गज टीमों के खिलाफ रही हैं, वो भी उनकी होम ग्राउंड पर।

## हॉकी इंडिया ने खिलाड़ियों की देखभाल के लिए तैनात किया अतिरिक्त सपोर्ट स्टाफ

**नई दिल्ली।** खिलाड़ियों की सेहत और फिटनेस को प्राथमिकता देते हुए हॉकी इंडिया ने 15वीं सीनियर पुरुष हॉकी नेशनल चैंपियनशिप 2025 के लिए अतिरिक्त सपोर्ट स्टाफ उत्तर प्रदेश के झांसी में भेजा है। इसमें एक फिजियोथेरेपिस्ट और एक मसाज थैरेपिस्ट शामिल हैं, जो राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों को टूनामेंट के दौरान तुरंत मेडिकल सहायता और रिकवरी सपोर्ट प्रदान कर रहे हैं। इस बार की सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में कुल 31 भारतीय पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इनमें हार्दिक सिंह, जर्मनप्रीत सिंह, कृष्ण बहादुर पाठक, अभिषेक, अमित रोहिदास, सुमित, गुरजंत सिंह और संजय जैसे दिग्गज नाम हैं। हॉकी इंडिया का यह कदम इसलिए भी अहम है, क्योंकि अधिकतर राज्य टीमों के पास अपने फिजियो या मेडिकल स्टाफ नहीं होते, जबकि राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ी प्रोफेशनल सेटअप के आदी होते हैं।

# विराट कोहली टी20 में 13,000 रन पूरे किए

### ऐसा करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बने



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 (आईपीएल 2025) में सोमवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए एक अहम मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज विराट कोहली ने एक और ऐतिहासिक मुकाम हासिल कर लिया। सोमवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलते हुए कोहली टी20 क्रिकेट में 13,000 रन पूरे करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं।

**टी20 में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज:**
क्रिस गेल (वेस्टइंडीज) : 14562 रन
एलेक्स हेल्स (इंग्लैंड) : 13610 रन
शोएब मलिक (पाकिस्तान) : 13557 रन
कीरोन पोलार्ड (वेस्टइंडीज) : 13537 रन
विराट कोहली (भारत) : 13000 रन

## एक नजर

### मानसिकता में बदलाव कोहली के लिए बहुत कारगर साबित हो रहा है: गावस्कर

**मुंबई।** भारतीय बल्लेबाजी लीजेंड सुनील गावस्कर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की मुंबई इंडियंस पर 12 रन की जीत में विराट कोहली की 67 रन की पारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि पारी की शुरूआत में ही लॉफ्टेड शॉट खेलने की दाएं हाथ के बल्लेबाज की मंशा उनके लिए बहुत कारगर साबित हुई। कोहली ने 42 गेंदों पर 67 रन की शानदार पारी खेलकर आरसीबी की अगुआई की, जो इस सीजन का उनका दूसरा अर्धशतक है, जबकि कप्तान रजत पाटीदार ने 32 गेंदों पर 64 रन और जितेश शर्मा ने 21 गेंदों पर 40 रन की तेज पारी खेलकर मेहमान टीम को एमआई के खिलाफ 221/5 का मजबूत स्कोर बनाने में मदद की। कोहली ने शानदार खेल दिखाते हुए जसप्रीत बुमराह का स्वागत मिड-विकेट पर छक्का लगाकर किया और फिर विग्नेश पुथुर पर छक्का मारकर सीजन का अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया।

### पावरप्ले में हमारा खेल है चिंता का विषय : जयवर्धने



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस (एमआई) के मुख्य कोच माहेला जयवर्धने ने माना कि पावरप्ले बल्ले और गेंद दोनों से टीम के लिए चिंता का विषय है। एमआई को सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 12 रनों से हार का सामना करना पड़ा, जो आईपीएल 2025 में पांच मैचों में उनकी चौथी हार है और जयवर्धने चाहते हैं कि पांच बार की चैंपियन टीम निर्दयी बने और बहुत देर होने से पहले अनुशासन न खोए। जयवर्धने ने सोमवार को मैच के बाद कहा, ₹पावरप्ले हमारे लिए गेंद और बल्ले दोनों से चिंता का विषय है। पिछले कुछ मैचों में भी, हम पावरप्ले में गेंद से बहुत अधिक रन लुटा रहे थे।

## जमशेदपुर एफसी की डिफेंस को भेदकर फाइनल में पहुंचा मोहन बागान

**कोलकाता।** लीग शील्ड विजेता मोहन बागान सुपर जायंट की टीम इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 के फाइनल में पहुंच गई है, जहां उनका मुकाबला 12 अप्रैल को अपने घरेलू मैदान पर बेंगलुरू एफसी से होगा। मोहन बागान सुपर जायंट ने सोमवार रात विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेले गए आईएसएल 2024-25 के दूसरे सेमीफाइनल के दूसरे चरण के मुकाबले में जमशेदपुर एफसी को 2-0 से हराया और 3-2 के कुल गोल अंतर के जरिये लगातार तीसरे खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। मेजबान टीम की जीत में ऑस्ट्रेलियाई फॉरवर्ड जैसन कमिंग्स ने 51वें मिनट में पेनल्टी किक के जरिये और मिडफील्डर अपुया ने 90+4वें मिनट में इस सीजन का अपना पहला गोल किया। अपुया को निर्णायक गोल करने और मिडफील्ड में भरपूर मेहनत करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। घरेलू मैदान पर मोहन बागान सुपर जायंट की शानदार जीत से स्पेनिश हेड कोच जोस मोलिना निश्चित रूप से प्रसन्न होंग।

# राजस्थान के गेंदबाजों के सामने गुजरात के बल्लेबाजों की परीक्षा



एजेंसी

**अहमदाबाद।** आईपीएल 2025 में बुधवार को शुभमन गिल की गुजरात टाइटंस (जीटी) अपने घर में राजस्थान रॉयल्स का सामना करेगी। जीटी इस समय बहुत ही अच्छी लय से गुजर रही है। उनके सभी खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं, दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने भी पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत हासिल करके जीत का रास्ता पकड़ लिया है। गिल और सैमसन की टीमों के बीच धमाकेदार मुकाबला देखने को मिलेगा। इस मैच से जुड़ी टीम न्यूज और संभावित पर नजर डालते हैं।

गुजरात के खेमे को कैगिसो रबाडा की कमी खलेगी जो निजी कारणों से दक्षिण अफ्रीका लौट चुके हैं। गुजरात ने पिछले मैच में वॉशिंगटन सुंदर को चौथे नंबर पर भेजकर एक बहुत बड़ा तरुप का इक्का चला था। इस मैच में भी वॉशिंगटन को मौका मिल सकता है

**गुजरात टाइटंस संभावित टीम :** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जॉस बटलर (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया/शेरफेन रदरफोर्ड, अरशद खान, राशिद खान, साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा

राजस्थान के लिए अच्छी बात यह है कि उनके ओपनर यशस्वी जायसवाल फॉर्म में लौट आए हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ उन्होंने 67 रनों की अहम पारी खेली थी, जिसकी वजह से टीम 200 से अधिक रन बनाकर जीत हासिल कर पाई थी।

## विल पुकोव्स्की ने 27 की उम्र में क्रिकेट को कहा अलविदा



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के युवा बल्लेबाज विल पुकोव्स्की ने महज 27 साल की उम्र में क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। बार-बार सिर में चोट (कंकशन) लगने के कारण उन्हें यह कठिन निर्णय लेना पड़ा। पुकोव्स्की ने मेलबर्न के एक रेडियो शो में अपने रिटायरमेंट की घोषणा की और इसे अपने जीवन की सबसे बड़ी निराशा बताया।

**एक टेस्ट का सपना और असमय अंत**

विल पुकोव्स्की ने साल 2021 में भारत के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था और उन्हें ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में लंबे समय तक ओपनिंग करने वाले बल्लेबाज के रूप में देखा जा रहा था। लेकिन कंकशन की लगातार समस्याओं ने उनके करियर को समय से पहले ही खत्म कर दिया। उनका आखिरी मैच मार्च 2024 में तस्मानिया के खिलाफ शैफील्ड शील्ड में था, जहां राइली मेरेडिथ की बाउंसर से उन्हें गंभीर चोट लगी थी।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# 'पीएम मुद्रा योजना' महिलाओं को आर्थिक विकास में योगदान देने में सक्षम बना रही : वित्त मंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि यह जानकर खुशी हो रही है कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत कुल ऋण खातों में से लगभग 68 प्रतिशत महिलाओं को स्वीकृत किए गए हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि यह योजना सशक्तीकरण का एक साधन बन गई है और महिलाओं को राष्ट्रीय आर्थिक विकास में योगदान देने में सक्षम बनाती है। इसके साथ ही पीएमएमवाई महिला उद्यमियों की अगली पीढ़ी को प्रेरित भी करता है। योजना के प्रभाव की सराहना करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 8 अप्रैल, 2015 को शुरू की गई पीएमएमवाई, पूरे भारत में छोटे और सूक्ष्म उद्यमियों को सशक्त बनाने के 10 शानदार वर्षों का जश्न मना रही है।

वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, पीएमएमवाई गैर-कॉर्पोरेट और गैर-कृषि आय-उत्पादक गतिविधियों के लिए 10 लाख रुपए तक का आसान, कोलेटरल-फ्री लोन प्रदान करता है।

महत्वाकांक्षी उद्यमियों के लिए समर्थन को मजबूत करने के लिए, वित्त मंत्री ने केंद्रीय बजट 2024-25 के दौरान लोन लिमिट को बढ़ाकर 20 लाख रुपए करने की घोषणा की।

नई घोषित लोन कैटेगरी, तरुण प्लस, विशेष रूप से उन लोगों के लिए डिजाइन की गई है, जिन्होंने पहले तरुण कैटेगरी के तहत ऋण लिया है और सफलतापूर्वक चुकाया है, जिससे उन्हें 10 लाख रुपए से 20 लाख रुपए के बीच धन प्राप्त करने की अनुमति मिलती है। इसके अलावा, माइक्रो यूनिट्स के लिए क्रेडिट गारंटी फंड (सीजीएफएमयू) अब इन बढ़े हुए लोन के लिए गारंटी कवरेज प्रदान करेगा, जो देश में एक मजबूत उद्यमशीलता इकोसिस्टम को पोषित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा।

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, 52 करोड़ से अधिक मुद्रा लोन अकाउंट के लिए 33.65 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। यह योजना करोड़ों उद्यमियों, विशेष रूप से समाज के वंचित वर्गों से जुड़े लोगों की आकांक्षाओं को पंख देने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई है।



बजट 2024-25 की घोषणा के अनुरूप, पिछले साल 20 लाख रुपए की बढ़ी हुई लोन लिमिट के साथ तरुण-प्लस कैटेगरी की शुरूआत से संपन्न उद्यमियों को विस्तार और अपनी पूरी क्षमता का इस्तेमाल करने में मदद

## वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कोई कमी नहीं : केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि इस समय विश्वभर में कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है। अपनी बात पर जोर देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा, पहले भारत 27 देशों से कच्चा तेल खरीदता था, जो अब बढ़कर 39 देश हो गए हैं। कुछ महीने पहले हमें अर्जेंटीना से एक खेप मिली, जिससे अब कुल 40 देशों से कच्चे तेल की खरीद हो गई है। इस समय वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है।



केंद्रीय मंत्री पुरी ने आगे कहा कि वेस्टर्न हेमिस्फीयर से भी और तेल आ रहा है। उन्होंने कहा, हाल ही में मैंने ब्राजील का उदाहरण दिया। इसके अलावा, यूएस जहां पहले 13 मिलियन बैरल कच्चा तेल एक दिन में उत्पादित हो रहा था, अब 1.6 मिलियन बैरल अतिरिक्त तेल उत्पादित किया जाएगा। हमें केवल अभी धैर्य रखने की जरूरत है। तेल की कोई कमी नहीं है।

उन्होंने आगे कहा, जैसा कि पहले भी बताया गया था कि कच्चे तेल का दाम कम हुआ है। हाल ही में जब मैं पत्रकारों से मिला था तो यह दर 61.80 के आसपास आ गई थी। अगर यह कीमत 61 से 65 भी हो जाती है तो ऑयल मार्केटिंग कंपनी के पास समायोजन करने के लिए कुछ गुंजाइश होगी।

## आरबीआई एमपीसी के फैसलों से पहले भारतीय शेयर बाजार ने की दमदार वापसी

### सेंसेक्स 1,089 अंक बढ़ा

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,089 अंक या 1.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,227 और निफ्टी 374 अंक या 1.69 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,535 पर था।

बाजार में तेजी का नेतृत्व मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने किया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,028 अंक या 2.11 प्रतिशत की तेजी के साथ 49,838 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 321 अंक या 2.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 15,389 पर था।



सभी सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी और एनर्जी इंडेक्स सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे। भारतीय शेयर बाजार की शुरूआत तेजी के साथ हुई थी। सुबह 9:42 पर सेंसेक्स 982 अंक या 1.34 प्रतिशत की तेजी के साथ 74,120 और निफ्टी 303 अंक या 1.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,465 पर था। आरबीआई एमपीसी के फैसलों का ऐलान गवर्नर संजय मल्होत्रा द्वारा बुधवार को किया जाएगा। माना जा रहा है कि केंद्रीय बैंक रेपो रेट में 25 आधार अंक की कटौती कर सकता है। इसमें अर्थव्यवस्था की स्थिति की बारे में भी जानकारी दी जाएगी। सेंसेक्स पैक में टाइटन, बजाज फाइनेंस, एसबीआई, एलएंडटी, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, जोमैटो, इन्फोसिस, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा टॉप गेनर्स थे।

## जनवरी-मार्च में टाटा मोटर्स की वैश्विक थोक बिक्री में 3 प्रतिशत की गिरावट

**मुंबई।** टाटा मोटर्स ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही के लिए अपनी वैश्विक थोक बिक्री में 3 प्रतिशत की गिरावट की जानकारी दी, जबकि कंपनी की लग्जरी कार यूनिट जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) की बिक्री में मामूली वृद्धि दर्ज की गई। तिमाही के दौरान जेएलआर सहित समूह की कुल थोक बिक्री 3,66,177 यूनिट रही। यह पिछले वर्ष की समान तिमाही में बेची गई 3,77,432 यूनिट से कम है। टाटा देवू रेंज सहित कंपनी के वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 3 प्रतिशत घटकर 1,07,765 यूनिट रह गई। कंपनी के यात्री वाहनों की बिक्री भी पिछले वर्ष की तुलना में 6 प्रतिशत घटकर 1,46,999 यूनिट रही। हालांकि, जेएलआर ने वैश्विक बिक्री में 1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ समग्र रुझान को उलट दिया। मार्च तिमाही में जेएलआर ने 1,11,413 वाहन बेचे। इसमें से लैंड रोवर ने 1,04,343 यूनिट्स का योगदान दिया, जबकि जगुआर ने 7,070 यूनिट्स बेचीं। यह बिक्री अपडेट मार्च में समाप्त तिमाही और पूरे वर्ष के लिए टाटा मोटर्स के वित्तीय परिणामों से पहले आया है।

